राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 15
लखनऊ, शनिवार 13 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में रोजगार की अपार सम्भावनाएं : केशव प्रसाद मौर्य 03

पत्नी से विवाद में युवक ने दो पर झोंका फायर, ससुर घायल 10


### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,11,430/ |
| 22 कैरेट | = | 10,2150/ |
| 18 कैरेट | = | 83,610/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,32,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी समेत 28 के खिलाफ आरोप तय

**कोलकाता।** एसएससी ग्रुप 'सी' भर्ती घोटाले में सीबीआई की ओर से दर्ज मामले में शुक्रवार को बड़ा कदम उठाया गया। अलीपुर अदालत ने पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी समेत कुल 28 आरोपितों के खिलाफ चार्जफ्रेम किया। सुनवाई के दौरान पार्थ चटर्जी अस्पताल से वर्चुअल माध्यम से पेश हुए। उन्होंने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि वे राजनीतिक साज़िश का शिकार हुए हैं और अदालत से उन्हें राहत देने की अपील की। अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि पार्थ चटर्जी, शांतिप्रसाद सिंह (पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा परिषद के पूर्व सलाहकार) और कल्याणमय गंगोपाध्याय (परिषद के पूर्व अध्यक्ष) की मदद से भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताएं हुई थीं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए पार्थ चटर्जी ने कहा कि उन्होंने किसी की नौकरी के लिए सिफ़ारिश नहीं की, बल्कि जिन लोगों को नियुक्त किया गया, वे सभी योग्य उम्मीदवार थे।

### केदारनाथ धाम में 15 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**देहरादून।** केदारनाथ में इस वर्ष की यात्रा के आरंभ से लेकर अब तक कुल 15,07,957 से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। अब भी प्रतिदिन हजारों की संख्या में देश-विदेश से श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंच रहे हैं। यात्री सुविधाओं को सुदृढ़ करने और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के लिए पुलिस, प्रशासन व संबंधित विभागों की टीमें मुस्तैदी से तैनात हैं। धाम में और पैदल मार्गों पर व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग जिला प्रशासन और बदरी-केदार मंदिर समिति की की जा रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर यात्रा में सम्मिलित हो रहे हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य, चिकित्सा, पेयजल, बिजली, संचार, आवास, भोजन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

### मौसम का आकलन करने के बाद शुरू होगी वैष्णो देवी यात्रा

**कटरा।** मां वैष्णो देवी यात्रा मार्ग का मरम्मत कार्य अंतिम चरण में है और जल्द ही यात्रा शुरू करने की तैयारी है। यात्रा स्थगित होने के कारण आधार शिविर कटरा में सन्नाटा पसरा है और दुकानदार भक्तों का इंतजार कर रहे हैं। खराब मौसम और पवित्र तीर्थस्थल तक जाने वाले मार्ग के आवश्यक रखरखाव के कारण अस्थायी रूप से स्थगित यात्रा अनुकूल मौसम का आकलन करने के बाद 14 सितंबर से फिर शुरू होगी। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुताबिक भवन परिसर के साथ अन्य धार्मिक स्थलों की साफ सफाई तथा रंग रोगन का कार्य तेजी से जारी है। श्राइन बोर्ड का अधिकतर स्टाफ भी तैनात कर दिया गया है। शारदीय नवरात्रों में भवन को सजाने की तैयारी है। मां के भक्तों की इंतजार की घड़ियां समाप्त होने को हैं।

### आईएनएस अरावली नए नौसैनिक अड्डे के रूप में कमीशन

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की मौजूदगी में आईएनएस अरावली को नवीनतम नौसैनिक अड्डे के रूप में कमीशन किया गया है। गुरुग्राम में भारत का नया स्वदेशी नेवल बेस समंदर से 1100 किमी दूर रहकर नौसेना को नई ताकत देगा। यह युद्धपोत समंदर से दूर रहकर गुरुग्राम से सूचना तकनीक के माध्यम से अत्याधुनिक तालमेल सेंटर के रूप में काम करेगा, जिसमें तमाम सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की भी जुगलबंदी होगी।

### ब्राजील : तख्तापलट में पूर्व राष्ट्रपति को 27 साल की जेल

**ब्रासीलिया।** ब्राज़ील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो (70) को सैन्य तख्तापलट की साजिश रचने का दोषी पाए जाने पर 27 साल तीन महीने जेल की सजा सुनाई गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के पाँच न्यायाधीशों के एक पैनल ने पूर्व राष्ट्रपति को दोषी ठहराए जाने के कुछ ही घंटों बाद यह सजा सुनाई।

## नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं सुशीला कार्की, छह माह में होंगे चुनाव

**▸ राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शीतल निवास में दिलाई शपथ**

एजेंसी

**काठमांडू।** सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला अंतरिम पीएम बन गई हैं। उन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार रात राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में शपथ दिलाई।

फिलहाल किसी और को मंत्री नहीं बनाया गया है। राष्ट्रपति ने ऐलान किया है कि अगले छह महीनों के भीतर संसद का नया चुनाव कराया जाएगा। वहीं, जेन-जेड नेताओं ने इस सरकार



में शामिल होने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि वे सरकार में शामिल नहीं होंगे, लेकिन सरकार के कामकाज की निगरानी करेंगे। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला चीफ जस्टिस भी रह चुकीं हैं। उन्होंने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से पॉलिटिकल साइंस में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है।

## चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने उप राष्ट्रपति पद की ली शपथ

**▸ राष्ट्रपति मुर्मु ने समारोह में राधाकृष्णन को दिलाई पद की शपथ**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** श्री चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को देश के 15वें उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में श्री राधाकृष्णन को पद की शपथ दिलायी।

इससे पहले श्री राधाकृष्णन के उप राष्ट्रपति निर्वाचित होने से संबंधित निर्वाचन आयोग का प्रमाण पत्र



पढ़कर सुनाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पूर्व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड, वेंकैया नायडू, हामिद अंसारी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्री प्रकाश नड्डा, नितिन गडकरी और कई अन्य केन्द्रीय मंत्री तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। श्री धनखड़ के स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा देने के बाद 9 सितम्बर को उप राष्ट्रपति का चुनाव कराया गया था। इस चुनाव में केंद्र में सत्तारूढ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार रहे श्री राधाकृष्णन निर्वाचित घोषित किये गये थे। उन्होंने विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के बड़े अंतर से हराया। राधाकृष्णन अब तक महाराष्ट्र के राज्यपाल थे। चार मई, 1957 को तमिलनाडु के तिरुप्पुर में जन्मे श्री राधाकृष्णन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक हैं। उन्होंने अपना सार्वजनिक जीवन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में शुरु किया और अब वह देश के उप राष्ट्रपति चुने गये हैं।

**स्वयंसेवक के रूप में शुरु किया था सार्वजनिक जीवन**

श्री राधाकृष्णन ने सार्वजनिक जीवन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक के रूप में शुरु किया और सन 1974 में भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य बने। उन्हें 1996 में तमिलनाडु में भाजपा का सचिव नियुक्त किया गया। वे 1998 में कोयंबटूर से पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए। वर्ष 1999 में वे पुनः लोकसभा के लिए चुने गए। सांसद के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने कपड़ा संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) संबंधी संसदीय समिति और वित्त संबंधी परामर्शदात्री समिति के भी सदस्य रहे। वह स्टॉक एक्सचेंज घोटाले की जाँच करने वाली संसदीय विशेष समिति के सदस्य भी थे।

# रामलला की शरण में मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम

**एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी ने किया अभिनंदन, आरती कर मांगा भारत व मॉरीशस के रिश्तों की मजबूती का आशीर्वाद**

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या शुक्रवार को एक विशेष अवसर की साक्षी बनी, जब मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम अपनी पत्नी वीना रामगुलाम और प्रतिनिधिमंडल ने रामलला के दर्शन किये। डॉ रामगुलाम ने पत्नी के साथ विधि-विधान से रामलला का पूजन किया और लोककल्याण की कामना की। रामलला के दर्शन करने वाले वे दूसरे राष्ट्राध्यक्ष बने। इससे पहले भूटान के प्रधानमंत्री ने दर्शन पूजन किया था।

मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम अपनी पत्नी वीना रामगुलाम के अलावा लगभग 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आज सुबह दोपहर करीब 12 बजे अयोध्या पहुंचे। यहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का औपचारिक स्वागत किया। योगी ने फूलों का गुलदस्ता और स्मृति चिह्न भेंट कर 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा निभाई। एयरपोर्ट परिसर में रेड कार्पेट बिछाकर, मंत्रोच्चारण और पारंपरिक कलश-आरती से प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया गया।

इस दौरान ढोल-नगाड़ों और शंखनाद की गूंज ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। एयरपोर्ट से निकलने के बाद मॉरीशस के प्रधानमंत्री का काफिला भारी सुरक्षा घेरे के बीच सीधे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचा। वहां उन्होंने पत्नी के साथ रामलला की आरती उतारी और लंबे समय तक प्रभु का दर्शन करते रहे। उन्होंने शीश नवाकर भगवान राम से दोनों देशों के रिश्तों की मजबूती का आशीर्वाद मांगा। करीब आधा घंटे तक परिसर में रहकर उन्होंने मंदिर निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान कई बार उनके मुख से जय श्रीराम के उद्घोष गूंजे।



**सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद**

अयोध्या में प्रधानमंत्री डॉ रामगुलाम के आगमन पर तगड़े सुरक्षा इंतजाम किये गए। एयरपोर्ट से लेकर मंदिर तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस व सुरक्षा बल तैनात, सीसीटीवी से पूरे मार्ग की निगरानी। मंदिर परिसर में पुलिस बल और एटीएस की टीमों ने कमान संभाल रखी थी।

**राम मंदिर परिसर में हुआ विशेष आयोजन**

राम मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम और उनके प्रतिनिधिमंडल के लिए टाटा कंपनी की ओर से मंदिर निर्माण से जुड़ी एक विशेष लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। करीब दो मिनट की इस प्रस्तुति में मंदिर की भव्यता, शिल्पकला और निर्माण की अद्भुत झलक दिखाई गई। फिल्म की जानकारी और विवरण सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने विस्तार से प्रस्तुत किया। योगी ने प्रधानमंत्री को राम मंदिर का मॉडल भेंट कर सम्मानित किया। वहीं, प्रधानमंत्री की पत्नी वीना रामगुलाम को अंगवस्त्र विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

**भारत-मॉरीशस संबंधों की पृष्ठभूमि**

भारत और मॉरीशस के बीच संबंध सिर्फ कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गहराई से जुड़े हुए हैं। मॉरीशस की आबादी का बड़ा हिस्सा भारतीय मूल का है और वहां रामायण, भगवान राम और भारतीय परंपराओं के प्रति विशेष आस्था देखी जाती है। मॉरीशस के त्योहार, साहित्य और सांस्कृतिक जीवन में रामकथा आज भी जीवंत है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री रामगुलाम का यह अयोध्या दौरा दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करने वाला माना जा रहा है।

## जमीनी विवाद में पूर्व विधायक के पोते पर गोलीबारी, हालत गंभीर

शकील सिद्दीकी

**▸ इलाके में दहशत पुलिस आरोपी की तलाश में कर रही है छापेमारी**

**पीलीभीत।** बिलसंडा थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप धारण कर लिया। शुक्रवार को पूर्व विधायक और लोकतंत्र सेनानी कुंवर भगवान सिंह के पोते प्रियांशु सिंह पर अज्ञात बदमाश ने कट्टे से फायरिंग कर दी, जिसमें उन्हें पेट में गोली लग गई। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। पुलिस आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है। घटना दोपहर करीब 2 बजे की बताई गई है।

शाहजहांपुर के थाना सदर क्षेत्र निवासी प्रियांशु सिंह (उम्र लगभग 25 वर्ष) आरएमसीपी एकेडमी के पास स्थित अपने खेत में पानी लगाने पहुंचे थे। इस जमीन को लेकर पहले से ही उनका एक पक्ष से पुराना विवाद चल रहा था। सूत्र बताते हैं कि पास के भट्टे पर मौजूद एक युवक से प्रियांशु की कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ते ही आरोपी ने देशी कट्टे से प्रियांशु पर गोली चला दी, जो सीधे प्रियांशु के पेट में जा लगी। चीख-पुकार मचने पर ग्रामीणों ने आनन-फानन में उन्हें नजदीकी सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालत बिगड़ने पर उन्हें बरेली मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को गंभीर बताते हुए ऑपरेशन की तैयारी में जुटे थे। परिवार के सदस्यों ने बताया कि प्रियांशु के दादा कुंवर भगवान सिंह एक प्रमुख राजनीतिक हस्ती रहे हैं, जिन्होंने लोकतंत्र आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस घटना ने परिवार को स्तब्ध कर दिया है।

प्रियांशु के पिता ने पुलिस को दिए बयान में कहा है कि यह हमला सुनियोजित लगता है। जमीन पर कब्जे की कोशिश लंबे समय से चल रही थी, लेकिन आज हद पार हो गई। सूचना मिलते ही बीसलपुर की सीओ प्रगति चौहान फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचीं। उन्होंने मौके का मुआयना किया, खून के धब्बों और कारतूस के खाली पलटे बरामद किए। ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला कि आरोपी भट्टे पर काम करने वाला स्थानीय युवक है, जिसका आपराधिक इतिहास हो सकता है। सीओ चौहान ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू हो गई है। शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। उन्होंने इलाके में शांति बनाये रखने की अपील की।

### पूर्व आईपीएस व पत्नी पर एफआईआर, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर और उनकी पत्नी, सामाजिक कार्यकर्ता नूतन ठाकुर के खिलाफ तालकटोरा थाने में धोखाधड़ी समेत गंभीर आरोपों में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी), 419 (जालसाजी), 467 (जाली दस्तावेज बनाना), 468 (धोखा देने के इरादे से जालसाजी), 471 (जाली दस्तावेज का उपयोग), 34 (सामूहिक अपराध) और 120 (बी) (आपराधिक साजिश) के तहत केस दर्ज किया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद तालकटोरा पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

## साइबर ठगी की साजिश रच रहे छह आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**26 लाख की नकद राशि, 1.30 करोड़ की डिजिटल करेंसी, 9 मोबाइल फोन, लैपटॉप, 15 एटीएम कार्ड और 16 फर्जी चेकबुक बरामद**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बीबीडी और पूर्वी जोन की क्राइम व सर्विलांस टीम को शुक्रवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने एक कमरे में छिपकर साइबर ठगी की बड़ी साजिश रच रहे 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनसे मौके पर 26 लाख की नकद राशि, 1.30 करोड़ की डिजिटल करेंसी, 9 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 15 एटीएम कार्ड और 16 फर्जी चेकबुक बरामद की गई हैं। डीएसपी ईस्ट ने बताया कि हमारी टीम इमलीबांधन से किसान पथ की ओर गश्त कर रही थी, तभी एक मुखबिर ने सूचना दी कि प्रधानमंत्री आवास योजना के एक कमरे में कुछ संदिग्ध लोग फर्जी खातों के माध्यम से साइबर ठगी की योजना बना रहे हैं। वही से ठगी का दफ्तर चला रहे हैं। जांच में सामने आया है कि आरोपित लोग भोले-भाले नागरिकों को बहला-फुसलाकर उनके नाम पर अलग-अलग बैंकों में फर्जी खाते खुलवाते थे। फिर इन खातों में साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट और फिशिंग जैसी आपराधिक गतिविधियों के पैसे ट्रांसफर करवाते थे।

### दिल्ली हाईकोर्ट में बम की धमकी अफवाह साबित

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय में शुक्रवार सुबह बम रखे होने की धमकी मिलने के बाद पूरे परिसर की गहन जांच करायी गयी जिसमें यह धमकी अफवाह साबित हुयी। दिल्ली उच्च न्यायालय को ईमेल के जरिये धमकी मिली थी कि परिसर में तीन बम रखे गये है और इनमें अपराह्न दो बजे तक विस्फोट हो सकता है। पुलिस ने यह सूचना मिलने पर तुरंत अदालत को खाली कराया और पूरे परिसर की जांच की गयी। जांच में कहीं भी विस्फोटक या बम नहीं पाया गया। सूत्रों के मुताबिक, यह मेल आज पूर्वाह्न आठ बजकर 38 मिनट पर कनिमोझी थेविद्या नाम से दिल्ली हाईकोर्ट के आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजा गया था।

## भारत की प्राचीन पांडुलिपियां विश्व धरोहर का आधार : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की प्राचीन पांडुलिपियों को विश्व धरोहर का आधार बताया और कहा कि भारत अपनी सांस्कृतिक और बौद्धिक धरोहर को गर्व के साथ विश्व के सामने प्रस्तुत करने जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को यहां विज्ञान भवन में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ज्ञान भारतम् को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि ज्ञान भारतम् मिशन न केवल प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण का प्रयास है बल्कि



यह भारत की संस्कृति, साहित्य और चेतना का उद्घोष भी बनने जा रहा है। भारत की ज्ञान परंपरा चार प्रमुख स्तंभों- संरक्षण, नवाचार, संवर्धन और अनुकूलन पर आधारित है। इन्हीं आधारों पर भारत हजारों वर्षों से एक जीवंत प्रवाह के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा, भारत स्वयं में एक जीवंत प्रवाह है, जिसका निर्माण उसके विचारों, आदर्शों और मूल्यों से हुआ है।

### अगस्त में रिटेल महंगाई बढ़कर 2.07 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** अगस्त में रिटेल महंगाई दर जुलाई के 1.61 प्रतिशत से थोड़ा बढ़कर 2.7 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसकी वजह खाने-पीने की कुछ वस्तुओं की कीमतों में हल्की बढ़ोतरी है। रिटेल महंगाई के आधिकारिक आंकड़े सरकार ने आज (12 सितंबर) जारी किए हैं। रिजर्व बैंक लक्ष्य महंगाई को 4 प्रतिशत ±2 प्रतिशत की सीमा में रखने का है। महंगाई के बास्केट में लगभग 50 प्रतिशत योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 1.76 प्रतिशत से बढ़कर माइनस 0.69 हो गई है। अगस्त महीने में ग्रामीण महंगाई दर 1.18 प्रतिशत से बढ़कर 1.69 प्रतिशत हो गई है।

**बैठक** | **यूरोपीय संघ परिषद की राजनीतिक व सुरक्षा समिति (पीएससी) के सदस्यों के बीच हुई बैठक**

## रक्षा साझेदारी व सूचना सुरक्षा समझौते पर भारत-यूरोपीय संघ प्रतिबद्ध

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय संघ ने सुरक्षा व रक्षा साझेदारी और सूचना सुरक्षा समझौते को शीघ्र संपन्न करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री और यूरोपीय संघ परिषद की राजनीतिक एवं सुरक्षा समिति (पीएससी) के सदस्यों के बीच शुक्रवार को यहां हुई बैठक में दोनों पक्षों ने सुरक्षा और रक्षा के क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने पर विचार-विमर्श किया।

इस अवसर पर उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पवन कपूर, सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। एशिया की अपनी पहली



यात्रा पर आए 30 सदस्यीय पीएससी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व समिति की अध्यक्ष डेल्फिन प्रोंक ने किया। प्रतिनिधिमंडल में यूरोपीय आयोग और यूरोपियन एक्सटर्नल एक्शन सर्विस के अधिकारियों के साथ-साथ यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के राजदूत भी शामिल रहे। दोनों पक्षों ने भारत-यूरोपीय संघ सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी और सूचना सुरक्षा समझौते को शीघ्र संपन्न करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके साथ ही, भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को वर्ष के अंत तक पूरा करने के लिए नेताओं द्वारा वार्ता टीमों को दिए गए निर्देशों पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान नवीनतम क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। दोनों पक्षों ने इस बात पर जोर दिया कि बढ़ते राजनीतिक संवाद और नियमित सहयोगात्मक तंत्र भारत-ईयू सामरिक साझेदारी को और मजबूत बनाने में सहायक होंगे। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों पक्षों ने बढ़ती उच्च स्तरीय राजनीतिक सहभागिता और नियमित क्षेत्रीय संवादों पर संतोष व्यक्त किया तथा सुरक्षा और रक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया।

**यह दौरा द्विपक्षीय संबंधों में आई नई गति को और बनाएगा मजबूत**

भारत की अपनी दो दिवसीय कार्य यात्रा के दौरान, पीएससी सदस्यों ने रक्षा सचिव से भी मुलाकात की, सूचना संलयन केंद्र - हिंद महासागर क्षेत्र (आईएफसी-आईओआर) का अवलोकन किया तथा भारतीय रक्षा उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। यह दौरा फरवरी 2025 में ईयू कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की ऐतिहासिक भारत यात्रा के बाद द्विपक्षीय संबंधों में आई नई गति को और आगे बढ़ाता है और भारत-ईयू सामरिक साझेदारी को गहराई देने की संयुक्त प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। भारत व यूरोपीय संघ के बीच सुरक्षा, रक्षा, समुद्री सुरक्षा, साइबर और आतंकवाद-रोधी क्षेत्रों में नियमित संवाद होते हैं। दोनों पक्ष रक्षा उद्योग एवं विनिर्माण में सहयोग बढ़ाने के नए अवसर भी तलाश रहे हैं।

## शीर्ष कोर्ट के मुख्य परिसर में फोटो खींचने रील बनाने व वीडियोग्राफी पर प्रतिबंध

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उच्च सुरक्षा क्षेत्र घोषित अपने मुख्य परिसर में फोटो खींचने, सोशल मीडिया रील बनाने और वीडियोग्राफी पर प्रतिबंध लगा दिया है। शीर्ष कोर्ट ने 10 सितंबर को जारी परिपत्र में मीडियाकर्मियों से कहा कि वे साक्षात्कार और समाचारों का सीधा प्रसारण निर्धारित लॉन क्षेत्र से करें, जो कम सुरक्षा वाला क्षेत्र है।

परिपत्र में कहा गया, ''उच्च सुरक्षा क्षेत्र के लॉन में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के लिए मोबाइल फोन का उपयोग निषिद्ध है। आधिकारिक उपयोग को छोड़कर, वीडियोग्राफी, रील बनाने और तस्वीरें खींचने के लिए उपयोग किए जाने वाले कैमरा, ट्राइपॉड, सेल्फी-स्टिक



आदि जैसे उपकरण उच्च सुरक्षा क्षेत्र में प्रतिबंधित रहेंगे।'' इसमें कहा गया, किसी अधिवक्ता, वादी, प्रशिक्षु या विधि लिपिक द्वारा उपरोक्त दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किए जाने की स्थिति में, संबंधित बार एसो. या संबंधित राज्य बार काउंसिल अपने नियमों और विनियमों के अनुसार उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध उचित कार्रवाई करेंगी। यदि मीडियाकर्मी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हैं तो शीर्ष अदालत के उच्च सुरक्षा क्षेत्र में उनकी पहुंच एक महीने की अवधि के लिए प्रतिबंधित की जा सकती है।

## खबरें एक नजर में

### गाजे-बाजे के साथ लाई गई नवदुर्गा महोत्सव मंडल की प्रतिमा



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के रामलीला मैदान के नवदुर्गा महोत्सव मंडल के पंडाल में जबलपुर से लाई गई मूर्ति स्थापित होगी। सुबह मूर्ति को चित्रकूट एक्सप्रेस से कस्बे में लाया गया। बाद में रेलवे स्टेशन से अबीर गुलाल उड़ाते हुए देवी भक्त गाजे बाजे के साथ मूर्ति को नाचते गाते जयकारे लगाते हुए रामलीला मैदान लाए। कस्बे में देवी प्रतिमा सबसे पहले रामलीला मैदान में ही स्थापित की गई थी तब मूर्ति जबलपुर से लाकर स्थापित की गई थी तब से जबलपुर से ही मूर्ति लाकर स्थापित करने की परंपरा बनी हुई है। शुक्रवार को तड़के चित्रकूट एक्सप्रेस से मूर्ति को लाकर रेलवे स्टेशन में उतारा गया। इसके बाद देवी भक्त गाजे बाजे संग अबीर गुलाल उड़ाते हुए मां के गगन भेदी नारे लगाते हुए नाचते गाते हुए रामलीला मैदान लाए। नवदुर्गा महोत्सव मंडल कमेटी के अध्यक्ष डॉ शिवम गुप्ता, पुष्पराज सोनी, कृष्ण कुमार गुप्ता, सोनू गुप्ता, राम जी मिश्रा कल्लू चौरसिया आदि ने बताया कि नवरात्रि पर्व पर दुर्गा पंडाल में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे।

### युवती ने दोनाली बंदूक के संग बनाई रील



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** युवक युवतियों पर अवैध असलहे संग रील बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने का शौक सिर चढ़कर बोल रहा है। एक ऐसा ही वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया में वायरल हुआ। जिसमें एक युवती छत के ऊपर डबल बैरल बंदूक के साथ रील बनाते हुए गाने पर थिरक रही है। वायरल वीडियो की पुष्टि दैनिक रेडिकल टाइम्स अखबार नहीं करता है। वीडियो नवीन गल्ला मंडी के पीछे नई बस्ती के बताया जा रहा है। युवक युवतियों पर रील बनाने का शौक सिर पर चढ़कर बोल रहा है। कस्बे की एक युवती ने शुक्रवार को छत पर रील बनाते हुए वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया है। वीडियो कुछ समय पूर्व का बता रहे हैं बंदूक लाइसेंसी है।थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया युवती द्वारा वायरल किया गया वीडियो संज्ञान में आया है। मामले की जांच की जा रही है।वहीं पुलिस की सख्त हिदायत के बाद युवती ने दोबारा इस तरह की वीडियो ना बनाने की बात कह कर माफ़ी मांगी है।

### ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा दिलवाने के नाम लेखपाल ने ली रिश्वत, वीडियो वायरल



**हमीरपुर।** ग्राम समाज की जमीन पर पट्टे की पैमाइस कराने के नाम पर लेखपाल का महिलाओं से दो- दो हजार रुपये रिश्वत लेते वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होते प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है। उधर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर सदर एसडीएम ने संबंधित लेखपाल को निलंबित कर दिया है। हालांकि वायरल वीडियो की दैनिक समृद्धि पुष्टि नहीं करता है। आए दिन रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने के बाद भी अधिकारी व कर्मचारी सुधरने का नाम नहीं ले रहें है। शुक्रवार को सदर तहसील में लेखपाल का रिश्वत लेते वीडियो वायरल हो गया। वायरल वीडियो में सुमेरपुर विकासखंड के टिकरौली गांव की पांच महिलाओं से लेखपाल घनश्याम कमल ने ग्राम समाज की जमीन में पट्टे की पैमाइस कराने के नाम पर दो -दो हजार रुपये की रिश्वत ले रहे है। वीडियो वायरल होते ही तहसील परिसर में हड़कंप मच गया है। वहीं लेखपाल घनश्याम कमल का कहना है कि तहसील परिसर में उनके द्वारा महिलाओं से उनके प्रपत्र लिए जा रहें थे। इस दौरान किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। कहा कि रिश्वत लेने की बात झूठी है। उधर इस मामले में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए सदर एसडीएम को मामले में कार्यवाही के निर्देश दिए। सदर एसडीएम केडी शर्मा ने जिलाधिकारी के आदेश पर संबंधित लेखपाल को निलंबित कर दिया है।

### पुलिस ने पेश की मानवता की मिशाल



**बांदा।** थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा संवेदनशीलता एवं मानवता की एक अनोखी मिशाल पेश की गई । गौरतलब हो कि 8 सितंबर 25 को थाना तिन्दवारी क्षेत्र अंतर्गत सेमरी-भुजौली लिंक रोड के पास एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला बरामद हुई । थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा उक्त महिला को अभिरक्षा में लेकर आवश्यक देखभाल एवं भोजन की व्यवस्था कराई गई तथा उसके परिजनों की खोज हेतु प्रयास प्रारम्भ किए गए। महिला द्वारा बताए गए अस्पष्ट पतों का गहन सत्यापन चौकी प्रभारी कुरसेजा, रोशनी सेंगर द्वारा कराया गया। जांचोपरांत यह तथ्य प्रकाश में आया कि महिला रेनू पुत्री हरिशंकर निवासी राजेंद्र नगर थाना नाका हिंडोल जनपद लखनऊ की रहने वाली है। परिजनों से दूरभाष पर सम्पर्क करने पर ज्ञात हुआ कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ है तथा लगभग पांच माह पूर्व घर से लापता हो गई थी । इस संबंध में थाना नाका हिंडोला लखनऊ में गुमशुदगी दर्ज थी। आज दिनांक 12.09.2025 को महिला के परिजन थाना तिन्दवारी उपस्थित हुए। विधिक एवं औपचारिक कार्यवाही पूर्ण करने उपरांत पुलिस टीम द्वारा महिला को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों द्वारा थाना तिन्दवारी पुलिस टीम के इस संवेदनशील एवं मानवीय प्रयास हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया गया ।

### भारतीय सोनी समाज संगठन द्वारा पनवाड़ी में प्रमोद वर्मा, राकेश वर्मा, जितेंद्र वर्मा का हुआ स्वागत



**पनवाड़ी महोबा।** भारतीय सोनी समाज संगठन के अध्यक्ष राम लखन सोनी द्वारा पनवाड़ी में पूर्वांचल से चलकर आए स्वर्णकार समाज के एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद वर्मा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव राकेश वर्मा राष्ट्रीय स्वर्णकार भागीदारी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र कुमार वर्मा स्वर्णकार राम लखन सोनी पत्रकार भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी महोबा द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ एवं अंग वस्त्र पहनकर भव्य स्वागत किया गया इसी मौके पर समाज की राजनीतिक विषय पर चर्चा की गई। स्वर्णकार समाज को राजनीति मे हिस्सेदारी कैसे मिले इसके लिए गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर पूर्वी ब्लॉक प्रमुख बेलाताल, डॉक्टर कौशल सोनी, प्रदीप कुमार वर्मा, एडवोकेट प्रतापगढ़ जयदीप वर्मा, एडवोकेट प्रतापगढ़ भारती सोनी, समाज संगठन के अध्यक्ष राम लखन सोनी द्वारा अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया गया पहनकर सम्मानित किया गया।

### दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन



**पनवाड़ी, महोबा।** पनवाड़ी विकास खंड क्षेत्र के अंडवारा गांव स्थित श्री अवधूतानंद इंटर कॉलेज में गुरुवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन हुआ। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी मुख्य अतिथि के रूप में विजेताओं को सम्मानित किया। विकास खंड के विभिन्न स्कूलों से आए छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया गया प्रतियोगिता के दौरान राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पनवाड़ी की कक्षा 11 की छात्रा कुमारी शिवानी ने तीन हजार मीटर की दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं ऊंची कूद में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया साथ ही कक्षा 11 की छात्रा अर्चना देवी ने 400 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने छात्रों का संबोधन करते हुए कहा की लक्ष्य पाने का जुनून प्रत्येक परिस्थिति में बनाएं रखना चाहिए। हार कर जीतने में ही जीवन की सफलता है। उन्होंने आत्मरक्षा के कुछ गुणों का भी मंच पर प्रदर्शन किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पनवाड़ी की प्रधानाचार्य श्रीमती कौशल्या श्रीवास ने कहा कि लक्ष्य पाने के लिए बडे सपने देखना जरुरी है और सीखने की कोई उम्र नही होती। सीखना जीवनभर चलने वाली प्रक्रिया है। इस मौके पर ग्राम प्रधान रामसहाय राजपूत, शिक्षक हरिसिंह राजपूत, रतन सिंह, देशराज सिंह वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि सुनील कुमार राजपूत, कृष्ण चंद्र तिवारी, रविकांत चतुर्वेदी, वंदना साहू शिक्षक सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

- बीएलओ की नियुक्ति, उनके दायित्व एवं कर्तव्यों के संबंध में प्रशिक्षित किया

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत शुक्रवार को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 228 हमीरपुर एवं राठ के समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को बीएलओ की नियुक्ति, उनके दायित्व एवं कर्तव्यों के संबंध में प्रशिक्षित किया गया।

इस मौके पर ईआरओ राठ अभिमन्यु कुमार द्वारा प्रशिक्षण के दौरान बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950 की धारा- 13ग के अन्तर्गत सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की जाती है। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ईआरओ के नियंत्रण के अध्यधीन रहते हुए ईआरओ के सब या किन्हीं कृत्यों का पालन करने के लिए सक्षम होगा। इसके साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की अन्य धाराओं के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि ईआरओ के आदेश के विरुद्ध प्रथम अपील जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष एवं द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष की जा सकती है। अपील आवेदनकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन के रूप में दाखिल की जायेगी जिसके साथ उस आदेश की प्रति भी संलग्न की जाएगी, जिसके विरुद्ध अपील की जा रही है। उक्त के साथ ही समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत समस्त बीएलओ को प्रशिक्षित करेगें। उक्त बैठक में उप जिलाधिकारी सदर केडी शर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार शुक्ल, तहसीलदार रवीन्द्र पाल सिंह, शिखर मिश्र, दिलीप कुमार, राममोहन, ब्रजमोहन पटेल, अमर सिंह, राजीव कुमार सिंह व खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह, शैलेष कुमार उपस्थित रहे।

## नैनो उर्वरक के प्रयोग के लिए जागरूकता अभियान




**सुमेरपुर।** क्षेत्र के इंगोहटा गांव में नैनो जागरूकता प्रशिक्षण आधारित पर किसान सभा का आयोजन किया गया। बहुउद्देशीय सहकारी समिति के अकाउंटेंट अविनाश द्विवेदी एवं समिति के प्रतिनिधि मोहनलाल साहू, ग्राम पंचायत सदस्य पूनम दीक्षित ने प्रतिभाग किया। इफको के संदीप कुमार ने किसानों को विस्तार से नैनो यूरिया प्लस,नैनो डीएपी, सागरिका तरल एवं सागरिका दानेदार तथा एनपीके कंसोर्टिया के प्रयोग विधि एवं लाभ की जानकारी बताई। रासायनिक खाद के दुष्प्रभाव के बारे में कृषकों को विस्तार से बताया गया। कृषकों को रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग करने से पर्यावरण मृदा तथा मनुष्यों पर हो रहे दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। बताया कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से कम लागत में अधिक फसल उत्पादन करने के लिए बताया। कृषकों को अधिक से अधिक नैनो यूरिया एवं डीएपी तथा सागरिक तरल का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया है। कार्यक्रम में 30 से 35 किसानों ने प्रतिभाग किया।

## शुक्रवार की शाम सड़क पर बाइक मिस्त्री को गोली मारी

- आधा दर्जन युवकों ने बीच सड़क पर घटना को दिया अंजाम



**मौदहा, हमीरपुर।** गोली की तड़तड़ाहट से कस्बा दहल उठा शुक्रवार की साम छः बजे आधा दर्जन से अधिक युवकों ने एक बाइक मिस्त्री को दुकान से घसीटकर हाकी से जमकर मारा-पीट कर हाकी तोड़ दी जब जी नहीं भरा उसके ऊपर फायर झोंक दिया। तमंचे से निकली गोली मिस्त्री के सीने के बजाय उसके कंधे पर लगी है। घटना को अंजाम देकर बेखौफ हमलावर सभी युवक रिक्शा में सवार होकर मौके से फरार हो गए हैं। वहीं गोली लगने से घायल मिस्त्री को गंभीर हालत में कानपुर रिफर किया गया है। इस घटना से कस्बे में हड़कंप मच गया है। कस्बा के मोहल्ला रागौल निवासी अतीश 21, लक्ष्मी 18 पुत्र रामेश्वर, भीड़ भाड़ वाली मुख्य सड़क पर स्थित एचडीएफसी बैंक शाखा के नजदीक विवेक गुप्ता पुत्र सज्जन मिस्त्री की दुकान में बाइक मैकेनिक का काम सीखते है। शुक्रवार शाम लगभग छः बजे बाइकों पर सवार होकर कस्बा के ही बाबू, दिलावर,नीरज सहित आधा दर्जन युवकों ने हाकी और तमंचों से लैस होकर दुकान पर धावा बोल दिया। दुकान मालिक विवेक ने बताया कि दुकान पर काम कर रहे अतीश उसके छोटे भाई लक्ष्मी को हाकियों से मारते पीटते हुए सड़क पर घसीटकर ले गए। अतीश के ऊपर हाकी से जमकर हमला किया और हाकी तोड़ दी जब जी भरा तो बाबू ने अतीश के ऊपर जानलेवा हमला करते हुए तमंचे से उसके सीने में फैर झोंक दिया लेकिन तमंचे से निकली गोली सीने में लगने के बजाय अतीश के कंधे में धंस गई।गोली लगने से अतीश खून से लथपथ सड़क पर गिर कर तड़पने लगा।यह देख सभी हमलावर रिक्शा में सवार होकर मौके से भाग खड़े हुए। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और घायल मिस्त्री को आनन-फानन में मौदहा सीएचसी पहुंचाया। जहां क्षेत्राधिकारी विनीता पहल कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह सहित भारी पुलिस बल पहुंच गया। डाक्टरों ने अतीश की हालत गंभीर देख उसे कानपुर रिफर कर दिया है।

## चौड़ीकरण के लिए खोदी गई पटरी में पाइप लाइन क्षतिग्रस्त, लोग परेशान

**सुमेरपुर।** कस्बे के बांदा मार्ग में चौड़ीकरण के लिए खोदी गई पटरी में जल संस्थान की पाइपलाइन लीकेज होने से वार्ड संख्या 16 में जल संकट खड़ा हो गया। पाइपलाइन ठीक करने का ठीकरा दोनों विभाग एक दूसरे के सिर पर फोड़ रहे हैं। इससे करीब पांच हजार की आबादी परेशान है। वार्ड संख्या 16 के निवासी रामनरेश, विक्की, रमेश कुमार, नरेश कुमार, दीपेंद्र सिंह,आलोक कुमार, रामसनेही, गीता देवी, दीपा, मालती, पुष्पा, रानी देवी, अभिलासा, प्रेमलता, पुष्पलता, प्रियंका आदि ने बताया कि कस्बे के मध्य से गुजरे बांदा मार्ग का चौड़ीकरण हो रहा है। पटरी में हुई खुदाई के दौरान जल संस्थान की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे वार्ड की सप्लाई



- हंगामे के बाद जल संस्थान मरम्मत में जुटा

बाधित हो गई है। पाइपलाइन ठीक कराने के नाम पर जल संस्थान एवं लोनिवि एक दूसरे के ऊपर ठीकरा फोड़ रहे। लोगों के हंगामा के बाद जल संस्थान ने दोपहर बाद मरम्मत का कार्य शुरू कराया है। जल संस्थान के अवर अभियंता बीपी सिंह ने बताया कि पीडब्ल्यूडी ने पाइपलाइन क्षतिग्रस्त की है। शिकायत मिलने के बाद मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया गया है।

### दहेज़ में बाइक और दो लाख रुपये की मांग को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर।** विवाहिता ने दहेज़ में दो लाख रूपये और मोटरसाइकिल की मांग को लेकर विवाहिता का उत्पीड़न किया जा रहा था जिसपर विवाहिता ने पति, सास, ससुर और जेठ पर मुकदमा दर्ज कराया है। बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम ढुनगवां निवासी पूनम उर्फ़ गोमती पुत्री रामदत्त मौर्य ने बिंवार थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह चार साल पहले उन्नाव के हसनगंज थाना क्षेत्र के अमुईया गांव निवासी अनुरुद्ध मौर्य के साथ हुआ था तभी से उसके ससुराल वाले दो लाख रुपये और बाइक की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न कर रहे थे लेकिन वह सहन करती रही इसी बीच एक सितम्बर को सास बिटाना, पति अनुरुद्ध, ससुर ब्रजमोहन और जेठ लवकुश ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने दहेज़ उत्पीड़न और मारपीट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ड्रोन और चोरों की दहशत से अफरा-तफरी

**मौदहा।** इस समय क्षेत्र में ड्रोन और चोरों की दहशत है जिसके चलते लोग रातों जाग रहे हैं जिसपर क्षेत्राधिकारी ने ड्रोन और चोरों की बात बेबुनियाद बताते हुए लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की है। कस्बे के ओरी तालाब स्थित मोक्षधाम और रामनगर लोगों ने चोरों के छिपे होने की सूचना पर आसपास के सैकड़ों युवक हाथो में लाठी-डण्डा लेकर पहुंच गए जबकि मामले की जानकारी होते ही कोतवाली पुलिस ने भी जाकर जांच की लेकिन अभी तक किसी के भी छिपे होने का सुराग नहीं मिला है। हालांकि इस समय क्षेत्र में जगह जगह चोरों और ड्रोन की लोगों में दहशत है जिसके चलते कस्बे के बाहरी मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग रातों जाग कर पहरा दे रहे है। इस सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी विनीता पहल ने बयान जारी कर बताया कि रामनगर में ऐसी सूचना मिली थी लेकिन किसी ने स्वयं देखने की बात स्वीकार नहीं की, ड्रोन और चोरों की बात अफवाह है।

# वन ग्राम तैयार कर गांवों में लाएंगे हरियाली

- देश के 22 राज्यों में पर्यावरण संरक्षण का कार्य कर रही एमओईएफसीसी पीसीआई
- पीसीआई चेयरमैन राहुल द्विवेदी ने कहा, हमारे देश में है अभी कम से कम पांच सौ करोड़ पेड़ों की आवश्यकता

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

देश के कई राज्यों में पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही संस्था एमओईएफसीसी पीसीआई (पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन इकाई) जिसने मौजूदा दौर में करोड़ो पौधे रोप उनका पालन पोषण (संरक्षण) करके पर्यावरण संरक्षण की शानदार मिशाल पेश की है। कार्उंसिल के राष्ट्रीय चेयरमैन राहुल द्विवेदी ने कहा देश में अगले डेढ़ दशक यानी 2040 तक उनकी संस्था राष्ट्रीय स्तर पर 200 करोड़ नए पौधे रोपित करने के अपने लक्ष्य को पूरा करेगी साथ ही ग्राम पंचायतों में एक - एक वन ग्राम बनाएंगे ताकि गांव हमेशा हरे भरे बने रहें। जुलाई 2024 में राजधानी नई दिल्ली में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन इकाई का गठन हुआ था। यह पीसीआई देश में पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रही है। एक साल के कार्यकाल में संस्था ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, कर्नाटक, उड़ीसा, तेलंगाना सहित देश के 22 राज्यों में संस्था का विस्तार किया जाना शामिल है स साथ ही इन राज्यों में कार्उंसिल ने इकाईयां गठित हैं



जो वन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए बराबर कार्य कर रही हैं स संस्था को इतने कम समय में जो सफलता मिली है इसका मुख्य श्रेय राष्ट्रीय चेयरमैन राहुल द्विवेदी को जाता है, जिन्होंने अपने कठिन परिश्रम एवं कुशल नेतृत्व से पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन इकाई को देश में एक बड़ी पहचान दिलाई है। एमओईएफसीसी पीसीआई कार्यालय में एक भेंट के दौरान विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में पर्यावरण को लेकर कई बड़ी चुनौतियां हैं, यदि समय रहते इनसे नहीं निपटा गया तो आने वाला समय बहुत ही कठिन होने वाला है स बाढ़, तेज गर्मी व ग्लेशियर का पिघलना जलवायु परिवर्तन का एक प्रमुख कारण है और अब यह एक प्रकार की वैश्विक समस्या बन गई है, इसके लिए सभी देशों को प्रभावी तरीके से काम करना होगा। हमारी संस्था एक साल से बराबर वन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रही है। इस समस्या से निपटने के लिए हमारे देश में अभी 500 करोड़ पेड़ों की आवश्यकता है और पेड़ भी फल व छायादार होने चाहिए। इसके अलावा कचरे का रिसाइकल बिना किसी कार्बन उत्सर्जन के किया जाए। राष्ट्रीय चेयरमैन श्री द्विवेदी ने बताया कि उनकी कार्उंसिल ने पिछले एक साल में करोड़ों पौधे रोपित करने के साथ करीब एक करोड़ पौधों का संरक्षण किया है।

### प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी को सराहा

**बांदा।** एमओईएफसीसी पीसीआई, नई दिल्ली के नेशनल चेयरमैन राहुल द्विवेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की सराहना की है। कहा कि पीएम मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम का जो नारा दिया गया उससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों ख़ासकर युवाओ में विशेष जागरूकता आई है और पौधेरोपण के प्रति लोगों में विशेष रुचि भी जगी है। श्री द्विवेदी ने युवाओं को संदेश दिया कि एक पेड़ अपनी मां के नाम, ख़ास उत्सव जैसे जन्म दिन, शादी- विवाह एवं शादी की सालगिरह पर लगाकर उस रोपित पौधे का संरक्षण जरूर करें। यूपी के मुख्यमंत्री योगी की सराहना करते हुए चेयरमैन ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अंदर ऐसे कार्यों में मुख्यमंत्री योगी का पूरा सहयोग मिलता है।

## अन्तर्जनपदीय चोर बाइक के साथ गिरफ्तार

- अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद



**बांदा।** एसपी पलाश बंसल के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चोरी करने वाले अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल सहित अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है । थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के इन्द्रानगर के रहने वाले विनेश कुमार साहू पुत्र राजाराम साहू ने 10 सितंबर 25 को जिला अस्पताल बांदा से अज्ञात चोरों द्वारा 6 सितंबर 25 को मोटरसाइकिल चोरी करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी । जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया । इस क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान कनवारा बाईपास चौराहे के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को मोटरसाइकिल के साथ आवश्यक बल का प्रयोग करते हुए हिरासत में लिया गया । तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 1 अवैध तमंचा व 1 जिन्दा कारतूस व 1 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई । पूछताछ में अभियुक्त नें बताया कि बरामद मोटरसाइकिल उसने कुछ दिन पूर्व जिला अस्पताल बांदा से चोरी की थी । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम विपिन द्विवेदी पुत्र नरेन्द्र द्विवेदी निवासी ग्राम पहरा थाना कबरई जनपद महोबा है।

## गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय को किया गया सील

- भवन स्वामी को भी दी गई नोटिस

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



दो वर्षों से लगातार बिना मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित होने पर गांव वालों ने मुख्य मंत्री पोर्टल में इसकी शिकायत की जिसको लेकर जिले से बीआरसी तक हलचल मच गई जिस जिला अधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए विद्यालय संचालक के विरुद्ध कार्यवाही और विद्यालय को बंद करने को आदेश दिए थे। मामला महुआ ब्लाक के मनीपुर गांव का है जहां पर जे एम जे इंग्लिश मीडियम विद्यालय गैर मान्यता प्राप्त संचालित था जिसको लेकर क्षेत्रीय और ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्य मंत्री पोर्टल में की थी जिस पर बी ई ओ विनोद कुमार पटेरिया महुआ ने अपनी आंख में लिखा था कि यहां कोई विद्यालय गैर मान्यता प्राप्त संचालित नहीं है जिसको लेकर क्षेत्रीय लोगों ने इसकी शिकायत जिला अधिकारी यहां की जिस पर जिला अधिकारी ने जांच के आदेश दिए जिसके तहत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम त्रिपाठी ने तुरंत कार्यवाही करते हुए कार्यालय को सूचित करने को कहा जिस पर बीईओ महुआ विनोद कुमार पटेरिया द्वारा शुक्रवार को दोपहर 11 बजे मनीपुर गांव जाकर देखा तो मौके पर जेएमजे इंग्लिश मीडियम विद्यालय संचालित था और 40 बच्चे शिक्षण ग्रहण कर रहे थे जो कि कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक की कक्षाएं संचालित पाई गई जिसमे सर्व प्रथम नोटिस देते हुए बताया कि तुरंत विद्यालय को बंद कराया जाए जिस पर मौके पर संचालक राहुल सिंह उर्फ रणधीर सिंह मौजूद थे और अन्य अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद थी और तुरंत ग्राम प्रधान को बुलाया और मनीपुर कंपोजिट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य नफीस अहमद और ग्रह स्वामी को बुलाकर विद्यालय में ताला लगवाया। बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2011 के अंतर्गत गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित पर 1 लाख रुपए का जुर्माना किया जाता है और अगर इसके बावजूद विद्यालय संचालित पाया जाता है तो प्रतिदिन 10 हजार का जुर्माना लगाने और प्राविधिक कार्यवाही करने के नियम के तहत कार्यवाही की जाती है। वहीं भवन स्वामी को भी नोटिस देकर सख्त निर्देश दिए गए हैं कि विद्यालय बिना मान्यता के नहीं संचालित होगा।

### एनएच सड़क किनारे हो रहे मानकविहीन कार्य की जांच की मांग

**अतर्रा/बांदा।** नगर पालिका क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ हो रहे इंटरलाकिंग कार्य की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। अतर्रा महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अर्जुन मिश्र ने जिलाधिकारी को संबोधित पत्र एसडीएम को देकर जांच की मांग की है। एसडीएम राहुल द्विवेदी को दिए पत्र में कहा कि हाल ही में ठेकेदार द्वारा लगभग 20 लाख रुपये की मिट्टी बेची गई थी, जिसकी शिकायत पहले भी की गई थी। अब पुनः ठेकेदार द्वारा मानकविहीन इंटरलाकिंग कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिन्दू इंटर कालेज के सामने इंटरलाकिंग में जो ईंटें प्रयोग की जा रही हैं, वे घटिया किस्म की हैं। बताया कि पूरा प्रोजेक्ट लगभग 3 करोड़ रुपये का है।

## सभी क्षेत्र विकसित हों, जिससे राष्ट्र विकसित हो सकेः पंधारी यादव

- उद्यमियों एवं व्यवसाइयों तथा महिला समूह एवं श्रमिक संगठनों के साथ संवाद एवं परिचर्चा का आयोजन

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**





विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश 2047 तक बनाने के लिए कलेक्टर सभागार में बॉदा में उद्यमियों एवं व्यवसाईयों तथा महिला समूह एवं श्रमिक संगठनों के साथ संवाद एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। संवाद कार्यक्रम में उद्यमियों एवं व्यवसायों तथा महिला समूह एवं श्रमिक संगठनों ने संवाद करते हुए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी/ नोडल अधिकारी पंधारी यादव ने कहां की देश को विकसित बनाने में प्राप्त उद्यमियों एवं व्यवसाईयों तथा महिला स्वयं सहायता समूहों तथा एवं श्रमिक संगठनों के सुझावों को वर्ष 2047 तक विकसित उत्तर प्रदेश बनाये जाने हेतु कार्ययोजना में महत्वपूर्ण सुझावों को सामिल किये जाने हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश व प्रदेश के विकास के लिए आवश्यक है कि सभी क्षेत्र विकसित हों, जिससे राष्ट्र विकसित हो सके। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से कहा कि जो महत्वपूर्ण सुझाव आज यहां प्राप्त हुए हैं, उनको डिजिटल माध्यम से क्यू आर कोड को स्कैन करते हुए अवश्य भेजें। संवाद कार्यक्रम में उद्यमियों द्वारा एक बड़े उद्योग/ फर्म जनपद में स्थापित कराए जाने जिससे छोटे उद्योगों को भी बढ़ावा मिल सके का सुझाव दिया इसके साथ ही यूपी सीडा क्षेत्रीय अधिकारियों को भी उद्योगों के समस्याओं के निस्तारण हेतु मौजूद रहने का सुझाव दियास जनपद स्तर पर उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ श्रमिकों को बैंक से लोन दिलाए जाने आदि के सुझाव प्राप्त हुए। संवाद कार्यक्रम में पदमश्री उमाशंकर पांडे, सेवानिवृत प्रोफेसर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय रामचंद्र, यूके त्रिपाठी प्रोफेसर चंद्रशेखर आजाद विश्वविद्यालय कानपुर जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा सहित मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित जनपद के उद्यमी उपस्थित रहे।

HOME TUITION WALA
घर पर ही ट्यूशन पढ़वायें।
2 Days Free
Demo For Class
Nursery to 12th
ICSE/ CBSE/UP BOARD
Male/ Female Tutors are available
Mobile 7784888786
(9Am-9Pm)

लकी टी स्टाल एंड रेस्टोरेंट
स्वादिष्ट फास्ट फूड एवं मनभावन चाय
पताः निकट अरबिंदो पुलिस चौकी, तकरोही रोड, इंदिरानगर, लखनऊ

# टेक्नोलॉजी के सहारे आकार लेगा नया उत्तर प्रदेश

**एआई व डीप टेक सेक्टर बनेगा भविष्य की रीढ़**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी अगले 22 वर्षों में देश व दुनिया के लिए एक टेक्नोलॉजी पॉवरहाउस के रूप में उभरने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री योगी का विजन विकसित यूपी @2047 प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डीप टेक्नोलॉजी और डिजिटल इनोवेशन का वैश्विक केंद्र बनाने का है। योगी सरकार का स्पष्ट मत है कि यूपी का नया अवतार तकनीक और नवाचार से ही बनेगा। साथ ही प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का भी माध्यम बनेगा। 2017 से पहले की तस्वीर बेहद निराशाजनक थी। साल 2015-16 में प्रदेश के विद्यालयों में कम्प्यूटर की उपलब्धता मात्र 13.3 फीसदी थी। बीते साढ़े आठ सालों में इस स्थिति में ऐतिहासिक सुधार हुआ। 2023-24 तक यह आंकड़ा बढ़कर 40.2 फीसदी तक पहुंच गया। आज प्रदेश के 25,790 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेज़, 880 ब्लॉक रिसोर्स सेंटरों में आईसीटी लैब्स और शिक्षकों के लिए 2.61 लाख से अधिक टैबलेट उपलब्ध हैं। वहीं स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत करीब 50 लाख युवाओं को टैबलेट-स्मार्टफोन वितरित किए गए हैं, जबकि 2 करोड़ युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य तय किया गया है।

### 2047 तक डीप टेक्नोलॉजी में वैश्विक नेतृत्व

मुख्यमंत्री योगी का विजन है कि 2047 तक उत्तर प्रदेश डीप टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर पहचान बनाए। इसमें एआई, क्वांटम कम्प्यूटिंग, ब्लॉकचेन, एडवांस्ड रोबोटिक्स, बायोटेक्नोलॉजी और जीन एडिटिंग, नैनोटेक्नोलॉजी, स्पेस टेक्नोलॉजी और ग्रीन टेक जैसी तकनीकें शामिल हैं। सरकार का मानना है कि इन सेक्टरों में महारथ हासिल करने से न केवल प्रदेश को रोजगार और निवेश मिलेगा, बल्कि यूपी भारत की डिजिटल क्रांति की धुरी बनेगा। रणनीतिक स्तंभ और फोकस एरियायोगी सरकार ने अपने विजन को तीन रणनीतिक स्तंभों पर आधारित किया है। इनमें एआई सिटी, ग्रीन आईटी और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी तथा स्पेस टेक्नोलॉजी शामिल है। इन स्तंभों को मजबूती देने के लिए प्रदेश का फोकस एआई और डीप टेक इनोवेशन, टियर-2 और टियर-3 शहरों में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और साइबर सिक्योरिटी एवं डेटा प्रोटेक्शन हब बनाने पर होगा। साथ ही, योगी सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक सॉफ्टवेयर एक्सपोर्ट में पांच गुना वृद्धि हासिल की जाए।

### छह ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य

राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार 'विकसित यूपी @2047' के तहत लखनऊ और कानपुर में बनने वाली एआई सिटी, सेमीकंडक्टर और ईवी मैन्युफैक्चरिंग हब, ग्लोबल डेटा सेंटर, इनोवेशन इनक्यूबेटर और साइबर सिक्योरिटी हब जैसे कदम प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, ब्लॉकचेन और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में निवेश और रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे, जिससे न सिर्फ युवाओं को ग्लोबल स्किल्स और रोजगार मिलेगा, बल्कि प्रदेश की जीडीपी को लगातार 16 फीसदी वार्षिक वृद्धि दर पर बनाए रखने की मजबूती भी मिलेगी। यही विजन 2047 तक यूपी को 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की आधारशिला है।

# लखनऊ समेत प्रदेश के दस स्थानों पर होगा नमो युवा मैराथन का आयोजन

समृद्धि न्यूज

**प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान करेंगे युवा मोर्चा के कार्यकर्ता**

**लखनऊ।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को लखनऊ महानगर कार्यालय में प्रेस वार्ता कर भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अनुभव द्विवेदी व युवा मोर्चा अध्यक्ष मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि युवा ही भारतीय जनता पार्टी का भविष्य हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा का आयोजन 27 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस अभियान के तहत लखनऊ में 17 सितम्बर को विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवा मोर्चा द्वारा 175 यूनिट रक्तदान कर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम काल्विन तालुकदार कॉलेज में आयोजित होगा। इसके लिए युवा मोर्चा लगातार युवाओं से सम्पर्क कर उन्हें इस सेवा कार्य में भागीदारी के लिए प्रेरित कर रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष अनुभव द्विवेदी ने कहा कि युवा मोर्चा पूरे उत्तर प्रदेश में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। विशेष रूप से 21 सितम्बर को नमो युवा मैराथन का आयोजन 10 जिलों में किया जाएगा, जिसमें लखनऊ में लगभग 10,000 युवाओं के भाग लेने की सम्भावना है।

## खबरें एक नजर में

### पंजाब भेजी गई राहत किट, पांच हजार परिवार को मिलेगी मदद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ से पंजाब और कश्मीर के बाढ़ क्षेत्र के लिए श्टीम लखनऊश् राहत सामग्री भेजने का सिलसिला लगातार जारी। राहत सामग्री के बारे में जानकारी देते थे हुए बताया कि 5 हजार परिवारों के लिए राहत सामग्री की किट भेजी जा रही है। जिसमें 1 महीने का पूरा राशन, जूता-चप्पल, बेडसीट, तिरपाल, मच्छरदानी, मोमबत्ती मच्छरों से बचने के लिए मॉस्कीटो, टॉर्च और अन्य सामान शामिल हैं। कुदरत खान ने कहा कि हम सभी लोग बाढ़ से प्रभावित परिवार के साथ खड़े हैं। हमारी टीम हरसंभव मदद पहुंचा रही है। उन्होंने बताया कि 2018 में यूपी और केरल में आई बाढ़ के दौरान टीम लखनऊ नाम से एक समूह बनाया गया था। इसमें अलग-अलग धर्मों की प्रमुख हस्तियां शामिल थीं और राहत सामग्री भेजी गई थी। उसके बाद से सिलसिला लगातार जारी है। पूरे भारत में कहीं भी आपदा-विपदा आए, हमारी टीम मदद करने पहुंचती है। पंजाब के लिए भी टीम लखनऊ को ये जिम्मेदारी सौंपा गया है। पूरी कोशिश है जरूरतमंदों तक मदद पहुंच सके। आज 5000 परिवारों के लिए किट तैयार करके डिलीवर की जा रही है। भविष्य में जो आवश्यकता होगी उस अनुसार हम लोग काम करेंगे।

### दहेज के लिए शिक्षक पति व ससुराल वालों पर उत्पीड़न का केस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। सत्यलोक कॉलोनी की रहने वाली मोनिका वर्मा ने एसीपी कृष्णा नगर से शिकायत की। पीड़िता ने बताया कि गोरखपुर के बेलघाट क्षेत्र में शिक्षक पद पर तैनात संजय मौर्य से 27 मार्च 2022 को आर्य समाज मंदिर में शादी हुई थी। शादी में उन्होंने चौन, अंगूठी, घड़ी और दो लाख रुपए नकद समेत कई वस्तुएं दहेज में दीं। कुछ समय बाद ससुराल वाले 10 लाख रुपए और अन्य सामान की मांग करने लगे। मना करने पर जातिगत आधार पर ताने मारे और शादी तोड़ने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि उनके पति का एक विधवा महिला और उसकी बेटी से नजदीकी संबंध है। विरोध करने पर उसे मारपीट का सामना करना पड़ा। ससुराल पक्ष ने विद्यालय स्टाफ के सामने जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। पीड़िता ने पहले थाना बेलघाट, चौकी कूरी और सरोजनी नगर थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंत में उसे मारपीटकर घर से निकाल दिया गया। एसीपी कृष्णा नगर के आदेश पर सरोजनी नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एआई के स्टूडेंट ने सुसाइड किया, कमरे में लटकता मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बक्शी का तालाब स्थित आरआर इंस्टीट्यूट के छात्र ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र बीकेटी के रुदही गांव के पास किराए पर रहे कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग की पढ़ाई कर रहा था। वह थर्ड ईयर का छात्र था। आजमगढ़ निवासी पीयूष तिवारी (23) पिछले कुछ समय से लखनऊ में किराए पर रहकर पढ़ाई कर रहा था। बताया जा रहा है कि छात्र मानसिक रूप से अवसाद (डिप्रेशन) से पीड़ित था। लखनऊ के एक मनोचिकित्सक डॉक्टर से उसका इलाज भी चल रहा था। घटना के समय पीयूष का भाई, जो उसके साथ ही रहता था। दवाइयां लेने गया हुआ था। जब वह लौटा, तो उसने पीयूष को कमरे की छत में लगे पंखे के हुक से फांसी पर लटका पाया। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण मानसिक अवसाद बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमॉर्टम के बाद शॉप परिजनों को सौंप दिया गया है।

### गोमती पुस्तक महोत्सव की तैयारियां तेज, कमिश्नर ने की बैठक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय में 20 से 28 सितंबर तक आयोजित होने वाले बहुप्रतीक्षित गोमती पुस्तक महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। शुक्रवार को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक हुई जिसमें पुस्तक मेले की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव, एनबीटी इंडिया के निदेशक युवराज मलिक सहित जिला प्रशासन, नगर निगम, आरटीओ, सिटी ट्रांसपोर्ट, एसडीएम और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुस्तक महोत्सव के उद्घाटन दिवस पर सुचारू यातायात सुनिश्चित किया जाए। पार्किंग की विस्तृत व्यवस्था करने और कार्यक्रम स्थल तक आने-जाने के लिए अतिरिक्त बसों की सुविधा उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए। गोमती पुस्तक महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी करेंगे। मंडलायुक्त ने कहा कि छात्रों और बच्चों की भागीदारी को देखते हुए बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, स्वच्छता, मोबाइल टॉयलेट, गोल्फकार्ट, और प्राथमिक चिकित्सा पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि महोत्सव स्थल पर स्वच्छता बनाए रखने, आगंतुकों के लिए शिकायत केंद्र स्थापित करने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने पर विशेष फोकस किया जाएगा।

### पिकअप ने मां-बेटे को रौंदा, मां की मौत, बेटा घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर एक बेकाबू पिकअप ने नेवादा गांव के पास बाइक सवारों को रौंदा दिया। इसमें 55 साल की महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर घायल है। हादसे के बाद पिकअप ड्राइवर वाहन छोड़कर फरार हो गया। मृतका की पहचान सीतापुर जिले के कमलापुर थाना क्षेत्र के बेहरीमऊ की रहने वाली सरिता देवी के रूप में हुई। महिला अपने बेटे के साथ बाइक से लखनऊ जा रही थी। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला उछलकर सड़क पर गिर गई और पिकअप डाला का पिछला पहिया उसके सिर से गुजर गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना इटौंजा थाने में दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**चुनाव आयोग ने किया मीडिया व संचार अधिकारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन**

# भ्रामक सूचनाओं के प्रतिकार पर जोर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारियों यानि सीईओ कार्यालयों के मीडिया एवं संचार अधिकारियों के लिए ईसीआई के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि कार्यशाला में तथ्यों को साझा करने और भ्रामक सूचनाओं का प्रतिकार करने पर बल दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में सभी 36 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के कार्यालयों के मीडिया एवं संचार अधिकारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में 51 मीडिया नोडल अधिकारी और सोशल मीडिया नोडल अधिकारी शामिल हुए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों को संबोधित किया। इस अवसर पर यह विशेष रूप से रेखांकित किया गया कि भ्रामक सूचनाओं के बढ़ते खतरे को देखते हुए यह आवश्यक है कि जनता को स्पष्ट रूप से बताया जाए कि भारत में चुनाव पूरी तरह संविधान के अनुरूप कराए जाते हैं और तथ्यों के साथ गलत सूचनाओं का लगातार प्रतिकार किया जाए। सत्रों में सीईओ कार्यालयों की संचार प्रणाली को और सशक्त बनाने पर चर्चा हुई ताकि मीडिया एवं अन्य हितधारकों तक समय पर सही व तथ्यात्मक जानकारी पहुँचाई जा सके।

### सोशल मीडिया के दृष्टिकोण से विशेष सत्र हुआ आयोजित

कार्यशाला में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया से जुड़ा मीडिया एवं सोशल मीडिया के दृष्टिकोण से विशेष सत्र आयोजित किया गया। भ्रामक सूचनाओं का प्रतिकार करने हेतु विभिन्न उपकरणों, तकनीकों और रणनीतियों पर एक विशेषज्ञ सत्र आयोजित किया गया। यह कार्यशाला इस प्रकार की तीसरी सहभागिता थी। इससे पूर्व सीईओ कार्यालयों के मीडिया एवं संचार अधिकारियों के लिए परिचयात्मक कार्यक्रम 9 अप्रैल और 5 जून को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में आयोजित किए गए थे। इस कार्यशाला में यूपी मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की मीडिया व सोशल मीडिया नोडल अधिकारी गरिमा स्वरूप ने प्रतिभाग किया।

# ट्रेन से शराब तस्करी का खुलासा आरपीएफ ने पकड़े दो तस्कर

समृद्धि न्यूज

**192 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद**

**लखनऊ।** लखनऊ में आरपीएफ की क्राइम ब्रांच ने शराब तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। लखनऊ स्टेशन से बरौनी (बिहार) जा रही ट्रेन नंबर 15204 के सामान्य कोच में छिपाकर शराब ले जाई जा रही थी। इस दौरान 192 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

बरामद शराब की कीमत 28,800 रुपए बताई जा रही है। आरोपी बिहार में शराबबंदी का फायदा उठाकर ऊंचे दामों पर बेचने का धंधा चला रहे थे। पूछताछ में खुलासा हुआ कि वे प्रति चक्कर 3,000 से 4,000 रुपए का मुनाफा कमा रहे थे। ट्रेन 15204 लखनऊ जंक्शन से दोपहर 3.15 बजे रवाना होती है और बरौनी तक 16 घंटे 45 मिनट में पहुंचती है। यह ट्रेन 36 स्टेशनों पर रुकती है। इनमें बादशाह नगर, गोमती नगर और बाराबंकी जैसे स्टेशन शामिल हैं। आरपीएफ क्राइम ब्रांच के निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह और उप निरीक्षक प्रशांत सिंह यादव की टीम ने अमित कुमार और आबकारी विभाग के सहयोग से चेकिंग की। दो संदिग्ध यात्रियों के बैगों से प्रत्येक में 96-96 बोतलें बरामद हुईं।

# दो बच्चों का अपहरण, किडनैपर्स ने मांगी 10 लाख की फिरौती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के आलमबाग थाना क्षेत्र स्थित बीजी कॉलोनी से दो मासूम बच्चों का दिनदहाड़े अपहरण कर लिया गया। घटना गुरुवार दोपहर लगभग 3 बजे की है, जब 12 वर्षीय अर्जुन सिंह और प्रद्युम्न यादव साइकिल चलाने के लिए घर से निकले और वापस नहीं लौटे।

अर्जुन सिंह के पिता संजय सिंह ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार, उनका बेटा अर्जुन अपने साथी प्रद्युम्न यादव के साथ खेलने निकला था। देर शाम तक दोनों के वापस न लौटने पर परिजनों ने इलाके में खोजबीन शुरू की। बच्चे रातभर कहीं नहीं मिले। आज सुबह 6 बजे किसी का मैसेज आया। उसमें कहा गया कि तुम्हारे बच्चे हमारे पास हैं। अगर इन्हें वापस चाहिए तो 10 लाख रुपए देने होंगे। इससे परिजन डर गए। थाना आलमबाग में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। परिजनों ने पुलिस को बताया कॉलर ने कहा था कि अगर 10 लाख रुपए नहीं दिए तो बच्चों को जान से मार दिया जाएगा।

पुलिस ने आरोपियों की लोकेशन ट्रेस की है। उन्हें पकड़ने के लिए टीमें निकल चुकी हैं। एसएचओ आलमबाग सुभाष चंद्र सरोज ने बताया कि मामले में टीमें लगी हुई हैं। सीसीटीवी फुटेज में कल शाम 3 बजे दोनों बच्चे साइकिल चलाते दिखे।

# श्रद्धालुओं को मिलेगी उच्चस्तरीय सुविधाएं : जयवीर सिंह

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार सम्भल में धार्मिक पर्यटन को नई दिशा देने की महत्वाकांक्षी योजना पर तेजी से काम कर रहा है। जिले के प्राचीन तीर्थ स्थलों और ऐतिहासिक कूपों के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए 5 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों के विकास योजना के तहत प्राचीन धार्मिक स्थलों के आसपास सुधार, सौंदर्यीकरण और पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित की जा रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभागीय प्रयासों से सम्भल के धार्मिक स्थलों की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई मिलेगी।

# वोट की डकैती होगी तो पड़ोसी देश की तरह यूपी की जनता भी सड़क पर दिखाई देगी : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव शुक्रवार को सरदार के लुक में नजर आए। उन्होंने इसी लुक में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हुआ यूं कि अखिलेश ने सपा कार्यालय में किसान आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले लोगों के परिवार को सम्मानित किया। इस दौरान सिख समुदाय ने मंच पर ही उनको पगड़ी पहनाई।



अखिलेश ने कहा लाल पगड़ी खुशी के समय पहनाई जाती है। अब खुशी आने वाली है सपा सरकार बनने वाली है। उन्होंने नेपाल में तख्त पलट को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। कहा वोट की डकैती होगी तो पड़ोसी देश की तरह यूपी की जनता भी सड़क पर दिखाई देगी। उन्होंने कहा यहां बाबा ने कब्जा कर रखा है। उनका इशारा सीएम योगी की तरफ माना जा रहा है। एसआईआर यानी एसआईआर पर चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर काम करेगा। चुनाव आयोग भाजपा का जुगाड़ आयोग नहीं बनेगा। यूपी में कुंदरकी चुनाव में सीएम ने अपनी जाति के अफसर को तैनात कर बंदूक के दम पर चुनाव जीता है। अखिलेश यादव ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक पर भी हमला बोला। कहा-जो डपट खाकर काम करता है, वही डिप्टी सीएम है। जिसकी खुद गाड़ी छिन गई, उससे क्या उम्मीद करेंगे? केजीएमयू, लोहिया अस्पताल और सिविल अस्पताल की क्या हालत है? कर्नलगंज की पीएचसी में शौचालय में डिलीवरी कराई गई। यह स्थिति बताती है कि डिप्टी सीएम ने कोई व्यवस्था नहीं की। मंत्री बेबी रानी मौर्य का जान बुझकर अपमान कराया जा रहा है, उन्हें राज्यपाल से हटाकर यूपी में चुनाव लड़ाया गया था कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाएगा, लेकिन सिर्फ मंत्री बनाया गया, जो सीएम बने हैं, वही उनका अपमान करा रहे हैं।

# सहकारिता से देश बड़े कीर्तिमान स्थापित कर रहा

**एम-पैक्स सदस्यता महाभियान का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री मुरलीधर बने मुख्य अतिथि**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को गोमती नगर स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में एम-पैक्स सदस्यता महाभियान 2025 का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल शामिल हुए। उन्होंने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष मनाया जा रहा है। इस क्रम में अलग-अलग जगहों पर कार्यक्रम के आयोजन हो रहे हैं।

यूपी में योगी जी के मार्गदर्शन में बहुत बड़ा सम्मेलन हुआ। दूसरी बार सदस्यता महा अभियान की शुरुआत हुई है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा देश में सहकारिता सदस्यता अभियान और काम सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में होते हैं। इसके लिए राज्य मंत्री और सीएम योगी को बधाई देंगे। हमारा देश कृषि प्रधान देश है। विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है। आगे चलकर हमें और बड़े कीर्तिमान स्थापित करने हैं। प्रधानमंत्री ने जिस उद्देश्य के साथ सहकारिता मंत्रालय का गठन किया था। उसे पूरी सफलता मिल रही है। प्रदेश सरकार में पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय निषाद और सहकारिता राज्यमंत्री जेपीएस राठौर विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। जादूगर राकेश ने अपनी कला का अद्भुत नजारा पेश किया। राकेश के जादुई फन को देखकर मंत्री और कार्यकर्ताओं ने जमकर ताली बजाई। मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने कहा उत्तर प्रदेश और देश को सहकारिता के माध्यम से नई सफलताएं मिल रही हैं। सदस्यता अभियान के तहत जो उपेक्षित वर्ग के लोग थे। उन्हें मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा हमारी सरकार समाज के हर वर्ग के लिए काम कर रही है। सहकारिता इसका एक बड़ा उदाहरण है।

# मड़ियांव पुलिस ने दबोचे दो मोबाइल चोर, कब्जे से मोबाइल बरामद

**लखनऊ।** मड़ियांव थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने इन चोरों को पकड़ा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बबलू कश्यप, निवासी-सेक्टर 7, जानकीपुरम विस्तार, और अतुल, निवासी- 3/923, जानकीपुरम विस्तार के रूप में हुई है। पूछताछ में उन्होंने कई चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक चोरी का मोबाइल भी बरामद किया है। पुलिस कमिश्नरेट की टीम ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की है और आरोपियों को विधिक कार्यवाही के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस उनके आपराधिक इतिहास के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है।

# राष्ट्र से बड़ा कुछ भी नहीं, राष्ट्र है तो हम है : हनुमंत प्रसाद सिंह



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे प्रमुख कार्यक्रम अभियान सेवा पखवाड़ा 2025 की मंडल स्तरीय कार्यशाला ब्लॉक पवई के सभागार में मंडल अध्यक्ष भाजपा विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसके मुख्य अतिथि हनुमंत प्रसाद सिंह जिला उपाध्यक्ष जिला, अभियान संयोजक लालगंज रहे।

मुख्य अतिथि का मंडल अध्यक्ष ने अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। उपाध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन से अभियान के समस्त आयाम को सफलतापूर्वक गति देने पर बल मिलेगा। राष्ट्र पर जोर देते हुए हनुमंत प्रसाद सिंह ने कहा कि राष्ट्र से बड़ा कुछ भी नहीं, राष्ट्र है तो हम है। उक्त अवसर पर मंडल पवई के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अभियान संयोजक राम मणि यादव, जिला सदस्य डॉक्टर देवेंद्र नाथ सिंह, अशोक यादव, रमाकांत मिश्रा, शिव शंकर बिंद्रा, एमएलसी प्रतिनिधि राम सागर राजभर सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश पांडेय मंडल महामंत्री ने किया।

# महाकुंभ-2025 में उत्कृष्ट कार्यों के लिए अग्निशमन और आपात सेवा के अफसरों के कार्यों की देश भर में सराहना

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** वर्ष 2025 में आयोजित प्रयागराज महाकुम्भ का समापन भले ही हो चूका है, परंतु इसकी उपलब्धियों की गूंज अभी भी पूरे देश में सुनाई दे रही है। महाकुम्भ के दौरान 45 दिनों के इस दिव्य एवं भव्य आयोजन में प्रदेश के अग्निशमन विभाग ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे आयोजन के दौरान आग की वजह से एक भी जनहानि नहीं हुई।

प्रदेश के अग्निशमन विभाग के इस उत्कृष्ट कार्य को पूरे देश में न सिर्फ सराहा जा रहा है, बल्कि पुरस्कृत भी किया जा रहा है। इसी क्रम में नई दिल्ली द्वारका के यशोभूमि कन्वेंसन हाल में आयोजित इंटरनेशनल स्तर के एक प्रोग्राम में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान उत्तर प्रदेश के अग्निशमन विभाग की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए विभाग के अधिकारियों को सम्मानित किया। जिसमे पद्मजा चौहान की अगुवाई में प्रमोद शर्मा नोडल ऑफिसर महाकुंभ मेला, अंकुश मित्तल चीफ फायर ऑफिसर महाकुंभ मेला, रमेश तिवारी चीफ फायर ऑफिसर महाकुंभ मेला, संजीव कुमार फायर ऑफिसर महाकुंभ मेला व अमित कुमार सेकंड फायर ऑफिसर महाकुम्भ मेला को ब्रेवरी एवं सुपर हीरो ऑफ़ फायर सर्विसेज अवार्ड से सम्मानित किया गया जो स्न्नस्ढ्ढ द्वारा दिया जाने वाला सर्वोत्तम पुरस्कार है। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज के संगम तट पर विश्व के सबसे बड़े मानवीय समागम, महाकुम्भ में 66. 5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया था।

**बैठक**

**खाद्य प्रसंस्करण से किसानो व युवाओं की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार के ठोस प्रयास**

# खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में रोजगार की अपार सम्भावनाएं

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र मे किसानों व उद्यमियों की आमदनी बढ़ाने तथा युवाओं के लिए रोजगार की अपार सम्भावनायें है।



उन्होने खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिये हैं कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के तहत दी जा रही सुविधाओं तथा प्रदत्त व प्राविधानित अनुदान आदि के बारे मे लोगो को जागरूक व प्रेरित किया जाय ताकि अधिक से अधिक उद्यम स्थापित हो सकें। इस दिशा मे उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा बहुत तेजी से कार्य किया जा रहा है।उन्होंने निर्देश दिये हैं कि उद्यान व खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देकर किसानो के उत्पादो का अधिक से अधिक दाम दिलायें। विकसित भारत के निर्माण मे खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर का बहुत बड़ा योगदान रहेगा। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में विभाग द्वारा बहुत ही प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों के परीक्षण हेतु अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बी एल मीना की अध्यक्षता में शुक्रवार को उद्यान निदेशालय मे अप्रेजल समिति की बैठक सम्पन्न हुयी, जिसमे उद्यमी मित्र व उद्यमी व उद्यान विभाग के अधिकारी वर्चुवल रूप से जुड़े रहे। बैठक मे प्रस्तुत पाँच प्रस्तावों का परीक्षण किया गया। प्रस्तावों के परीक्षण से संबन्धित चर्चा के मध्य अध्यक्ष द्वारा सम्बन्धित जिलो के जिला उद्यान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नीति अंतर्गत प्रदत्त व्यवस्था के अनुरूप अनाज दाल तिलहन प्रसंस्करण अंतर्गत केवल चावल तथा दाल निकालना मात्र प्रसंस्करण नहीं है अपितु चावल, दाल से बनने योग्य विभिन्न खाद्य पदार्थ, जो रेडी टू सर्व की श्रेणी में आते हों, से संबन्धित प्रस्तावों को तैयार कराकर नीति अंतर्गत आवेदन करने हेतु उद्यमियों इन्वेस्टर्स को प्रेरित किया जाये। गुड़ आधारित प्रस्तावों के बारे मे कहा गया कि गन्ने से रस निकालना मात्र प्रसंस्करण नहीं है, अतः गुड़ आधारित कैण्डी, गजक, चिक्की, माउथ फ्रेशनर, क्रिस्टल जैगरी शुगर आदि मार्केट आधारित डिमाण्ड ड्रिवन प्रोडक्ट उत्पादन से संबन्धित प्रस्तावों को नीति अंतर्गत प्रोत्साहित किया जाये। प्रदेश में लघु उद्यम विकास हेतु बेकरी, बिस्कुट एवं अन्य पेय पदार्थों के उत्पादन प्रोडक्शन हेतु जनपदों में एक वर्षीय डिप्लोमा कार्यक्रम की व्यवस्था प्रतिपादित की जा रही है ताकि इस क्षेत्र में तकनीकी कार्मिकों की बढ़ती मांग को पूरा कराया जा सके। इन केन्द्रों पर बेकरी, कार्बोनेटेड ड्रिक्स, होलिस्टिक पेय पदार्थों हेतु प्लाण्ट एवं मशीनरी की व्यवस्था उ0प्र0 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत प्राविधानित धनराशि के अंतर्गत किया जाना प्रस्तावित है। बैठक में विजय सोनी

# फिर लौटा भेड़िया : मां के साथ सो रही तीन माह की मासूम को बनाया निवाला

## गन्ने के खेत में मिला क्षत-विक्षत शव, वृद्ध महिला को भी किया घायल, दो दिन पहले सात साल की बच्ची का किया था शिकार

राहुल सोनी





**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में एक बार फिर भेड़िए का आतंक देखने को मिल रहा है। बौडी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मंझारा तोंकली के बभनन पुरवा गांव में इन दिनों एक आदमखोर भेड़िए का आतंक छाया हुआ है। ताजा घटना में भेड़िए ने पहले एक वृद्ध महिला पर हमला किया, फिर एक मासूम नवजात बच्ची को मां की गोद से छीनकर मौत के घाट उतार दिया। इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई है।

घटना के अनुसार, बभनन पुरवा गांव की रहने वाली एक बुजुर्ग महिला पर उस समय भेड़िए ने हमला किया जब वह अपने घर के पास बैठी थी। पहले से घात लगाए बैठे भेड़िए ने अचानक उसकी गर्दन पर झपट्टा मार दिया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे किसी तरह छुड़ाया और आनन-फानन में सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं, जिले के महसी तहसील के एक गांव में मां के साथ सो रही 3 माह की बच्ची को जंगली जानवर उठा ले गया। बच्ची का क्षत-विक्षत शव गन्ने के खेत में मिला।महसी तहसील के बहोरवा गांव में एक बार फिर भेड़िए के हमले ने दहशत फैला दी है। गुरुवार देर रात एक जंगली जानवर ने मां के साथ सो रही तीन महीने की मासूम बच्ची को उठा ले गया। सुबह ग्रामीणों को गन्ने के खेत में बच्ची के शव के अवशेष मिले। यह घटना उस इलाके में हुई, जहां दो दिन पहले एक सात साल की बच्ची भी भेड़िए का शिकार बन चुकी है। लगातार हो रहे इन हमलों से क्षेत्र में भय का माहौल है। घटना गुरुवार रात करीब 1 बजे की है, जब बहोरवा गांव की रहने वाली रानी अपनी तीन महीने की बेटी संध्या के साथ घर के बरामदे में सो रही थी। अचानक एक हिंसक जानवर ने बच्ची को मां की गोद से छीन लिया। मां की चीख सुनकर परिजन और पड़ोसी जाग गए और तुरंत बच्ची की तलाश शुरू की। रातभर खोजबीन के बावजूद बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला।

सुबह ग्रामीणों ने गांव से करीब 600 मीटर दूर गन्ने के खेत में बच्ची के शव के अवशेष बरामद किए, जो क्षत-विक्षत हालत में थे। पिछले कुछ हफ्तों से कैसरगंज क्षेत्र में इस आदमखोर भेड़िए के हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि आदमखोर भेड़िए को जल्द से जल्द पकड़कर इलाके को इस आतंक से मुक्ति दिलाई जाए। वहीं, प्रशासन ने भी घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए गश्त बढ़ाने और भेड़िए को पकड़ने के लिए विशेष टीम तैनात करने की बात कही है।

### विधायक ने किया घटना स्थल का निरीक्षण



क्षेत्रीय विधायक सुरेश्वर सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से वार्ता की। तो वहीं परिवार जनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।



**दो दिन पहले भी हुआ था हमला :** यह कोई पहली घटना नहीं है दो दिन पहले, 10 सितंबर 2025 को इसी इलाके में एक सात साल की बच्ची पर भेड़िए ने हमला किया था उस बच्ची का शव भी गन्ने के खेत में मिला था। ग्रामीणों का कहना है कि यह हमला भी उसी जंगली जानवर ने किया, जिसने हाल के महीनों में कई बच्चों को अपना निशाना बनाया है। पिछले साल भी महसी तहसील में भेड़ियों के हमलों में 10 लोगों की जान गई थी और 60 से अधिक लोग घायल हुए थे।

**पिछले हमलों का साया :** पिछले साल महसी तहसील के घाघरा नदी के कछार क्षेत्र में भेड़ियों ने 50 से अधिक गांवों में आतंक मचाया था। जुलाई 2024 से सितंबर 2024 तक सात बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हुई थी और दर्जनों लोग घायल हुए थे। वन विभाग ने तब कड़ी मशक्कत के बाद छह भेड़ियों को पकड़ा था, लेकिन हाल की घटनाएं दर्शाती हैं कि खतरा अभी टला नहीं है।

### वन्य जीव सक्रियता वाले क्षेत्रों के लिए गठित किए गए 11 गश्ती दल

डीएफओ राम सिंह यादव ने बताया कि बहोरवा, पो. मंझारा तौकती, थाना बौण्डी तहसील महसी में अज्ञात वन्य जीव द्वारा किये गये हमले के दृष्टिगत प्रभाग स्तर से 07 एवं वन संरक्षक, देवीपाटन वृत्त, गोण्डा स्तर से 04 गश्ती टीमों का गठन किया गया है जो दिवस/रात्रि वन्य जीव सक्रियता क्षेत्रों में गश्त की कार्यवाही कर रही है। डीएफओ श्री यादव ने बताया कि वन्य जीव सक्रियता वाले क्षेत्र में 03 थर्मल ड्रोन कैमरों को चलाकर तथा संवेदनशील स्थानों पर कैमरा ट्रैप्स को स्थापित कर वन्य जीव को खोजने की कार्यवाही की जा रही है। वन्य जीव के हमले से प्रभावित ग्रामों में सोलर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। ताकि वन्य जीव की पहचान सुनिश्चित करते हुए उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके। गश्ती टीमों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में पैदल चलकर सक्रिय वन्य जीव को चिन्हित किये जाने एवं पगमार्क खोजने की कार्यवाही की जा रही है। डीएफओ ने बताया कि जनजागरूता टीमों द्वारा स्थानीय ग्रामीणजनों को हिंसक वन्य जीवों से बचाव हेतु लगातार जागरूक किया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्र के ग्रामवासियों को रात्रि में अपने घरों के अन्दर दरवाजा बन्द करके स्वयं एवं बच्चों को सुरक्षित सुलाने हेतु आग्रह किया जा रहा है। गश्ती टीमें द्वारा प्रभावित ग्राम के बाहरी क्षेत्रों में पटाखों को दगाकर वन्य जीव को रोकने की कार्यवाहियों की जा रही है।

### वन विभाग की कार्रवाई

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है हमले के पैटर्न और पगचिह्नों से ऐसा प्रतीत होता है कि यह भेड़िए का काम हो सकता है, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य सबूतों की जांच के बाद ही अंतिम निष्कर्ष निकाला जाएगा। उन्होंने कहा वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और जंगली जानवर को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाने की योजना बनाई है। इसके अलावा, ड्रोन कैमरों की मदद से इलाके की निगरानी की जा रही है।

### ग्रामीणों में दहशत, प्रशासन से मांग

लगातार हो रहे इन हमलों से बहोरवा गांव और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस हिंसक जानवर को पकड़ा जाए। गांव के प्रधान राम अवतार ने कहा लोग रात में घर से निकलने से डर रहे हैं बच्चे और महिलाएं सबसे ज्यादा खतरे में हैं। वन विभाग को तुरंत कदम उठाना चाहिए। ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए।

## पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल : एक निरीक्षक व 14 उप निरीक्षकों को मिली नई जिम्मेदारी, 32 आरक्षियों के क्षेत्र भी बदले

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़े स्तर पर तबादले किए हैं। लाइन में तैनात निरीक्षक समर सिंह को थाना फखरपुर का अपराध निरीक्षक नियुक्त किया गया है। लाइन में तैनात उप निरीक्षकों को विभिन्न चौकियों का प्रभार सौंपा गया है। भानु प्रताप सिंह को बक्शीपुरा चौकी का प्रभारी बनाया गया है। कामेश्वर राय को दरगाह चौकी का प्रभार दिया गया है। चंद्र सेन को कोतवाली देहात में वरिष्ठ उप निरीक्षक की जिम्मेदारी मिली है। वेद प्रकाश पांडे को बागेश्वर धाम चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। दिवाकर तिवारी को आचौलिया चौकी और अजीत कुमार त्रिपाठी को वजीरगंज चौकी का प्रभार मिला है। गुरु सेन सिंह को कटिलिया चौकी और बृजेश कुमार को हरनी बाजार चौकी का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा 32 महिला और पुरुष आरक्षियों के कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ये सभी तैनातियां कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने और जनहित को ध्यान में रखते हुए की गई हैं।

## खबरें एक नजर में

### कतर्नियाघाट के होम स्टे में जंगली हाथी का उत्पात



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज के रमपुरवा गांव में एक जंगली हाथी ने उत्पात मचा दिया। गुरुवार शाम सात बजे हाथी ने पूर्व कतर्नियाघाट डीएफओ आनंद कुमार की पत्नी कुमुद श्रीवास्तव के होम स्टे लेपड्र्स डेन पर हमला किया। होम स्टे मैनेजर मुजफ्फर सलमानी के अनुसार, हाथी ने बाउंड्री की चेनलिंक फेंसिंग और 11 आरसीसी पिलर को नुकसान पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने शोर मचाकर हाथी को भगाने का प्रयास किया। करीब आधे घंटे के उत्पात के बाद हाथी जंगल की ओर भाग गया। कुमुद श्रीवास्तव ने कतर्नियाघाट के डीएफओ को प्रार्थना पत्र भेजकर मुआवजे की मांग की है। उन्होंने नुकसान का आंकलन लगभग 50 हजार रुपए बताया है। पिछले कुछ दिनों से कतर्नियाघाट जंगल से लगे इलाकों में हाथियों की गतिविधियां बढ़ गई हैं। वन विभाग ने गांव में तैनात गजमित्रों की टीम को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

### सुरेन्द्र कुमार शर्मा निरीक्षक से उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नत



बहराइच समृद्धि न्यूज़ निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नत होने के अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने बैच व स्टार लगाकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा के पुलिस उपाधीक्षक पद पर प्रोन्नत होने के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्टार व बैच लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, रामानंद कुशवाहा तथा पुलिस कार्यालय में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा प्रोन्नत अधिकारी को शुभकामनाएं दी।

### महिला, युवती ने खाया जहर, एक की मौत

**गोंडा,समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग ग्राम में परिवारिक कलह को लेकर एक महिला और युवती ने जहर खा लिया। इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। नगर कोतवाली क्षेत्र के कटहरिया जोत निवासी 60 वर्षीय संवारी देवी पत्नी राम राज ने घर के आपसी कलह को लेकर जहरीला पदार्थ खा लिया था। इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है । नगर कोतवाली क्षेत्र के इमरती बिसेन गांव के निवासी दिनेश कुमार की 17 वर्षीय पुत्री राधा देवी को घर के काम को लेकर डाटा गया था। जिस से क्षुब्ध होकर बृहस्पतिवार के दिन जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत खराब होने पर उस को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। हालत खराब तबाई गई है ।

## अभियान : शताब्दी वर्ष में घर-घर जाएंगे स्वयंसेवक

▸ संघ शताब्दी वर्ष का साक्षी बना गौरव की बात : सुभाष

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय राजेंद्र भवन बहराइच में प्रचार विभाग के तत्वावधान में आयोजित प्रबुद्ध जन गोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष ने कहा कि सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में भारत को परम वैभव पर ले जाने हेतु संघ संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार जी ने सन 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य प्रारंभ किया।

डॉ जी ने व्यक्तित्व निर्माण की एक अद्वितीय कार्य पद्धति विकसित की जो हमारी सनातन परंपराओं और मूल्यों के परिपेक्ष में राष्ट्र निर्माण का तप बन गया। हमारा सौभाग्य है कि हम इस पवित्र कार्य के एक घटक है। हम सभी शताब्दी वर्ष के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर के मध्य मंडल बस्ती स्तर पर विजयादशमी कार्यक्रम का आयोजन होगा इसमें संघ के सभी स्वयंसेवक पूरी सक्रियता के साथ उपस्थित होंगे। इसके उपरांत 5 नवंबर से 16 नवंबर के मध्य सामाजिक सद्भाव की बैठक आयोजित होगी सामाजिक सद्भाव की बैठकों का मुख्य उद्देश्य समाज परस्पर सहयोगी बने, सभी मिलकर समाज के प्रश्नों का समाधान करें, सामाजिक नेतृत्व विकसित हो समाज की कमियां दूर हो तथा सक्षम बने ऐसा प्रयास किया जाएगा। 20 नवंबर से 21 दिसंबर 2025 तक विश्व का सबसे बड़ा ग्रह संपर्क अभियान संचालित होगा तथा अवध प्रांत के 40 लाख घरों में संपर्क होगा इस महा संपर्क अभियान में 80000 कार्यकर्ता 20000 टोलियो द्वारा एक माह तक व्यापक ग्रह संपर्क के माध्यम से समाज में संघ के विचार कार्य और उद्देश्य को व्यक्तिगत संवाद के द्वारा पहुंचाया जाएगा। गोष्ठी का संचालन विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़ ने किया। इस अवसर पर विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार, भागवत प्रसाद शुक्ला, संतोष श्रीवास्तव, शशांक सिन्हा, अनुराग गुप्ता, उमाकांत शुक्ला, राहुल सोनी, राहुल यादव, हनी साहू, अक्षय शर्मा, अरुण दीक्षित, विभाग संपर्क प्रमुख धर्मेंद्र जिला प्रचार प्रमुख विपिन, सह प्रचार प्रमुख विवेक आदि मौजूद रहे।

## 22 संविदा चिकित्सकों का चयन, 20 सितंबर तक कार्यभार ग्रहण करना अनिवार्य

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संविदा चिकित्सकों का चयन किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में यह चयन प्रक्रिया दो दिवसीय साक्षात्कार कार्यक्रम के माध्यम से सम्पन्न हुई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि 08 सितम्बर को आयोजित साक्षात्कार में एमबीबीएस के 44 तथा दंत शल्यक के 12 अभ्यर्थियों का इंटरव्यू लिया गया। 09 सितम्बर को मेन स्ट्रीमिंग ऑफ आयुष के 78 और आरबीएसके के 2 संविदा आयुष चिकित्सकों का साक्षात्कार सम्पन्न हुआ। दो दिनों में कुल 136 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार विकास भवन में हुआ। उन्होंने बताया वॉक-इन-इंटरव्यू और दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 22 चिकित्सकों की चयनित सूची जारी कर दी गई है। सभी नए चिकित्सकों की तैनाती विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों और कार्यक्रमों में की जाएगी, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं सहित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को और गति मिलेगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सरजू खान ने बताया कि चयनित चिकित्सकों को 20 सितम्बर तक कार्यभार ग्रहण करना होगा। निर्धारित समय पर ज्वाइन न करने की स्थिति में नियुक्ति स्वतः निरस्त मानी जाएगी। इसकी सूचना डीएम, सीडीओ, सीएमओ व डीपीएमयू कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है।

### इन कार्यक्रमों में होगी तैनाती

1. ब्लड बैंक
2. बीमार नवजात शिशु देखभाल इकाई
3. नवजात शिशु स्थिरीकरण इकाई
4. नवजात निमोनिया देखभाल इकाई
5. गर्भावस्था पूर्व जांच, प्रसवोत्तर देखभाल एवं परिवा र नियोजन परामर्श इकाई
6. गैर-संचारी रोग व राष्ट्रीय कार्यक्रम हृदयाघात व आघात देखभाल
7. राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन- आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन

## साइकिल सवार दो युवकों को रोडवेज बस ने कुचला युवक की मौत, एक घायल

**गोंडा।** कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के चचरी मोड़ के पास शुक्रवार की सुबह एक साइकिल पर सवार दो युवक को रोड बेज बस ने कुचल दिया जिस से कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के जहगिरवा निवासी 20 वर्षीय चिमन लाल उर्फ गौतम पुत्र पूरन लाल उर्फ बाबू लाल की मौके पर ही मौत हो गई।जब कि दूसरा युवक उसी गांव का निवासी 22 वर्षीय इंद्रेश प्रताप सिंह उर्फ शनि सिंह पुत्र पवन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिस को इलाज के लिए मेडिकल में भर्ती कराया गया था। हालत खराब होने पर उस को लखनऊ रेफर कर दिया गया। मृतक गौतम के पिता बाबू लाल ने बताया कि उस का पुत्र चिमन लाल उर्फ गौतम और उस का साथी शनि सिंह दोनो एक ही साइकिल पर सवार हो कर चचरी मोड पर पराग डेरी पर दूध देने के लिए आ रहे थे। बरगदी कोर्ट के पास लखनऊ से गोंडा की तरफ आ रही रोडवेज बस ने अपने साइड को छोड़ते हुए दूसरी पटरी पर आ गई और कुचल दिया।

## गंदे पानी में विसर्जन पर कांग्रेस ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन, प्रतिमा विसर्जन स्थल की दुर्दशा

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** शहर कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। नगर अध्यक्ष मिर्जा तारिक बेग ने बताया कि झिंगहाघाट पर हाल ही में गणेश प्रतिमा विसर्जन हुआ था। नदी के मुहाने के बंद होने से शहर की गंदगी और दूषित नालियों का पानी जमा हो गया था। इसी गंदे पानी में लोगों को प्रतिमा विसर्जन करना पड़ा।

युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव रवि श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी नवरात्रि में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन होना है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि विसर्जन स्थल पर तत्काल सफाई की व्यवस्था की जाए। साथ ही स्वच्छ जल में प्रतिमा विसर्जन के लिए विशेष इंतजाम किए जाएं। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य अमर नाथ शुक्ल, डॉ हलीम अहमद, शहर उपाध्यक्ष मुकुंद शुक्ल, राघवेंद्र द्विवेदी पुल्लू और युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव भावेश पाठक समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नगर सर्किल में स्थापित हुई नवीन चौकियां, सुरक्षा के दृष्टिगत एसपी ने किया स्थापित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक ने जनपद में शान्ति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण तथा जनसुनवाई को अधिक सुगम बनाने के लिए जनपद के नगर सर्किल में कुछ नवीन चौकियाँ स्थापित की गयी हैं जबकि कुछ चौकियों के नाम/ क्षेत्र परिवर्तित किये गये हैं। इसी क्रम में नगर क्षेत्र के थानों में कुछ नवीन चौकियों, थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत चौकी जिला जेल व चौकी धरसवां, थाना दरगाह शरीफ क्षेत्रान्तर्गत चौकी दरगाह व चौकी बक्शीपुरा, थाना रानीपुर क्षेत्रान्तर्गत चौकी अचौलिया व चौकी कुट्टी बाजार, थाना रिसिया क्षेत्रान्तर्गत चौकी कटिलिया, थाना पयागपुर क्षेत्रान्तर्गत चौकी बागेश्वरधाम, थाना कैसरगंज क्षेत्रान्तर्गत चौकी गोड़हिया नं. 01 व चौकी हरनी बाजार, थाना फखरपुर क्षेत्रान्तर्गत चौकी वजीरगंज व चौकी पटेसिया स्थापित की गयी हैं जबकि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में पूर्व स्थित चौकी जेल का नाम चौकी दोनक्का, थाना पयागपुर क्षेत्र में पूर्व स्थित चौकी मलावा का नाम चौकी बभनियांवा किया गया है।

## एंटी करप्शन टीम ने घूस लेते हुए राजस्व निरीक्षक को किया गिरफ्तार, मचा हड़कंप

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** कर्नल गंज तहसील के राजस्व निरीक्षक संजय शुक्ला को दस हजार रुपए का घूस लेते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन के प्रभारी राम सहाय यादव ने पकड़ लिया और उनके खिलाफ में नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा कर जेल भेज दिया। परस पुर थाना क्षेत्र के शाह पुर धनावा निवासी राम कुमार पुत्र बिंदेश्वरी प्रसाद की जमीन का पैमाईश कराना था। पैमाईश के लिए तहसील कर्नल गंज में प्राथना पुत्र दिया था। उसी पत्र पर ही एसडीएम ने पैमाईश की कारवाही के लिए लिखा था।

एसडीएम के लिखने के बाद राजस्व निरीक्षक संजय कुमार शुक्ला पुत्र राधा रमण शुक्ला निवासी इंदिरा नगर लखनऊ बार बार समय देखकर शिकायत कर्ता राम कुमार को दौड़ाने लगा। राम कुमार ने बताया कि पैमाईश के लिए राजस्व निरीक्षक संजय कुमार शुक्ला ने दस हजार रुपए की मांग किया और कहा कि पैमाईश के धारा 24 की रिपोर्ट लगा कर कारवाही तुम्हारे पक्ष में कर देंगे। इस पर उस ने दस हजार रुपए देने की बात कह कर चुपके से भ्रष्टाचार निवारण संगठन के प्रभारी राम सहाय यादव से शिकायत कर दिया। बृहस्पतिवार की सुबह तहसील परिसर में सरकारी आवास पर रह रहे राजस्व निरीक्षक संजय कुमार शुक्ला के यहां शिकायत कर्ता राम कुमार घुस के नाम पर दस हजार रुपए देने लगे।तभी एंटी क्रैप्शन टीम के प्रभारी राम सहाय यादव ने रंगे हाथों पकड़ लिया। राजस्व निरीक्षक के गिरफ्तारी होते ही हड़कंप मच गया।

## विज्ञान व शोध के क्षेत्र में सहभागिता बढ़ाएं छात्र

▸ महिला कल्याण विभाग ने किया विशेष जागरूकता कार्यक्रम का समापन

समृद्धि न्यूज




**गोण्डा।** कटरा बाजार स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में महिला कल्याण विभाग द्वारा गत 10 दिनों से संचालित विशेष जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन ÷गर्ल्स/वूमेन एक्सेलिंग इन एसटीईएम÷ विषय पर छात्राओं को जागरूक किया गया। इसमें विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला गया।

यह बताया गया कि शिक्षा के माध्यम से महिलाएं नवाचार को बढ़ावा देती हैं तथा लैंगिक समानता स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही छात्राओं को प्रेरित किया गया कि वे विज्ञान और शोध के क्षेत्र में भी अपना भविष्य संवार सकती हैं। डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ रही है और बालिकाओं को इस दिशा में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

जेंडर स्पेशलिस्ट ज्योत्सना सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि एसटीईएम शिक्षा से बालिकाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और समाज में नई दिशा दे सकती हैं। वहीं, जेंडर स्पेशलिस्ट राजकुमार आर्य ने कहा कि विज्ञान और नवाचार में महिलाओं की भूमिका से देश को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान वार्डेन ऋचा मिश्रा, शिक्षिका अर्चना श्रीवास्तव, शादमा इस्माईल, कविता आर्य, अनुराधा शुक्ला, रीनू यादव एवं केतकी देवी सहित विद्यालय की सभी छात्राएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ, जहां बालिकाओं ने एसटीईएम शिक्षा से जुड़कर भविष्य निर्माण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम

### श्रावस्ती में विकसित उत्तर प्रदेश 2047 पर संवाद, पत्रकारों से लेकर छात्रों तक ने दिए सुझाव

## समर्थ पोर्टल से जुटेगा जनता का फीडबैक, विकास की रणनीति में होगा शामिल

▸ इकौना इंटर कॉलेज में छात्र-शिक्षकों ने रखे तकनीकी नवाचार व रोजगारपरक शिक्षा के सुझाव

समृद्धि न्यूज




**गोण्डा/श्रावस्ती।** शासन की दूरदर्शी एवं महत्वाकांक्षी पहल समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के अंतर्गत श्रावस्ती में दो महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। पहला कार्यक्रम विकास भवन सभागार श्रावस्ती में हुआ, जबकि दूसरा संवाद राजकीय महामाया इंटर कॉलेज इकौना में आयोजित किया गया।

दोनों ही कार्यक्रमों की अध्यक्षता आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील, सेवानिवृत्त आईपीएस प्रमोद कुमार तिवारी एवं जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने संयुक्त रूप से की। विकास भवन सभागार में आयोजित संवाद कार्यक्रम में जनपद के पत्रकार बन्धुओं, राज्य/जनपद स्तरीय खिलाड़ियों एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश को विकसित बनाने हेतु समाज के विभिन्न वर्गों के विचारों को एक मंच पर संकलित करना था।

सेवानिवृत्त आईपीएस प्रमोद कुमार तिवारी ने समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/2047 की रूपरेखा पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में उत्तर प्रदेश की विशेष भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति तभी संभव है जब समाज का हर वर्ग सक्रिय रूप से योगदान दे। आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने अपने विचार रखते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए संकल्प के अनुरूप उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। नागरिकों की सहभागिता से ही एक समृद्ध, समान एवं वैश्विक स्तर पर सम्मानित राज्य का निर्माण संभव होगा। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि अभियान के तहत छात्रों, शिक्षकों, किसानों, व्यवसायियों, उद्यमियों, मीडिया व अन्य लक्षित समूहों से संवाद कर फीडबैक लिया जा रहा है। इसके लिए समर्थ पोर्टल विकसित किया गया है, जिस पर नागरिक क्यूआर कोड स्कैन कर अपने सुझाव दर्ज कर सकते हैं। चयनित सुझावों को प्रदेश की क्षेत्रीय रणनीति में शामिल किया जाएगा। इन दोनों कार्यक्रमों में आयुक्त व जिलाधिकारी की धर्मपत्नी सहित वरिष्ठ वैज्ञानिक एस.पी. सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजय कुमार यादव, जिला क्रीड़ाधिकारी शिवकुमार यादव, नगर पालिका भिनगा की अधिशासी अधिकारी डॉ. अनीता शुक्ला, पत्रकार बन्धु, खिलाड़ी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**इकौना इंटर कॉलेज का संवाद :** इसी क्रम में राजकीय महामाया इंटर कॉलेज इकौना में भी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार तिवारी ने फ्रविकसित उत्तर प्रदेशश्च2047फ्र की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा जगत से जुड़े छात्रों, अध्यापकों, प्रधानाचार्यों और शिक्षाविदों के विचार प्रदेश के भविष्य निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उनके सुझावों के आधार पर आने वाले वर्षों में ठोस रणनीति तैयार होगी। आयुक्त ने इस अवसर पर कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, तकनीकी नवाचार और रोजगारपरक अवसरों से ही प्रदेश को विकास की दिशा दी जा सकती है। जिलाधिकारी ने जोड़ा कि यह संवाद कार्यक्रम केवल विचार-विमर्श तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य की ठोस कार्ययोजना का आधार बनेगा।

**छात्रों व शिक्षकों के सुझाव :** संवाद के दौरान छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों ने क्रमश: अपने विचार रखे। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग, तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना, नवाचार को प्रोत्साहन देना और रोजगार उन्मुख शिक्षा पर विशेष ध्यान देने जैसे सुझाव प्रमुख रहे। मुख्य अतिथि ने इन विचारों की सराहना की और कहा कि युवाओं की दृष्टि तथा शिक्षकों का अनुभव मिलकर ही राज्य को नई दिशा देंगे।

## खबरें एक नजर में

### तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने छोटा हाथी डाला में मारी जोरदार टक्कर, टला बड़ा हादसा

**बछरावा, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास पर झाम खेड़ा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने एक छोटा हाथी डाला को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, तो वहीं छोटा हाथी डाला सड़क पर पलट गया। हादसे में घायल हुए लोगों का निजी अस्पताल में इलाज कराया गया है। फिलहाल एक बड़ी अनहोनी होने से बच गई। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की शुक्रवार दोपहर तकरीबन 2:00 के आसपास चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास पर झामखेड़ा मोड के पास एक तेज रफ्तार कार सवार जो लालगंज से लखनऊ की ओर जा रहे थे और छोटा हाथी डाला चुरुवा की तरफ से आ रहा था। छोटा हाथी डाला जैसे ही झामखेड़ा मोड की तरफ मुडा तभी तेज रफ्तार काने उसे जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों की माने जाए तो उनका कहना है कि कार की गति इतनी तेज थी कि कार चालक से कार नियंत्रित नहीं हो पाई और छोटा हाथी डाला को जोरदार टक्कर मार दी। फिलहाल आसपास मौजूद लोगों के द्वारा घटना में घायल हुए लोगों का इलाज निजी अस्पताल में कराया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय बहुत अच्छा था नहीं तो कोई बड़ी घटना या बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

### बंजर में मकान बनाना पड़ा महंगा, दर्ज हुआ मुकदमा

**महराजगंज, रायबरेली।** अवैध रूप से मकान निर्माण पड़ गया महंगा लेखपाल प्रज्ञा जयसवाल की तहरीर पर तीन पर दर्ज हुआ सुसंगत धाराओं में मुकदमा। थाना क्षेत्र के थुलवासां मे लेखपाल प्रज्ञा जयसवाल की तहरीर पर राम पुत्र सुरेश कुमार नैंसी पुत्री राम लखन विनय पुत्र राम लखन निवासीगण ग्राम थुलवासां थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। लेखपाल ने तहरीर में बताया खतौनी में बंजर अभिलेख दर्ज है जिस पर मकान निर्माण कर लिया गया है वही लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में तीन पर मुकदमा दर्ज किया है।

### स्व. सुनील कुमार पांडेय की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**बिसवा (सीतापुर)।** बिसवा तहसील स्थित नरसिंह धाम मंदिर पर बिसवा लायर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय सुनील कुमार पांडेय की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धा और भावनाओं के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विधायक निर्मल वर्मा, मास्टर प्रमोद वर्मा, कसमंडा स्टेट कुँवर दिनकर प्रताप सिंह, आर.पी. सिंह, अमर मेहरोत्रा, अश्वनी कुमार त्रिपाठी, विवेक पांडेय, सलिल सेठ, सी.पी. सिंह, अरुण नाथ सिंह, बबलू जोशी, रितुराज सिंह, दीपक शुक्ल, के.के. मिश्रा, विनय सिंह, अब्दुल अतीक खान, संदीप मिश्रा, वीरेश मिश्रा, रजनीश मिश्रा, सुरेंद्र गौड़, मुदित सिंघल, विशाल गुप्ता, जगदंबा प्रसाद रस्तोगी, श्याम यादव, नीरज मिश्रा, दीपक तिवारी सहित बड़ी संख्या में उनके शुभचिंतक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रूपेश अवस्थी ने किया। उपस्थित लोगों ने पांडेय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और समाज के लिए उनके योगदान को याद किया। साथ ही उनके परिवार को हर संभव सहयोग प्रदान करने का संकल्प भी लिया ।

### न्यायिक क्षेत्र में अधिवक्ता परिषद की महत्वपूर्ण भूमिकाः आनन्द प्रकाश



**सीतापुर।** अधिवक्ता परिषद इकाई जनपद सीतापुर का 34वां स्थापना दिवस बार एसोसिएशन स्थित सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय सदस्य आनन्द प्रकाश शुक्ल रहें, जबकि विशिष्ट अतिथि जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी प्रशान्त शुक्ला, बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय अवस्थी रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विश्वनाथ दीक्षित तथा संचालन गिरीश चन्द्र मिश्र ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारतमाता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व मुख्य तथा विशिष्ट अतिथियों का स्वागत कर किया गया। कार्यक्रम के विषय न्यायिक क्षेत्र में अधिवक्ता परिषद का योगदान पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि श्री शुक्ल ने भी न्यायिक क्षेत्र में अधिवक्ता परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका को विस्तार पूर्ण बताया। अन्त में जिलाध्यक्ष विश्वनाथ दीक्षित महामंत्री निर्भय सेन जायसवाल ने उपस्थित जनों का अभार जताया। इस मौके पर श्रीराम रस्तोगी, हरीश त्रिपाठी, गिरीश चन्द्र मिश्र, अंजुल पाण्डेय, सूरज राय, पंकज श्रीवास्तव, धीरेन्द्र यादव, रितेश श्रीवास्तव, अनुराग मिश्रा, विजय राय, मारूत कुमार वर्मा, संतोष कुमार मौर्या, उमेश चन्द्र श्रीवास्तव, कृष्ण पाल सिंह, अखिलेश कुमार मिश्र समेत अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहें।

### चोरी की तीन मोटरसाइकिलों के साथ दो गिरफ्तार




**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस द्वारा अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि करपिया रोड रेलवे क्रासिंग के निकट 3 व्यक्ति चोरी के 3 दोपहिया वाहनों के साथ मौजूद हैं। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर 2 अभियुक्तों देशराज पुत्र स्व उदयराज कोरी निवासी ग्राम पलिया पूरब थाना मुसाफिरखाना व साहिल कुमार पुत्र शोभनाथ कोरी निवासी बीबीगंज पोस्ट महाराजगंज थाना कुड़वार जनपद सुलतानपुर को गिरफ्तार किया गया तथा एक व्यक्ति मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पास खड़े 3 दोपहिया वाहनों के संबन्ध में पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर दोनों अभियुक्तों ने बताया कि उनके साथ उनका तीसरा साथी सूरज यादव उर्फ आदि यादव पुत्र रामअचल यादव निवासी ग्राम पूरे चन्दर मिश्र मजरे मझना थाना बन्धुआ कला जनपद सुलतानपुर था। वह तीनों साथी मिलकर मोटरसाइकिल चोरी करके बेंचकर खर्चा चलाते हैं। तीनों अभियुक्तों ने मिलकर बीते 4 अगस्त को स्पेलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल सं यूपी44एई7026 को मुसाफिरखाना स्टेशन के पास से, 10 अगस्त को स्कूटी सं यूपी44वी3751 को सरस्वती विद्या मन्दिर से तथा 14/15 अगस्त को अपाचे मोटरसाइकिल सं यूपी 36 जे 2501 को सुल्ही गली से चोरी किया था। साथ ही बताया कि बीते 20 जुलाई को हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल सं यूपी44एएफ4216 को ब्लाक के पास से चोरी किया गया था जो वर्तमान में सूरज यादव के पास है। तीनों अभियुक्त तीनों दोपहिया वाहनों को बेचनें के लिए जा रहे थे। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### परीक्षा देकर लौटे अभ्यर्थी व उसके भाई पर हमला करने वाले गिरफ्तार




**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के थाना क्षेत्र कमरौली के अंतर्गत परीक्षा देकर लौट रहे एक अभ्यर्थी और उसके भाई को चोर बताकर पीटने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में की गई। बीते 6 सितंबर की रात सुलतानपुर जनपद के थाना हलियापुर अंतर्गत ग्राम जरई कला निवासी राहुल पुत्र गया प्रसाद PET परीक्षा देकर बरेली से लौट रहे थे। उतेलवा बाईपास पर बस से उतरने के बाद उन्होंने अपने भाई को फोन कर बुलाया। रात करीब 10 :30 बजे जब दोनों जाफरगंज बाजार के पास मंगरौरा ईदगाह की लाइट के निकट पहुंचे, तभी कुछ लोगों ने उनका नाम-पता पूछा। जानकारी देने के बावजूद 10-12 लोगों ने उन्हें चोर बताकर मारने-पीटने लगे। पीड़ितों ने अपना एडमिट कार्ड दिखाकर परीक्षा से लौटने की बात कही, फिर भी इसके बावजूद हमलावरों ने न केवल दोनों भाइयों को पीटा बल्कि उनका मोबाइल फोन भी तोड़ डाला। इस मामले में राहुल ने थाना कमरौली में लिखित तहरीर दी, जिस पर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज व अन्य माध्यमों से सुराग जुटाने के बाद पुलिस ने 11 सितंबर को चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद शाहबाज पुत्र हारून, शिबू उर्फ छोट्टन पुत्र नूर मोहम्मद निवासी जाफरगंज, फरहान पुत्र सलीम निवासी मंगरौरा तथा विकास पुत्र रामशरण निवासी दुलारी नगर थाना कमरौली के रूप में हुई है। थाना कमरौली पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाई गई एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन का बल, विभिन्न कार्यालयों व थानो में नियुक्त पुलिसकर्मी एवं रिक्रूट आरक्षी सम्मिलित हुए। परेड निरीक्षण के



पश्चात पुलिस लाइन परिसर, बैरिक, क्वार्टर गार्ड, पीआरबी वाहन, रजिस्टर आदि का निरीक्षण करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही साथ समस्त रजिस्टर्स अभिलेखों के व्यवस्थित रखरखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा अर्दली रूम कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**ऊंचाहार रायबरेली।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत थाना ऊंचाहार पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 348/2025 धारा 69/351(3) बीएनएस के वांछित अभियुक्त रणविजय पुत्र बाबूलाल निवासी पूरे अयोध्या मजरे कोटरा बहादुरगंज थाना ऊंचाहार जनपद रायबरेली को थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक सुजीत यादव, आरक्षी संदीप कुमार की महती भूमिका रही।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास पूर्वक मनाई फिरोज गांधी की जयंती



**शिवगढ़, रायबरेली।** शिवगढ़ कस्बा स्थित भवानीगढ़ चौराहा पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिले के प्रथम सांसद फिरोज गांधी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश यादव ने की। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फिरोज गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने फिरोज गांधी के आदर्शों को अपनाने और कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला सचिव अखिलेश शुक्ला, महिला ब्लॉक अध्यक्ष ममता सिंह और नगर अध्यक्ष सत्येंद्र पासी सहित पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्यार की मास्टर कुंजी खोलते ही इंस्पेक्टर क्राइम के खाते से उड़ाये रुपए

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

साइबर ठगो ने स्थानीय कोतवाली में तैनात क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह के खाते से साइबर ठगो ने 1 लाख 84000 हजार रुपए उड़ा दिए। इंस्पेक्टर की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विदित हो कि मैनपुरी जनपद के थाना करहल पृथ्वीपुर गांव निवासी अनिल कुमार सिंह स्थानीय कोतवाली में इंस्पेक्टर क्राइम के पद पर तैनात है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 3 सितंबर को उनके व्हाट्सएप पर एक साथी इंस्पेक्टर के नाम से निमंत्रण पत्र के रूप में संदेश आया। जैसे ही उन्होंने उसे खोला तभी उनके बैंक आफ बडौदा और एसबीआई खातों से कई बार में 184338 रुपए



निकाल लिए गए। बैंक पहुंचने पर उन्हें धोखाधड़ी का पता चला। जानकारी में सामने आया कि उनके साथी इंस्पेक्टर का व्हाट्सएप हैक कर ठगो ने निमंत्रण पत्र के रूप में एपीके फाइल भेजी थी। इसी फाइल के जरिए साइबर अपराधियों ने खातों से रकम उड़ा ली। इंस्पेक्टर ने बताया कि साइबर सेल मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। इस बाबत थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## युवक ने ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर से की मारपीट, वीडियो वायरल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के अंतर्गत थाना कोतवाली नगर के सारस चौराहे पर एक युवक के द्वारा ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर से मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप पहुंच गया। आपको बताते चले कि शुक्रवार सुबह लखनऊ प्रयागराज नेशनल हाईवे पर मिल एरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत रानी झलकारी बाई चौराहे पर एक शख्स की चौराहे पर तैनात ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर राम सजीवन से कहा सुनी हो गई। यह शख्स ई-रिक्शा पर जा रहा था। ट्रैफिक पुलिस ने ई रिक्शा चालक को रोका और ट्रैफिक नियम का पालन करने को कहा। ई रिक्शे पर से यह व्यक्ति उतर करके पुलिस कर्मियों के साथ बहसबाजी करने लगा। इस बीच मामला बढ़ गया और उसने



मौके पर ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर से मारपीट शुरू कर दी। वह शख्स अन्य पुलिसकर्मी और होमगार्ड से भी भिड़ गया और हाथ पैर चलाते हुए मारपीट करने लगा। इस बीच अचानक से ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर राम सजीवन नीचे गिर गए। जिससे उन्हें चोट भी आई। पुलिस ने इसके बाद उस व्यक्ति को हिरासत में लेकर कार्यवाही की है। इस मामले में ट्रैफिक इंस्पेक्टर इंद्रपाल सिंह सेंगर ने बताया कि मारपीट करने वाला व्यक्ति नशे की हालत में था। यह ई-रिक्शा से चौराहे पर आया हुआ था। इसके बाद उसकी पुलिस कर्मियों से कहा सुनी हो गई। अधिक ट्रैफिक की वजह से वाहनों का रूट डायवर्ट किया जा रहा था, जिसके कारण ई-रिक्शा बैठा व्यक्ति पुलिस से बहस करने लगा। बहस मारपीट तक जा पहुंची। जांच में मालूम चला है कि व्यक्ति का नाम धीरेंद्र सिंह उर्फ बच्चा सिंह पुत्र राजेन्द्र बहादुर सिंह निवासी कुचरिया थाना भदोखर है। पुलिस ने इस व्यक्ति को हिरासत में लेते हुए कार्यवाही की है।

### पीएम का एआई जेनरेटेड आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने पर हुई कार्रवाई

**चंदापुर, रायबरेली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे अभद्र वीडियो रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक ऐसा ही ताजा मामला चंदापुर थाना क्षेत्र से सामने आया है। जब देश के प्रधानमंत्री का एक एआई जेनरेटेड आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने पर आरोपित पर पुलिस ने कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत रहने वाला एक युवक अनुराग पुत्र सत्यदेव जिसने इंटरनेट मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक जानवर के साथ एआई जेनरेटेड




एक वीडियो वायरल कर दिया। आपत्तिजनक और मनगढ़ंत वीडियो वायरल करने पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने उक्त युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए पुलिस के द्वारा बताया गया कि उक्त युवक के द्वारा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक एआई जेनरेटेड अभद्र वीडियो वायरल किया गया था। जिसे तत्काल संज्ञान मे लेते हुए थाना चंदापुर पुलिस द्वारा उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया गया है तथा प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 0053/ 2025 धारा 67 आईटी एक्ट बनाम अनुराग उपरोक्त अभियोग पंजीकृत कर अनुराग के विरुद्ध थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## नो हेलमेट नो पेट्रोल के संबंध में परिवहन विभाग के अधिकारियों ने चलाया जन जागरूकता अभियान

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

परिवहन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन योगी आदित्यनाथ के आदेश पर चलाये जा रहे है नो हेलमेट, नो फ्यूल के विशेष अभियान के तहत चेकिंग अभियान के साथ जन जागरूकता कार्यक्रम जारी रहा। एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में परिवहन विभाग की दो टीमों ने पेट्रोल पम्पो पर जाकर बाईक सवारों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि शुक्रवार को सीतापुर नगर के पेट्रोल पम्पों पर नो हेलमेट, नो फ्यूल का अभियान चलाया गया जिसके तहत 57 बाईक सवारों के चालान भी किये गये। उन्होने बताया कि अभियान के तहत अब तक कुल 813 बाईक सवारों के चालान काटे जा चुके हैं जबकि 3462 से अधिक बाइकसवारों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि अटरिया, सिधौली व कमलापुर में अभियान चलाया गया। उन्होने कहा कि हेलमेट न लगाने के चलते हादसा होने की



दशा में बाइकसवार की जान को बचाना मुश्किल होता है। ज्यादातर सड़क हादसों में बाईक सवार की मौत का प्रमुख कारण सिर की चोट होता है। यातायात नियमों का पालन कर सड़क हदसों को न्यूनतम स्तर तक ले जाने में सभी का सहयोग अपेक्षित है। हेलमेट का चालान एक हजार रूपये का होता है एक हेलमेट बाइकसवार को हमेशा चालान व जीवन को बचाने के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक होने का भी सूचक होता है। अभियान के दौरान यात्री/मालकर अधिकारी एमए अहमद व प्रवर्तन आरक्षी भी मौजूद रहे।

## सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दोअभियुक्त हुए गिरफ्तार ।थाना क्षेत्र की एक महिला ने शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि शौच के लिए गई थी जहां पर विपक्षीगण द्वारा उसको झाड़ियां में उठा ले गए और बारी बारी से बलात्कार किया पति के आने पर पति के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी ।जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा महिला की तहरीर परआलोक पुत्र चौहान अंकुल पुत्र चौहान निवासीगढ़ जिह्वा थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। वही 11 सितंबर को कोतवाली पुलिस द्वारा महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म




व पति के साथ मारपीट के संबंध में आलोक सिंह उर्फ राम सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी ग्राम जिह्वा थाना महराजगंज जनपद रायबरेली एवं अंकुल सिंह उर्फ श्याम सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी ग्राम जिह्वा थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के ऊपर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है

### लाइट लगाने गए लाइनमैन को पीटा



**अमेठी।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र गौरीगंज के अंतर्गत वार्ड नं 23 में लाइट लगाने गए लाइनमैन पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। जिससे लाइनमैन का सिर फूट गया और उसके शरीर पर गंभीर चोटें आईं हैं। शुक्रवार को दिन में लगभग 11 बजे नगर पालिका परिषद गौरीगंज में कार्यरत लाइनमैन बद्री तिवारी क्षेत्र में वार्ड नं 23 में लाइट लगाने गए थे, तभी कुछ लोग आए और लाइनमैन से उलझ गए और लाइनमैन के विरोध करने पर उसे लात घूंसे से पीटने लगे। उसी समय किसी ने लोहे के रॉड से सिर पर वार कर दिया, जिससे लाइनमैन का सिर फूट गया। सूचना पर पहुंचे नगर पालिका परिषद कर्मियों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

## युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक संपन्न

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लम्बित आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बैंकों द्वारा निरस्त किये गये आवेदनो की संख्या अत्यधिक होने के कारण नाराजगी व्यक्त की गयी। एक्सिस बैंक कनायतपुर शाखा, बीओआई शाखा सिधौली एवं तम्बौर, आर्यवर्त बैंक शाखा बहादुरगंज एवं खैराबाद, एचडीएफसी बैंक शाखा बिसवां एवं सीतापुर, इण्डियन बैंक शाखा बेहटा



पकौरी, मानपारा एवं जजौर सहित अन्य शाखाओं में अधिक संख्या में आवेदन निरस्त किया जाना पाया गया। उन्होंने कहा कि निरस्त किए गए आवेदनों की पुनः जांच की जाए और पात्रों को लाभान्वित किया जाय। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि आवेदन निरस्तीकरण से पूर्व उपायुक्त उद्योग एवं उनके कार्यालय में स्थापित युवा उद्यमी सेल को अवश्य अवगत करायें ताकि वह आवेदक से समन्वय कर औपचारिकताएं पूर्ण कराये, यदि इसके उपरान्त भी आवेदन में कमियां रह जाती हैं तो उन कमियों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए ही आवेदन निरस्त किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा समस्त बैंकर्स को निर्देशित किया कि यह योजना प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजना है, अतः सभी बैंकर्स लक्ष्य के अनुरूप समय से प्रगति सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही करने वालों अथवा अनावश्यक रूप से आवेदन पत्र लंबित रखकर निरस्त करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। बैठक में उपायुक्त उद्योग द्वारा बताया गया कि विभिन्न बैंकों को 2533 आवेदन ऑनलाइन प्रेषित किये गये जिसके सापेक्ष बैंकों द्वारा 792 आवेदनों पर ऋण स्वीकृत किया गया एवं 848 मामलों में ऋण वितरण किया गया। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि 1515 आवेदन बैंकों द्वारा निरस्त किये गये एवं 440 आवेदन विभिन्न बैंकों में ऋण स्वीकृति हेतु तथा 71 आवेदन बैंकों में ऋण वितरण हेतु लम्बित हैं। उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को गति प्रदान करते हुए अधिक से अधिक रोजगार सृजन किये जाने तथा प्रदेश में पूंजी निवेश को आकर्षित किये जाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 01 लाख नई सूक्ष्म इकाईयों को स्थापित किये जाने के लक्ष्य के साथ आगामी 10 वर्षों में 10 लाख नई सूक्ष्म इकाईयां स्थापित किये जाने के महत्वपूर्ण उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा अति महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना मिशन मोड में प्रारम्भ की गयी है। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि उक्त लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति कराये जाने हेतु त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान अग्रणी जिला प्रबन्धक, इण्डियन बैंक, सीतापुर सहित समस्त बैंकों के जिला समन्वयक, संबंधित शाखाओं के शाखा प्रबंधक एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने की चकबंदी कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी संजय चौहान ने चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद में चल रहे चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक किया। चकबंदी प्रक्रिया के संबंध में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से जानकारी ली जिस पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने बताया कि जनपद में चकबंदी की प्रक्रिया में 47 गांव शामिल हैं। जिसमें तहसील गौरीगंज के 11, मुसाफिरखाना के 26, अमेठी के 8 व तिलोई के 2 गांव शामिल हैं, जिनमें धारा 7 में 2 गांव, धारा 8 में 10 गांव, धारा 9 में 4 गांव, धारा 10 में 12 गांव, धारा 20 में 6 गांव, धारा 23 में 2 गांव, धारा 24 में 4



गांव, धारा 27 में 10 गांव तथा धारा 52 में 10 गांवों में कार्य चल रहा है, जिसमें से मुसाफिरखाना तहसील के ढुड़ेहरी गांव में धारा 52 का प्रस्ताव तैयार कर भेज दिया गया है। शेष गांवों में कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा साथ ही उन्होंने बताया कि 4 गांव क्रमशः सराय खेमा, दौलतपुर लोनहट, सिंदुरवा व गूंगेमऊ में कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही पूरी कर ली गई है। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्य निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार करें साथ ही पुराने गांव जो चकबंदी में चल रहे हैं उनको शीघ्र कब्जा परिवर्तन कर चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं, किसी भी गांव में चकबंदी प्रक्रिया को रोका न जाए। उन्होंने कहा कि कब्जा परिवर्तन तथा चक सीमांकन के दौरान यदि कोई समस्या आती है तो संबंधित उपजिलाधिकारी व थानाध्यक्ष से संपर्क कर उसका निराकरण कराएं, इसके साथ ही जिलाधिकारी ने बैठक के माध्यम से सभी उपजिलाधिकारियों को समय-समय पर कब्जा परिवर्तन संबंधी गांवों का भ्रमण करने के निर्देश दिए, तथा चकबंदी से संबंधित 5 वर्ष से अधिक पुराने वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए जिससे आम जनता को राहत दिलाई जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर सात्विक श्रीवास्तव, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह सहित समस्त चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी उपस्थित रहे।

## 68ली अवैध कच्ची शराब के साथ तीन पर मुकदमा दर्ज

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को जनपद में गठित आबकारी टीम द्वारा ग्राम-पासिन का पुरवा, अमेठी, बाहापुर, नजर अली का पुरवा, जहर अली का पुरवा व मंगरौली में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान आबकारी क्षेत्र - मुसाफ़िर खाना के थाना- बाजार शुकुल के ग्राम - मगरौली से लगभग 68ली अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 150किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया। इस कार्यवाही मे 3अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए तथा ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में



जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई तथा रोड चेकिंग का कार्य भी किया गया। उक्त दबिश की कार्यवाही मे चंद्रभान वर्मा, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- मुसाफ़िर खाना व समस्त स्टाफ तीरथ नाथ, शमशेर कुमार सर्वेश कुमार, संजय सरोज आदि शामिल रहे।

## एंटीबायोटिक दुरुपयोग

यह सर्वविदित है कि भारत में डॉक्टरी सलाह तथा बिना परामर्श के एंटीबायोटिक दवाएं लेना आम बात है। यह जानते हुए भी कि लगातार इन दवाओं के सेवन से उनकी रोगप्रतिरोधक क्षमता गहरे तक प्रभावित होती है। एक समय ऐसा आ जाता है कि रोगों पर ये एंटीबायोटिक दवाएं काम करना बंद कर देती हैं। इस चिंता को हाल में हुए एक अध्ययन ने बढ़ाया है। नये अध्ययन ने एक परेशान करने वाली सच्चाई को उजागर किया है, जो बताता है कि भारत में एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग के पीछे मरीजों की सोच एक प्रमुख कारक है। अधिकांश लोगों की धारणा है कि इन दवाओं के सेवन से वे स्वतरू ही ठीक हो जाएंगे। उन्हें डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं होगी। वहीं दूसरी ओर निजी क्षेत्र के कुछ डॉक्टर भी अक्सर अपने मरीजों को बनाए रखने के लिये ऐसा करते हैं। वास्तव में इस प्रवृत्ति के परिणाम खासे चौंकाने वाले हैं। अध्ययन के मुताबिक भारत में अकेले निजी क्षेत्र में ही सालाना आधे अरब से ज्यादा एंटीबायोटिक दवाएं लिखी जाती हैं। जिनमें बड़ी संख्या में ऐसी दवाइयां होती हैं, जिनकी वास्तव में जरूरत ही नहीं होती। आमतौर पर बच्चों में होने वाले दस्त के मामले में यह दुरुपयोग सबसे ज्यादा है। हालांकि, ज्यादातर मामले वायरल का प्रभाव होते हैं। ऐसी स्थिति में ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट और जिंक सकारात्मक परिणाम देते हैं।

अध्ययन से पता चला है कि इसके बावजूद 70 फीसदी मामलों में अभी भी एंटीबायोटिक दवाओं से इलाज किया जाता है। लेकिन हकीकत यह है कि अतार्किक मांग, कड़े कानूनों का अभाव और डॉक्टरों द्वारा जरूरत से ज्यादा दवाइयां लिखने के कारण एंटीबायोटिक दवाइयों पर मरीजों की निर्भरता बढ़ती चली गई है। कालांतर एंटीबायोटिक दवाइयों पर लगातार बढ़ती निर्भरता के चलते एक घातक चक्र का निर्माण होता है। जो मरीज के शरीर में तमाम तरह के साइड इफेक्ट भी पैदा करता है। वास्तव में इससे बड़ा संकट यह है कि एक समय के बाद ये दवाइयां रोग के खिलाफ काम करना बंद कर देती हैं। कई तरह के रोग बढ़ाने वाले रोगाणु इनके खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर लेते हैं। बहुत संभव है कि किसी महामारी के वक्त व्यक्ति का शरीर एंटीबायोटिक के इस्तेमाल के बावजूद सुरक्षा कवच न दे। निश्चित रूप से इस संकट से बचने का सरल उपचार यही है कि इसका उपयोग कम से कम किया जाए। सरकारों को भी कानून के जरिये इसका नियमन करना चाहिए। हमें इससे जुड़े आसन्न संकट को महसूस करना चाहिए। यह खतरा मरीज की व्यक्तिगत सुरक्षा से कहीं आगे तक विस्तारित है। गंभीर चिंता का विषय यह है कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध यानी एएमआर दुनिया में सबसे घातक संकटों में से एक के रूप में उभर रहा है। डराने वाला आंकड़ा यह है कि वैश्विक स्तर पर, यह पहले से ही हर साल लगभग 50 लाख मौतों का कारण बनता है। अकेले भारत में, वर्ष 2021 में 2.5 लाख से ज्यादा मौतें सीधे तौर पर एएमआर से जुड़ी थीं और लगभग 10 लाख से ज्यादा मौतें दवा–प्रतिरोधी संक्रमणों से जुड़ी थी। खासतौर पर चिंताजनक तथ्य यह है कि वर्ष 2019 में, गंभीर दवा–प्रतिरोधी जीवाणु संक्रमण वाले केवल 7.8 भारतीयों को ही प्रभावी एंटीबायोटिक्स मिले। जो इस उपचार की एक बड़ी कमी को उजागर करता है। जिसके चलते प्रतिरोधी रोगाणु आसानी से फैलते हैं और एक बार ठीक हो सकने वाले संक्रमणों को घातक बना देते हैं। जिसके चलते सर्जरी, कैंसर के इलाज और नियमित देखभाल को कहीं ज्यादा जोखिमभरा बना देते हैं। निश्चित रूप से इस दिशा में जनजागरण अभियान की जरूरत है कि हर छोटे–मोटे रोग के लिये एंटीबायोटिक दवाइयां लेने की जरूरत नहीं है। जन अभियानों के जरिये एंटीबायोटिक्स से जुड़ी भ्रांतियों को सरकार व सामाजिक स्तर पर दूर करने की जरूरत होगी। इनके अंधाधुंध उपयोग रोकने के लिये कानून से नियमन जरूरी है। साथ ही तर्कसंगत उपचार के लिये किफायती नैदानिक विकल्प व्यापक रूप से उपलब्ध कराने होंगे। साथ ही सरकार सुनिश्चित करे कि जिनको वास्तव में एंटीबायोटिक्स दवाओं की जरूरत है, उन्हें ये समय पर सहज रूप से मिल सकें। अन्यथा प्रतिरोध की यह मौन महामारी अनगिनत लोगों की जान ले लेगी।

# पड़ोसी मुल्कों में राजनीतिक अस्थिरता व भारत पर इसके अंतरराष्ट्रीय प्रभाव

गिरीश्वर मिश्र



वैश्विक स्तरपर दक्षिण एशिया आज विश्व राजनीति का एक अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहाँ की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता केवल संबंधित देशों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसका सीधा असर अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीति और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। नेपाल, जो भारत के साथ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक औरभौगोलिक रूप से गहराई से जुड़ा हुआ है, वर्तमान में एक बड़े राजनीतिक संकट से गुजर रहा है। सत्ता परिवर्तन, युवा आक्रोश, भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन, बाहरी हस्तक्षेप और आर्थिक चुनौतियाँ इस संकट की मुख्य वजहें हैं? भारत के लिए यह स्थिति केवल पड़ोसी की चिंता नहीं है, बल्कि अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा, सीमाई स्थिरता, आर्थिक व्यापारिक हित और क्षेत्रीय रणनीति से भी गहराई से जुड़ी हुई है। भारत और नेपाल के बीच लगभग 1,751 किलोमीटर लंबी खुली सीमा है,जो उत्तर प्रदेश, बिहार,पश्चिम बंगाल,उत्तराखंड और सिक्किम से लगती है। यह भौगोलिक निकटता दोनों देशों के संबंधों को विशेष बनाती है। नेपाल के लगभग 80 लाख नागरिक भारत में कामकाज और रोजगार से जुड़े हुए हैं। यह केवल आर्थिक पहलू नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक बंधन भी है, क्योंकि लाखों नेपाली परिवार भारत में बसते हैं और दोनों देशों के लोगों के बीच वैवाहिक रिश्ते भी आम हैं।भारत के लिए नेपाल में राजनीतिक स्थिरता इसलिए जरूरी है, क्योंकि यदि वहाँ लगातार सत्ता संकट, विद्रोह या गृहयुद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न होती है,तो उसका सीधा असर भारत की सीमाओं, सुरक्षा और आंतरिक राजनीति पर पड़ेगा, जो रेखांकित करने वाली बात है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, नेपाल सहित पड़ोसी मुल्कों में राजनीतिक अस्थिरता और भारत पर इसके अंतरराष्ट्रीय प्रभाव:- एक गहन विश्लेषण।

साथियों बात अगर हम, नेपाल के युवाओं के स्पष्ट रूप से खुलासा करने की करें तो उन्होंने कहा है कि तोड़फोड़, लूटपाट और हथियार छीनने जैसी घटनाओं में उनका कोई हाथ नहीं है। यह काम कुछ बाहरी तत्वों का है, जिन्होंने आंदोलन में प्रवेश करके उसकी दिशा बदलने की कोशिश की। इस बयान से यह साफ है कि नेपाल का युवा वर्ग केवल पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन चाहता है, न कि अराजकता और हिंसा। भारत के लिए यह संदेश महत्वपूर्ण है। अगर नेपाल में लंबे समय तक चुनाव टाले जाते हैं और स्थिर सरकार नहीं बनती, तो अराजक तत्व और बाहरी शक्तियाँ स्थिति का फायदा उठाकर भारत की सीमाओं में असुरक्षा फैला सकती हैं।

साथियों बात अगर हम भारत और नेपाल के बीच व्यापारिक रिश्ते अति गहरे होने की करें तो, नेपाल के कुल व्यापार का लगभग दो-तिहाई हिस्सा भारत के साथ होता है। भारत नेपाल को मशीनरी, पेट्रोलियम उत्पाद, दवाइयाँ, खाद्य सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और औद्योगिक वस्तुएँ भारी मात्रा में निर्यात करता है, जबकि नेपाल से मुख्य रूप से तैलीय बीज, वन उत्पाद और कुछ सीमित वस्तुएँ ही आयात करता है। इससे भारत का ट्रेड सरप्लस बढ़ता है, लेकिन नेपाल की अर्थव्यवस्था पर बोझ पड़ता है। राजनीतिक संकट से नेपाल की अर्थव्यवस्था और कमजोर होगी, जिससे उसकी खरीद क्षमता घटेगी और भारत के निर्यात पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा। साथियों बात अगर हम वर्तमान समय में भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ व डिजिटल डेटा पॉलिसी जैसे मुद्दों पर तनाव चलनें की करें तो, ऐसे समय में भारत को अपने निर्यात के लिए नए बाज़ारों की आवश्यकता है। नेपाल भारत का प्राकृतिक और पारंपरिक बाज़ार रहा है। यदि नेपाल की अर्थव्यवस्था राजनीतिक अस्थिरता के कारण और कमजोर हो जाती है, तो यह भारत की रणनीति के लिए दोहरी चुनौती होगी।यानें एक ओर अमेरिका से तनाव, और दूसरी ओर नेपाल का संकट, दोनों मिलकर भारत की निर्यात नीति, क्षेत्रीय स्थिरता और आर्थिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।

साथियों बात अगर हम इसे चीनी दक्षिण एशिया और वैश्विक संलग्नता के एंगल से देखे तो, नेपाल की अस्थिरता केवल भारत का मामला नहीं है। इस क्षेत्र में चीन भी अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करनेकी कोशिश करता रहा है। चीन, बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत नेपाल को इन्फ्रास्ट्रक्चर और ऋण के जाल में फँसाने का प्रयास कर रहा है। अगर नेपाल लंबे समय तक अस्थिर रहता है, तो चीन वहाँ अपनी पकड़ बढ़ाने की कोशिश करेगा।भारत के लिए यह सुरक्षा दृष्टि से खतरा है, क्योंकि नेपाल की खुली सीमा भारत की रक्षा नीति के लिए चुनौती बन सकती है।नेपाल की अस्थिरता केवल सीमाई समस्या नहीं पैदा करेगी, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में अविश्वास और असुरक्षा का माहौल पैदा कर सकती है। यह स्थिति सार्क जैसी क्षेत्रीय संस्थाओं की निष्क्रियता को और गहरा करेगी।साथ ही भारत-बांग्लादेश संबंध, भारत -श्रीलंका संबंध और भारत- भूटान संबंध भी इससे प्रभावित हो सकते हैं, क्योंकि क्षेत्रीय राजनीति पर एक प्रकार का डोमिनो प्रभाव पड़ता है। साथियों बात कर हम सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, लोकतंत्र और न्याय के महत्व की करें तो, 10 सितंबर 2025 को भारत के सुप्रीम कोर्ट ने नेपाल के संवैधानिक और राजनीतिक संकट पर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की। प्रेसिडेंशियल रेफरेंस केस की सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) नेपाल के हालात पर चिंता जताई है, प्रेसिडेंशियल रेफरेंस पर सुनवाई के दौरान कांस्टीट्यूशन बेंच की अध्यक्षता कर रहे चीफ जस्टिस ने कहा, हमें अपने संविधान पर गर्व है,पड़ोसी देशों की ओर देखिए, नेपाल में हमने देखा, इस पर जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा, और बांग्लादेश में भी,पड़ोसी देशों का जिक्र क्यों? सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब नेपाल और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में राजनीतिक अस्थिरता और संविधान को लेकर विवाद जारी हैं,नेपाल में हालात ऐसे बन गए हैं कि जनता के गुस्से की वजह से प्रधानमंत्री को पद छोड़ना पड़ा है,चार दिन से देश में आग लगी हुई है, बांग्लादेश में कुछ महीनों पहले ऐसे ही हालात बने थे और प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपना देश छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी थी। हमें क्यों है गर्व? भारत का संविधान दुनियाँ के सबसे बड़ा और सबसे लोकतांत्रिक संविधान में से एक है, इसने न केवल जनता को बराबरी और अधिकार दिए हैं, बल्कि सत्ता में बैठे नेताओं को भी सीमाओं में रहने का सबक सिखाया है, आपातकाल जैसी स्थिति में भी लोकतंत्र ने अपनी राह बनाई और जनता ने संविधान के जरिए ही सत्ता को पलट दिया,न्यायपालिका ने कई ऐतिहासिक फैसलों के जरिए संविधान की आत्मा को मजबूत बनाए रखा है। सीजेआई की टिप्पणी इसी भरोसे की ओर इशारा करती है कि चाहे कितने भी संकट आएं, भारतीय लोकतंत्र अपने संविधान की वजह से बार-बार मजबूत होकर खड़ा हुआ है।

साथियों बात अगर हम वैश्विक स्तरपर सोशल मीडिया एल्गोरिथ्म और जनआंदोलन की जटिलता की करें तोआधुनिक युग में राजनीति केवल सड़कों और संसद तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका एक बड़ा हिस्सा सोशल मीडिया एल्गोरिथ्म द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है। विश्वभर के उदाहरण, फ्रांस में पीली जैकेट आंदोलन, आज 10 सितंबर 2025 को फ्रांस में जबरदस्त आंदोलन, श्रीलंका में राजपक्षे सरकार का पतन, बांग्लादेश और नेपाल में युवाओं का विद्रोह,यह साबित करते हैं कि सोशल मीडिया जनमत को जिस तरह आकार देता है, वह कभी-कभी स्थिर लोकतंत्रों को भी अस्थिर बना सकता है। एल्गोरिथ्म की समस्या यह है कि यह संतुलित खबरों की जगह अधिक उग्र, सनसनीखेज और विभाजनकारी सामग्री को प्राथमिकता देता है, जिससे समाज में ध्रुवीकरण और असंतोष तेज़ी से फैलता है। भारत को नेपाल के अनुभव से सीख लेनी चाहिए। क्योंकि अगर सोशल मीडिया एल्गोरिथ्म के प्रभाव पर गंभीर नियंत्रण और निगरानी नहीं की गई, तो यह स्थिति भारतीय लोकतंत्र और सामाजिक समरसता के लिए भी खतरा बन सकती है।

साथियों बात अगर हम समाधान की दिशा में कदम बढ़ाने की करें तो- (1) नेपाल में शीघ्र और पारदर्शी चुनाव कराना अनिवार्य है। (2) भारत को नेपाल के साथ कूटनीतिक और आर्थिक सहयोग बढ़ाना चाहिए, ताकि वहाँ लोकतांत्रिक संस्थाएँ मजबूत हों। (3) सोशल मीडिया एल्गोरिथ्म और बाहरी तत्वों पर सख्त निगरानी जरूरी है। (4) नेपाल की आर्थिक कमजोरी दूर करने के लिए भारत को संतुलित व्यापार नीति अपनानी होगी। (5) क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भारत, नेपाल और अन्य दक्षिण एशियाई देशों के बीच बहुपक्षीय संवाद होना चाहिए।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि नेपाल की मौजूदा राजनीतिक अस्थिरता केवल एक पड़ोसी देश की समस्या नहीं है, बल्कि यह भारत और पूरे दक्षिण एशिया की स्थिरता, सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती है। भारत के सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, युवाओं की शांतिपूर्ण आकांक्षा, और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियाँ इस बात को साबित करती हैं कि नेपाल में शीघ्र चुनाव और स्थिर सरकार का गठन समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अगर भारत इस मौके पर सक्रिय और संतुलित भूमिका निभाता है, तो न केवल नेपाल को स्थिरता मिलेगी बल्कि भारत का क्षेत्रीय और वैश्विक नेतृत्व भी और मजबूत होगा।

विचार

# करोड़ों दिलों में राज करती हिंदी राष्ट्रभाषा क्यों नहीं

*डॉ. अजीत रानाडे*

हिंदी करोड़ दिलों में बसी हुई भाषा है। इसके अलावा विदेशों में भी करोड़ों लोगों के मध्य संवाद की भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है किंतु आज पर्यंत तक हिंदी को राष्ट्रभाषा होने का सर्वोच्च सम्मान अभी भी अपेक्षित है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था।

उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं और थे, जैसे ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ रामगुलाम, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलतः बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है। यह अलग बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया की एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा है। भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है। हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा ष्हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं।

वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 45 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों, शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था। और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है। हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। आज हिंदी भाषा का कंप्यूटर, इंटरनेट ई बुक, सोशल मीडिया, विज्ञापन, टेलीविजन रेडियो आदि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जा रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या विदेशी व्यापारियों के लिए एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है।

यही कारण है कि विदेशी कंपनियां अपने सभी विज्ञापनों एवं सामानों में हिंदी भाषा का उपयोग कर भारतीय जनमानस को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करना चाहती है। यही वजह है कि हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी इसी माध्यम से हो रहा है। विदेशों में भारतीय फिल्मों ने भी हिंदी का बड़ा और वृहद प्रचार प्रसार किया है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, रूस मैं निवासरत भारतीय लोग हिंदी के प्रचार में निरंतर लगे हुए हैं। वहां हिंदी बोली तथा समझी जाती है। एनी बेसेंट ने सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह है हिंदी, जो हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर हिंदी बोलने वाला से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भी अपने सामानों को बेचने के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करना पड़ रहा है। भारत में कुछ काले अंग्रेज लोग जो सिर्फ महानगरों में अंग्रेजी को ही महत्तव देते हैं, उन्हें इस बात को समझ जाना चाहिए की भविष्य में हिंदी का भविष्य वैश्विक स्तर पर उज्जवल है। और उन्हें हिंदी भाषा बोलने में शर्म नहीं आनी चाहिए। अंग्रेजी भाषा एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है वह जरूर बड़ी कंपनियों मैं विदेश में नौकरी दिलाने का माध्यम बन सकती है, पर हिंदी देश का गौरव और नागरिकों की आत्माओं में बसी एक पवित्र धारा है। अंग्रेजी भाषा रोजगार मूलक जरूर हो सकती है, पर केवल इसी कारण हिंदी की अवहेलना और उपेक्षा किसी भी स्तर पर तर्कसंगत नहीं है। भारतीयों को हिंदी के आत्म गौरव को विस्मृत नहीं करना चाहिए। हिंदी देश को भावनात्मक एकता के सूत्र में बांधे में सक्षम भारत की एकमात्र सशक्त भाषा है। हिंदी की गहराई तथा विशालता किसी बात से इंगित होती है कि भारतीय ग्रंथों और बड़े मूर्धन्य लेखकों की किताबों का अनुवाद विश्व की अनेक भाषाओं में किया गया है। और हिंदी की रामायण गीता रामचरितमानस वैश्विक स्तर पर पढ़ी जाती है। इसे राष्ट्रभाषा बनाकर शीर्ष में सम्मान देने की आवश्यकता है।

## तर्पण




### पिता ने दी सच्चाई के मार्ग पर चलने की शिक्षा


स्वर्गीय शिवश्याम वर्मा


आशीष वर्मा

मेरे पिता स्व. शिवश्याम वर्मा ने हमेशा सच्चाई के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। वह कहा करते थे व्यापार में ईमानदारी बहुत जरूरी है। वह समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद भी करते रहते थे।

उन्होंने कभी भी धन को प्राथमिकता नहीं दी बल्कि रिश्तों को सहेजने में विश्वास रखते थे। विगत 31 अगस्त 2021 को वह अपने पुत्रों आशीष वर्मा, सचिन वर्मा व नितिन वर्मा सहित समस्त परिजनों को रोता बिलखता छोड़कर इस नश्वर संसार से विदा हो गए थे। उनके ब्रह्मलीन होने के बाद भी ऐसा लगता है जैसे वह हमारे आस-पास ही हैं। उनकी दी हुई शिक्षा व सीख आज हमारे काम आ रही है।

संत तुल्य पिताश्री के बताए रास्ते पर चलने से मेरा व्यापार दिन दूना रात चौगुना बढ़ रहा है और मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा भी बढ़ती जा रही है। आप जहां कहीं भी हों, अपना आशीर्वाद बनाए रखना। आपके बताए मार्ग पर हम सभी सदैव चलते रहेंगे।

पितृपक्ष व श्रद्धा के महापर्व पर आपको शत-शत नमन।

**आशीष वर्मा, सचिन वर्मा,**
**नितिन वर्मा**
**शीशमहल साड़ी सिलेक्शन,**
**छिबरामऊ**



## राशिफल

**मेषः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

**वृषभः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में जाया न करें। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें और परिवार के अनुकूल चलें।

**कर्कः-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**कन्याः-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। संबंधियों के सहयोग से कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

**वृश्चिकः-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख में वृद्धि होगी।

**धनुः-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**मकरः-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतः इसे सुधारें।

**कुंभः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें।

**मीनः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

# नेपाल का लोकतंत्र : पुराने वर्चस्व से नई चुनौती तक

*डॉ. सत्यवान सौरभ*



नेपाल हिमालय की गोद में बसा छोटा-सा देश है। आकार में भले छोटा हो, लेकिन राजनीति और जातीय समीकरण के लिहाज से इसकी जटिलता किसी बड़े देश से कम नहीं। नेपाल पिछले तीन दशकों से लोकतंत्र का प्रयोग कर रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि यह लोकतंत्र अब भी अधूरा है। सत्ता और संसाधनों पर एक ही वर्ग का कब्ज़ा है–पहाड़ी ब्राह्मण और क्षत्रिय जातियाँ। संसद से लेकर प्रशासन और सेना तक, हर जगह यही जातियाँ हावी हैं। मधेशी, जनजातीय, दलित और महिलाएँ अब भी सत्ता की सीढ़ियों के निचले पायदान पर खड़ी हैं।

1990 में नेपाल में बहुदलीय लोकतंत्र की वापसी हुई थी। जनता को उम्मीद थी कि अब सत्ता में विविधता आएगी और हर समुदाय को बराबरी का अवसर मिलेगा। लेकिन हुआ इसके ठीक उल्टा। 1990 से अब तक नेपाल ने 13 प्रधानमंत्री देखे। इनमें से 10 पहाड़ी ब्राह्मण और 3 क्षत्रिय रहे। यानी 35त्न मधेशियों की आबादी होने के बावजूद एक भी मधेशी प्रधानमंत्री नहीं बन पाया। जनजातीय और आदिवासी समूह संसद में मौजूद हैं, लेकिन उनके नेता केवल प्रतीकात्मक पदों तक सीमित रहे। दलित और महिलाएँ तो आज भी सत्ता के सबसे हाशिये पर खड़ी हैं। यह तस्वीर बताती है कि नेपाल का लोकतंत्र कितनी गहरी जातीय असमानता से ग्रस्त है। लोकतंत्र के नाम पर चेहरे तो बदले, लेकिन सत्ता का चरित्र वही रहा–ब्राह्मण और क्षत्रिय केंद्रित।

नेपाल की आधी से ज़्यादा आबादी 35 साल से कम उम्र की है। यही वह नई पीढ़ी है जिसे जनरेशन- कहा जाता है। यह सोशल मीडिया, पॉप कल्चर और वैश्विक राजनीति से जुड़ी हुई है। इनके लिए जाति और वंश की राजनीति पुरानी और अप्रासंगिक है। यह पीढ़ी पारदर्शिता चाहती है, समान अवसर चाहती है और सबसे बड़ी बात यह है कि यह बदलाव को केवल सोचती नहीं बल्कि मांग भी करती है।

सवाल यही है कि क्या नेपाल की पुरानी सत्ता संरचना इतनी आसानी से टूट जाएगी? नेपाली कांग्रेस, ML और माओवादी जैसे दल दशकों से सत्ता पर काबिज हैं। इनके नेता ब्राह्मण और क्षत्रिय समुदाय से आते हैं और इनकी पकड़ प्रशासन, सेना और नौकरशाही तक फैली हुई है। सबसे बड़ी बात यह है कि सत्ता में बैठे लोग कभी आसानी से अपनी कुर्सी नहीं छोड़ते।

अगर बदलाव की इस मांग को दबाया गया, तो इसके नतीजे गंभीर होंगे। युवा पीढ़ी पहले ही अधीर है। वे सोशल मीडिया पर अपनी नाराज़गी और सपनों को साझा कर रहे हैं। अगर उनकी आवाज़ दबाई गई, तो असंतोष सड़क पर आंदोलन में बदल सकता है। नेपाल ने पहले भी जनआंदोलन देखे हैं और इतिहास गवाह है कि जब जनता चाहती है, तो कोई भी सत्ता ढांचा स्थायी नहीं रह पाता।

नेपाल आज दो राहों पर खड़ा है। एक तरफ पुरानी राजनीति है, जहाँ सत्ता कुछ जातियों के बीच बंटी हुई है। दूसरी तरफ नई राजनीति है, जो समावेशी, पारदर्शी और युवाओं से जुड़ी है। असली सवाल यह है कि क्या नेपाल जातीय ढांचे वाली राजनीति से आगे बढ़ पाएगा या नहीं। अगर नेपाल ऐसा कर पाता है तो दक्षिण एशिया में एक मिसाल बन सकता है। भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों में भी राजनीति अक्सर वंशवाद और जातीय समीकरण में उलझी रहती है। नेपाल अगर इस ढांचे से बाहर निकलता है तो यह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा होगी। लेकिन अगर पुरानी सत्ता संरचना कायम रहती है, तो लोकतंत्र अधूरा ही रहेगा। युवाओं का भरोसा टूटेगा और यह भरोसा टूटना किसी भी लोकतंत्र के लिए सबसे खतरनाक स्थिति होती है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### ड्रोन कैमरों के उपयोग की अनुमति की मांग

**लखीमपुर खीरी।** शादी-ब्याह और सामाजिक आयोजनों में ड्रोन कैमरों के उपयोग पर लगी रोक को हटाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश फोटोग्राफर एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। फोटोग्राफर्स ने कहा कि उनका मुख्य कार्य विवाह एवं अन्य समारोहों की फोटोग्राफी करना है और आधुनिक दौर में ड्रोन कैमरा इसका अहम हिस्सा बन चुका है। हाल ही में लगाए गए प्रतिबंध से उनका व्यवसाय प्रभावित हुआ है। इस रोक के चलते न तो ग्राहकों की अपेक्षाएं पूरी हो पा रही हैं और न ही फोटोग्राफरों की आजीविका सुचारु ढंग से चल रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की कि विवाह समारोह, मैरिज हॉल और निजी आयोजनों में पंजीकृत फोटोग्राफरों को नियमों व सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए ड्रोन कैमरा उपयोग करने की अनुमति दी जाए। ज्ञापन देने वालों में जिला प्रभारी हिमांशु गुप्ता, संरक्षक अनिल कुमार सैनी, कार्यकारिणी सदस्य संदीप वर्मा, आशीष कश्यप, पटेल विमलेश वर्मा, दलविंदर सिंह, सतनाम सिंह, लवकुश गुप्ता, अनुज कुमार सहित बड़ी संख्या में फोटोग्राफर्स मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत सरपतहा में भ्रष्टाचार के आरोप, जांच की तैयारी

**ईसानगर (खीरी)।** विकास खंड ईसानगर की ग्राम पंचायत सरपतहा में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में विकास की राशि का उपयोग वास्तविक कार्यों के बजाय निजी हितों में किया गया। इस पूरे मामले में ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी की मिलीभगत की भी चर्चा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के रिकॉर्ड में कई संदिग्ध भुगतान दर्ज हैं। उदाहरण के लिए, विशाल इंटरप्राइजेज नाम की फर्म को हैंडपंप मरम्मत और रिबोर कार्य के लिए रु.1,10,922 का भुगतान दिखाया गया, जबकि मौके पर ऐसा कोई कार्य दिखाई नहीं देता। इसी तरह मौर्या इंटरप्राइजेज को वॉल पेंटिंग, स्टेशनरी और प्रशासनिक व्यय के मद में करीब रु.54,200 का भुगतान दर्शाया गया। पूछताछ में फर्म संचालक ने स्वीकार किया कि सामान मौके पर उपलब्ध नहीं होता।सबसे बड़ा सवाल मां इंटरप्राइजेज से खरीदी गई स्ट्रीट लाइटों को लेकर है। पंचायत ने 50 लाइटों का भुगतान लगभग रु.1.93 लाख दिखाया है, जबकि ग्रामीणों का कहना है कि बाजार भाव से दोगुनी कीमत चुकाई गई और पंचायत क्षेत्र में नई लाइटें लगी ही नहीं। उनका आरोप है कि विधायक द्वारा उपलब्ध कराई गई लाइटों को ही पंचायत की खरीदी बताकर प्रचारित किया गया। इस संबंध में ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों का आधिकारिक पक्ष नहीं मिल सका। वहीं, खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) ईसानगर धन प्राप्त यादव ने कहा कि मामला संज्ञान में है। जांच कराई जाएगी और यदि अनियमितताएं पाई गईं तो सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### खेत में बाघ का आतंक, गोवंश बना निवाला



**मितौली खीरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम आलपुर के पास खेत में एक अज्ञात जंगली जानवर ने गोवंशीय बछड़े को निवाला बना डाला। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। विभागीय कर्मचारियों ने आशंका जताई कि क्षेत्र में बाघ की चहल-कदमी हो सकती है। इसी कारण ग्रामीणों और किसानों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। वन कर्मियों ने नागरिकों से अपील की कि खेतों और आसपास के इलाकों में अकेले न जाएं तथा पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर ही बांधकर रखें। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की माँग की है ताकि जंगली जानवरों की गतिविधियों पर नियंत्रण रखा जा सके।

### कमरे में मिला केला व्यापारी शव, जांच में जुटी पुलिस



**लखीमपुर खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र के रेहुआ गांव में गुरुवार को एक केला व्यापारी का शव कमरे में पाया गया। घटना की सूचना मकान मालिक द्वारा खमरिया पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे से शव को बाहर निकाला और जांच पड़ताल करते हुए शव को पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार वैशाली बिहार निवासी सुनील राय (55) पुत्र ऋषिदेव राय केला का व्यापार करने के लिए जनपद लखीमपुर खीरी आए थे। थाना खमरिया क्षेत्र के रेहुआ गांव में सुंदर वर्मा के मकान में किराए पर कमरा लेकर रुकते थे। मामले की पुलिस को सूचना दी गई। घटना की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची खमरिया पुलिस ने अचेत अवस्था में बेड के नीचे देखे गए व्यापारी के शव को बाहर निकाला और पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना के संबंध में प्रभारी निरीक्षक ओपी राय से बात की गई तो बताया कि पीएम के लिए शव भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### सेवा पखवाड़ा की तैयारी पर भाजपा पदाधिकारियों की बैठक



**मितौली खीरी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री बृजेश सिंह ने मितौली मंडल एवं कस्ता मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी सेवा पखवाड़ा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान रक्तदान, वृक्षारोपण सहित अनेक सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिला मंत्री ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि स्नातक विधान परिषद के अधिक से अधिक मतदाता बनाए जाएं, ताकि संगठन मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर मितौली मंडल अध्यक्ष, कस्ता मंडल अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता मौजूद रहे और सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### पीड़ित परिवार की मदद को आगे आए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह



**निघासन (खीरी)।** बाढ़ की तबाही से जूझ रहे निघासन क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरोठा का एक परिवार अचानक हुए हादसे से गहरे सदमे में है। गांव का युवक अंकित (पुत्र पहलाद) मवेशियों के लिए चारा लेने जा रहा था। तभी पैर फिसलने से वह रपटा पुलिया से बाढ़ के तेज बहाव में जा गिरा। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह उसकी जान तो बचा ली, लेकिन पानी में डूबने से युवक की हालत नाजुक हो गई। जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे लखनऊ के मैनकाइंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया। हादसे के बाद गरीब परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घर में इलाज के लिए पैसे का संकट खड़ा हो गया। यह देख गांव के लोग आगे आए और मदद की पहल की। इसी बीच ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह भी परिवार के सहारे बने। उन्होंने पीड़ित परिवार से फोन पर बातचीत कर न केवल आर्थिक सहयोग प्रदान किया, बल्कि भरोसा दिलाया कि आपके दुख-सुख में मैं हर वक्त साथ खड़ा हूं। जब तक बच्चा पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो जाता, परिवार को हर संभव मदद दी जाएगी। किसी भी जरूरत पर बेझिझक मुझे कॉल करें, मैं मदद के लिए हमेशा तैयार हूं। अमनदीप सिंह की इस पहल से परिवार की आंखें भर आईं। गांववासियों ने भी उनके इस मानवीय कदम की सराहना की और कहा कि मुश्किल घड़ी में गरीब परिवार का सहारा बनना वास्तव में बड़ी बात है। बाढ़ की विभीषिका झेल रहे क्षेत्र में यह घटना लोगों को भावुक कर गई। जहां एक ओर परिवार इलाज के लिए जद्दोजहद कर रहा है, वहीं समाज के जिम्मेदार लोग व ग्रामीण आगे बढ़कर इंसानियत की मिसाल पेश कर रहे हैं।

### मौर्यागंज-रेहरा-नयानगर बलुआ मार्ग तालाब बना, आवागमन ठप

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** बरसात के बाद मौर्यागंज से रेहरा नयानगर बलुआ को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि यह तालाब में तब्दील हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढों में भरा पानी और कीचड़ राहगीरों के लिए मुसीबत बन गया है। हालात यह हैं कि पैदल निकलना भी खतरे से खाली नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से रोज़ाना सैकड़ों लोग बाज़ार, अस्पताल और स्कूल के लिए गुजरते हैं, लेकिन पानी भरे रहने से बच्चों को स्कूल जाने में भारी दिक्कत हो रही है। अभिभावक चिंतित हैं कि कहीं बच्चे फिसलकर चोटिल न हो जाएं। गर्भवती महिलाओं और बीमार मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। ग्रामीण विजय,राम चरित्र,महेश,सलमान,श्यामलाल,सोनू आदि ने बताया कि कई बार वाहन बीच पानी में फंस जाते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। व्यापारियों का कहना है कि जर्जर सड़क के कारण सामान की ढुलाई प्रभावित हो रही है। सड़क इतनी खराब है कि दोपहिया वाहन भी बड़ी मुश्किल से निकल पाते हैं, कई लोग मजबूरी में पैदल ही सफर करते हैं। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन से जल्द जल निकासी और सड़क मरम्मत की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते काम नहीं हुआ तो हालात और बिगड़ जाएंगे और आने वाले दिनों में यह सड़क पूरी तरह से आवागमन के लायक नहीं बचेगी। विभाग की लापरवाही पर नाराज़ ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतें करने के बावजूद अधिकारियों ने अब तक कोई कदम नहीं उठाया है।

# सहकारी गन्ना विकास समिति अरनीखाना की अरबों की संपत्ति पर संकट

▸ जिला गन्ना अधिकारी और सचिव पर निष्क्रियता का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर खीरी के मध्य स्थित महराज नगर की बहुचर्चित सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड अरनीखाना की अरबों रुपए मूल्य की संपत्ति के विक्रय का मामला इन दिनों जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोपों के अनुसार, जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह और समिति के सचिव अच्छे लाल भारती की लापरवाही और निष्क्रियता के चलते यह बहुमूल्य भूमि और भवन विवादित मुकदमे में चंदेल परिवार के पक्ष में चला गया है।

इस पूरे मामले को लेकर राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने प्रमुख सचिव, गन्ना एवं चीनी विकास, बीना कुमारी मीणा को एक पंजीकृत डाक से ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में मामले की जांच सीधे गन्ना आयुक्त से कराए जाने, दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, मुकदमे की प्रभावी पैरवी कराने और हजारों किसानों की गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

**1961 से जुड़ा है संपत्ति का इतिहासः** ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सहकारी गन्ना विकास समिति का भवन वर्ष 1961 में खरीदा गया था, जिसका प्रमाण उस पर लगा पत्थर देता है। इस पत्थर पर 06 सितंबर 1961 की तिथि के साथ तत्कालीन जिलाधिकारी मोहिउद्दीन अहमद और जिला गन्ना अधिकारी पदेन कन्हैया सिंह के नाम खुदे हुए हैं। इसके बावजूद वर्तमान जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह और अन्य संबंधित अधिकारी इस तिथि को भवन के ÷पट्टे की तिथि÷ बता रहे हैं, जिससे मामले को लेकर संदेह और गहराता जा रहा है।

मामला सिविल जज (जूनियर डिवीजन) लखीमपुर खीरी की अदालत में वाद संख्या 1550/2023 के तहत लंबित था। लेकिन गंभीर आरोप यह है कि जिला गन्ना अधिकारी और समिति के सचिव की ओर से अदालत में न तो भवन की खरीद से जुड़े बैनामे प्रस्तुत किए गए और न ही वर्ष 1961 के किसी पट्टे या लगान की रसीदों को ही दाखिल किया गया। इससे चंदेल परिवार को लाभ मिला और फैसला उनके पक्ष में चला गया।

ज्ञापन में वर्ष 1991 में हुए नवीनीकृत पट्टे पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े किए गए हैं। बताया गया कि यह पट्टा सहकारी समिति के अधिकृत अधिकारी के स्थान पर एक प्रधान लिपिक, लाल बहादुर पुत्र दिलीप सिंह, द्वारा सब रजिस्ट्रार कार्यालय में कबूल किया गया। एक लिपिक को इस तरह के कार्य की कोई विधिक शक्ति नहीं है, जिससे यह कार्यवाही स्वयं ही संदेह के घेरे में आ गई है।

एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि यह भूमि व भवन नगर पालिका परिषद लखीमपुर में सहकारी गन्ना विकास समिति अरनीखाना के नाम पर दर्ज है और समिति द्वारा इसका गृह कर व जल कर नियमित रूप से अदा किया गया है। बावजूद इसके, न्यायालय में यह तथ्य प्रभावी ढंग से प्रस्तुत नहीं किया गया।

जब यह मामला जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के संज्ञान में आया, तब उनके निर्देश पर जनपद न्यायाधीश की अदालत में अपील की गई, वह भी लगभग तीन माह की देरी से। लेकिन अपील में भी कोई ठोस साक्ष्य या तर्क नहीं दिए गए, जिससे अपील में सफलता की संभावना भी क्षीण प्रतीत हो रही है।

## स्मार्ट मीटर योजना बनी लोगों के लिए सिरदर्द, लटकते तारों से बड़ा खतरा

▸ ठेकेदार की मनमानी, विभाग का पल्ला झाड़ना बना लोगों के लिए मुसीबत

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** जहाँ एक ओर सरकार उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए स्मार्ट मीटर योजना को अमल में ला रही है, वहीं दूसरी ओर यह योजना शहरवासियों के लिए मुसीबत का सबब बनती जा रही है। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के दौरान जिस तरह से केबलों और तारों को बेतरतीब तरीके से डाला गया है, उससे लोगों की जान पर बन आई है। शहर के कई मोहल्लों में खुले में लटकते तार और सड़कों पर बिखरी केबलें न सिर्फ हादसों को दावत दे रही हैं, बल्कि बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगा रही हैं। नगर के मोहल्ला भारत भूषण कॉलोनी, तिकुनिया रोड, गांधी नगर, जवाहर नगर सहित कई इलाकों में स्मार्ट मीटर के नाम पर लगाए गए खुले तार हवा में झूल रहे हैं। कई जगह ये तार बच्चों के पहुंच में हैं, जिससे आए दिन लोगों को अपने बच्चों की सुरक्षा की चिंता सताती रहती है। स्थानीय निवासी रामनरेश वर्मा ने बताया, ÷स्मार्ट मीटर तो लगा दिए गए, लेकिन पुराने तार हटाए नहीं गए। अब नए-पुराने तार मिलकर घर के सामने मौत का जाल बन गए हैं।



रेखा देवी, कन्हैया लाल, राम शंकर तिवारी, राजेश गुप्ता, बालक राम, राम कुमार, और दयाशंकर सहित कई अन्य लोगों ने बताया कि रोज स्कूल जाते समय बच्चों को तारों से बचाकर ले जाना पड़ता है। कोई बड़ा हादसा न हो, इसके लिए माता-पिता को हर समय सतर्क रहना पड़ता है। मोहल्लों में नजदीकी गलियों से गुजरना तक दूभर हो गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टे अधिकारियों का रवैया और भी निराशाजनक रहा। ने तो साफ कह दिया, जिन्हें परेशानी है, वे ठेकेदार से बात करें। विभाग की इस गैरजिम्मेदाराना जवाबदेही ने जनता को नाराज कर दिया है। लोगों का सवाल है कि जब ठेकेदार काम करता है, तो निगरानी की जिम्मेदारी विभाग की क्यों नहीं बनती?

## वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का समापन

▸ छात्राओं को मिला आत्मरक्षा का सशक्त संदेश, प्रमाण-पत्र पाकर खिले चेहरे



**मितौली खीरी।** संविलियन विद्यालय चपरदहा में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। यह प्रशिक्षण 23 जुलाई 2025 से 12 सितम्बर 2025 तक प्रशिक्षण प्रभारी अनुराग कुमार के मार्गदर्शन और विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार के सहयोग से संचालित किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय की सभी जूनियर छात्राओं को आत्मरक्षा की तकनीकें सिखाई गईं। समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष शैलेश कुमार के सहयोग से सभी छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर सहायक अध्यापक निर्मल कुमार, शिक्षा मित्र सरनाम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सरोज कुमारी, सहायिका किरण चौधरी तथा सफाई कर्मचारी जितेंद्र सहित विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## फरधान टोल प्लाज़ा पर अधूरे निर्माण के बावजूद टोल वसूली से विरोध तेज

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** एनएच-730 के फरधान टोल प्लाज़ा पर अधूरा निर्माण होने के बावजूद 10 सितंबर से टोल वसूली शुरू होने पर व्यापारियों और आमजन में आक्रोश है। शुक्रवार को उद्योग व्यापार मंडल ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम युगांतर त्रिपाठी को सौंपकर टोल वसूली तत्काल रोकने की मांग की। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कहा कि सड़क टूटी होने, ओवरब्रिज अधूरे रहने और सुरक्षा इंतज़ाम न होने की स्थिति में टोल वसूली जनता के साथ अन्याय है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि वसूली बंद नहीं हुई तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने में जिला अध्यक्ष नानक चंद वर्मा, उपाध्यक्ष बालकृष्ण गुप्ता, नगर अध्यक्ष पारस प्रसाद मिश्र समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने भी टोल का विरोध कर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की। एसडीएम ने शिकायत उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने और कार्रवाई का आश्वासन दिया।



### अधिवक्ता पर जानलेवा हमले से आक्रोश, तीन गिरफ्तार, बार एसो. का धरना जारी

**मोहम्मदी (खीरी)।** गत रात्रि करीब 10 बजे अधिवक्ता पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन मुल्जिमों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बावजूद अधिवक्ता समाज का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा। शुक्रवार को पूरे दिन बार एसोसिएशन अध्यक्ष कुलदीप सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर सभी आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस की ओर से प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश में टीमें गठित कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि आरोपितों के मकानों पर ताला पड़ा मिला है, लेकिन पुलिस लगातार दबिश दे रही है और शीघ्र ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। धरने पर बैठे अधिवक्ताओं का कहना था कि जब तक हमले में शामिल सभी लोगों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## एसआरजीएमए में छात्र अलंकरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी (एसआरजीएमए) में शुक्रवार को छात्र अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नव निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को उनके पदों की जिम्मेदारियों का औपचारिक दायित्व सौंपा गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय परिसर में हुआ, जहां निदेशक मोहित पुरी, प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र तथा उप प्रधानाचार्या साफिया खान ने सभी छात्र पदाधिकारियों को बैज लगाकर और पदनाम पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया।इस गरिमामयी समारोह में छात्रों को उनके दायित्वों की शपथ भी दिलाई गई। विद्यालय के निदेशक मोहित पुरी ने सभी छात्र नेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय का नेतृत्व करना सौभाग्य की बात है, लेकिन इसके साथ बड़ी जिम्मेदारियां भी आती हैं। समारोह के दौरान छात्र परिषद की घोषणा की गई, जिसमें रुद्र प्रताप सिंह को प्रेसीडेंट, साध्वी भट्ट को वाइस प्रेसीडेंट, सिमरन अंसारी को प्राइम मिनिस्टर तथा यशप्रीत कौर को डिप्टी प्राइम मिनिस्टर बनाया गया। इसके साथ ही आरिश नोमान को डिफेंस हेड, देवशी मिश्रा को डिप्टी डिफेंस, संदीप कौर को स्पोर्ट्स हेड, युवराज सिंह को डिप्टी स्पोर्ट्स, चरन कौर को हेल्थ हेड, अर्पिता को डिप्टी हेल्थ, इशिका को कल्चरल हेड, सहज को डिप्टी कल्चरल, शिफा खान को ट्रांसपोर्ट हेड और हार्दिक गोस्वामी को डिप्टी ट्रांसपोर्ट की जिम्मेदारी सौंपी गई। विद्यालय की हाउस प्रणाली के अंतर्गत भी पदों का वितरण किया गया। शिवाजी हाउस में अग्रिम श्रीवास्तव को कैप्टन, अफशा खान को वाइस कैप्टन तथा तनु वर्मा और कृष्णा मिश्रा को प्रीफेक्ट बनाया गया, जबकि शिक्षक आयुष गुप्ता को हाउस मास्टर नियुक्त किया गया। टैगोर हाउस में हर्षित सिंह को कैप्टन, सहजप्रीत कौर को वाइस कैप्टन, दीक्षा वर्मा और अखिल गुप्ता को प्रीफेक्ट तथा शिक्षक किशोर अवस्थी को हाउस मास्टर का दायित्व सौंपा गया। इसी तरह अशोका हाउस का नेतृत्व मोहित मिश्रा ने कैप्टन और हरसिमरन कौर ने वाइस कैप्टन के रूप में किया, वहीं आरव सिंह और सिमरनजीत कौर को प्रीफेक्ट तथा शिक्षक मुकेश शर्मा को हाउस मास्टर चुना गया। रमन हाउस में सरस कैप्टन, प्रियांशी वाइस कैप्टन, सुखमन और विनायक प्रीफेक्ट तथा शिक्षक रचित अग्रवाल हाउस मास्टर बने। विद्यालय के उच्चतम छात्र नेतृत्व पदों पर भी चयन हुआ, जिसमें अर्पित वर्मा को हेड ब्वाय और तेजस्वी को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। इस पूरे आयोजन का संचालन शिक्षक संगम गुप्ता ने कुशलता से किया। प्रधानाचार्य आलोक मिश्र ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि इन पदों को अधिकार नहीं, बल्कि दायित्व समझकर निभाना होगा।समारोह के अंत में सभी छात्र पदाधिकारियों ने अपने-अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करने की शपथ ली और विद्यालय की प्रगति के लिए समर्पित रहने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षकगण, अभिभावकगण एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और पूरे आयोजन ने छात्रों में उत्साह एवं नेतृत्व भावना का संचार किया।

## सहकारी गन्ना समिति उतरौला में 22 तक सर्वे सट्टा के तहत मेला आयोजित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



उतरौला सहकारी गन्ना विकास समिति लि, उतरौला बलरामपुर में दिनांक 12 सितंबर से 22 सितंबर 2025 तक सर्वे सट्टा मेले का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ अध्यक्ष सरकारी गन्ना विकास समिति लि., उतरौला एवं जिला गन्ना अधिकारी बलरामपुर के द्वारा किया गय। शुभारंभ के समय उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए संजय कुमार, जिला गन्ना अधिकारी बलरामपुर ने इस मेले का भरपूर लाभ उठाकर अपने सर्वे/ सट्टा संबंधी समस्त सुधार /संशोधन यथा गन्ना क्षेत्रफल, कुल जोत भूमि, गन्ना प्रजाति, मोबाइल नंबर, बैंक अकाउंट, बेसिक कोटा व अन्य का भली भांति अवलोकन कर सुधार करने की अपील किया गया। इस अवसर पर चीनी मिल के फील्ड स्टाफ एवं गन्ना पर्यवेक्षकों द्वारा किए जा रहे सुधार/ संशोधन के कार्यो का अवलोकन भी किया गया तथा उन्हें निर्देशित किया गया कि मेले में आने वाले कृषकों का शिकायत/ संशोधन को पंजीकृत करने के पश्चात ही उसी कार्य दिवस में सुधार/ संशोधन को एसजीके पर भी निस्तारित किया जाए। अध्यक्ष, गन्ना समिति तोताराम वर्मा द्वारा समिति क्षेत्र के सभी ग्रामों में अभियान चला कर नए सदस्य बनाकर उनका गन्ना आपूर्ति करने की बात कही गई। नरेंद्र कुमार सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, उतरौला द्वारा कृषकों से अपील किया गया कि सुधार/ संशोधन के इस अंतिम अवसर का लाभ उठाएं एवं वितरत किए गए प्री कैलेंडर को भली-भांति जांच लें, ताकि पेराई सत्र के दौरान किसी भी प्रकार के परेशानियों का सामना न करना पड़े। विशेष सचिव उतरौला, अविनाश सिंह द्वारा मोबाइल नंबर, बैंक अकाउंट आदि को कृषकों से सही करा लेने की अपील की गई, ताकि गन्ना पर्ची मिलने में कोई दिक्कत ना हो एवं समय से गन्ना मूल्य भुगतान उनके खाते में भेजा जा सके। इस अवसर पर समिति क्षेत्र के सैकड़ो कृषकों ने अपने-अपने प्री कैलेंडर का का अवलोकन कर सुधार/ संशोधन के लिए मेले में संपर्क किया। मौके पर समिति स्टाफ मोहम्मद परवेज, इमरान हाशमी व गन्ना पर्यवेक्षक अतुल कुमार सिंह, अमित कुमार शाह, परमेश्वर कुशवाहा ,उपेंद्र सिंह, अजीत चौधरी, अखिलेश कुमार व समिति तथा परिषद के अन्य कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस संत सर्वेश महाराज ने भक्ति के महत्व पर दिया संदेश



**बलरामपुर।** उतरौला मानस परिवार सेवा समिति के तथावधान में आयोजित संगीतमय श्री राम कथा के द्वितीय दिवस श्री अयोध्या धाम से पधारे संत सर्वेश जी महाराज ने कहा कि एक बार शिव सती जी के साथ दक्षिण भारत श्री राम कथा सुनने के लिए कुंभज ऋषि ने श्रीराम कथा सुनाई पर केवल शिवजी ने सुनी सती ने नहीं सुनी और जब कथा 9 दिन के बाद विश्राम लिया और जब शिवजी वहां से चलने लगे कैलाश के लिए तो सती जी के लिए बाबा तुलसीजी ने लिखा,चली भवन सग दक्ष कुमारी और जब आई थी तब बाबा तुलसी ने मानस में लिखा है पूज्य ऋषि अखिलेश्वर जानी सॉन्ग सती जग जनन भवानी और बाद में ऋषि कुंभा ने शिवजी से भक्ति के विषय में पूछा है और भक्ति के बारे में शिवजी ने उनको उपदेश दिया कहा बिना भक्ति के जीवन अधूरा है भक्ति अनिवार्य है संत की सेवा करना भगवान की कथा सुना गुरु की सेवा करना सरल बना संतोष धारण करना यह सब भक्ति के लक्षण है। रामकथा में भजन सुनकर भक्त भावविभोर हो गए। तेरी मंद मंद मुस्कनिया पे बलिहार राघव जी बलिहार राघवजी भजन ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान ओम प्रकाश गुप्ता संजय गुप्ता नीरज गुप्ता दीपक चौधरी सतीश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## यातायात पुलिस ने नो हेलमेट नो फ्यूल की जांच की



**बलरामपुर।** यातायात पुलिस बलरामपुर दिनांक 12/9/2025 नो हेलमेट नो फ्यूल हमारा उद्देश्य आपकी सुरक्षा बलरामपुर पुलिस सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता के दृष्टि गत प्रदेश स्तर पर दिनांक 1.9.2025 से 30 9. 2025 तक तक विशेष अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डी के श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रभारी यातायात उमेश सिंह द्वारा मय टीम के साथ जनपद में नो हेलमेट नो फ्यूल के प्रति जागरूकता करने के लिए एढाक हमारा पंप सेमरहना तथा शंकर पेट्रोल पंप हरिहरगंजआदि स्थानों पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में नो हेलमेट नो फ्यूल का अभियान चलाया गया तथा भगवतीगंज तिराहे पर अभियान चला कर बिना हेलमेट बिना सीट बेल्ट बिना लाइसेंस के 61 वाहनों से 75000 समन की कार्रवाई की गई।

## नेपाल में तख्तापलट से नेपाल-भारत बार्डर पर मंडराने लगे संकट के बादल

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नेपाल में पिछले कुछ दिनों से हो रहे हिंसक विरोध प्रदर्शनों ने पूरे दक्षिण एशिया को चिंतित कर दिया है। राजधानी काठमांडू सहित कई प्रांतों में उग्र भीड़ ने सरकारी भवनों, सुप्रीम कोर्ट परिसर, संसद भवन, दुकानों, मॉल और निजी संस्थानों पर हमला किया। कई जगहों पर आगजनी, लूटपाट और हत्या की घटनाएँ दर्ज की गई।

सबसे गंभीर घटना तब हुई जब प्रदर्शनकारियों ने नेपाल की कई जेलों पर धावा बोल दिया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, हजारों कैदी जिसमें हत्या, लूट और अन्य संगीन अपराधों में दोषी भागने में सफल रहे। नेपाल सरकार ने आपात सुरक्षा बलों को तैनात कर हालात काबू में करने की कोशिश की, लेकिन कई फरार अपराधियों के देशभर में फैलने की आशंका बनी हुई है। भारत-नेपाल खुली सीमा के कारण इन अपराधियों के भारत में घुसपैठ की संभावना को देखते हुए भारतीय सुरक्षा एजेंसियाँ अलर्ट हो गई हैं। सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) ने बलरामपुर सहित उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी है। कई संदिग्ध व्यक्तियों को सीमा पार करने के प्रयास में हिरासत में लिया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर अतिरिक्त बल तैनात करने और अस्थायी रूप से आवागमन सीमित करने के निर्देश दिए हैं। बलरामपुर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर और बहराइच जिलों में एसएसबी और पुलिस बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। भारत और नेपाल के ऐतिहासिक रोटी-बेटी संबंधों को देखते हुए यह कदम कठिन लेकिन ज़रूरी माना जा रहा है। सीमा पार कई परिवारों के वैवाहिक रिश्ते हैं, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है। स्थानीय प्रशासन ने सीमा पार रहने वाले परिजनों से संयम बरतने और आधिकारिक घोषणाओं पर भरोसा करने की अपील की है। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि फरार अपराधियों को जल्द काबू में नहीं किया गया तो नेपाल और सीमावर्ती भारतीय जिलों में अपराध दर बढ़ने का खतरा है।

## अवधी साहित्य संस्थान ने छठवें स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय विमर्श, विमोचन व साहित्यकार सम्मान

# वैश्विक स्तर पर रेखांकित की गई अवधी भाषा साहित्य

▸ सम्मानित किए गए बाराबंकी के साहित्यकार





**अमेठी/बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

अवधी साहित्य संस्थान अमेठी के छठवें स्थापना दिवस पर आलोक प्रमोद इंटर कॉलेज में दो दिवसीय अवधी साहित्यकारों और कलमकारों का विमर्श विमोचन एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ।राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में वैश्विक परिदृश्य में हिंदी और हिन्दी साहित्य के संवर्धन में अवधी की भूमिका को लेकर विस्तार से गहन चर्चा की गई। साहित्यकारों के इस संगम में देश के विभिन्न प्रान्तों उत्तर प्रदेश सहित तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश,महाराष्ट्र,

केरल,मध्यप्रदेश, राजस्थान एवं दिल्ली से पधारे नामचीन साहित्यकारों ने भाग लिया।इस आयोजन के प्रथम दिन में आयोजित कवि सम्मेलन में अमेठी व आसपास के 37 कवियों ने अपनी काव्यांजलि दी वही दूसरे दिन विचार व्याख्यान में साहित्यकारों ने अवधी साहित्य के संवर्धन में अपने सुझाव दिए। दो सत्रों में वैश्विक स्तर पर हिन्दी साहित्य का परिदृश्य एवं हिन्दी साहित्य सम्वर्द्धन में अवधी की भूमिका पर गहन विचार विमर्श साहित्य मनीषियों द्वारा किया ज्ञान।डॉ अर्जुन पाण्डेय द्वारा रचित सद्य : प्रकाशित सोने मा सोहागा अवधी कहानी संग्रह के विमोचन के साथ पूर्व गृह सचिव जिया लाल की पुस्तक अंधेरों के उजाले एवं राम-लखन तिवारी की पुस्तक साहित्य सृजन का विमोचन हुआ।

साहित्यकारों को गोस्वामी तुलसीदास/मलिक मोहम्मद जायसी अवधी सम्मान से सम्मानित किया गया।स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में तमिलनाडु से एम गोविंद राजन, डॉ ए भवानी, आंध्रप्रदेश से प्रोफेसर विजया भारती जेल्दी, भोपाल से प्रयास जोसी,सुधा कांत मिश्र बेलाला, शिवाकांत त्रिपाठी सरस, राजस्थान से प्रोफेसर हेमराज मीणा, दिल्ली से मनोज मिश्र, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ रामबहादुर मिश्र, हिन्दी संस्थान लखनऊ से डॉ अमिता दुबे, पूर्व गृह सचिव बिहार जिया लाल आर्य, पूर्व कुलसचिव पारसनाथ प्रसाद, राजेश विक्रांत मुंबई, साहित्य भूषण डॉ दयाराम मौर्य, जसरा से राम-लखन प्रजापति लखनऊ से इं सुनील बाजपेई, डॉ रश्मि शील, अरुण तिवारी, कुमार तरल, बाराबंकी से योगेन्द्र मधुप, शिक्षाविद रत्नेश कुमार गौतम, हरि नाथ शुक्ल हरि, नरेन्द्र प्रताप शुक्ल, अनीस देहाती, कुंजबिहारी मौर्य, प्रबंधक डॉ देवमणि तिवारी, डॉ शिवम् तिवारी सहित संस्थान के सम्मानित कवि एवं साहित्यकार रामेश्वर सिंह निर्वाह, राजेंद्र शुक्ल अमरेश, जगदम्बा तिवारी मधुर, सब्बीर अहमद सूरी एवं डॉ अभिमन्यु पाण्डेय आदि को तुलसी एवं जायसी सम्मान से अलंकृत किया गया।साहित्यिक समारोह में पधारे साहित्यकारों का स्वागत अवधी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ शिवम तिवारी ने किया।इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में साहित्य प्रेमी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।



### चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के बच्चों व अभिभावकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छंदवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा नि:शुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्रों एवं अभिभावकों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार केजीएमयू के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ गोविंद पांडेय एवं डॉ गौरव सिंह ने छात्रों व अभिभावकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार किया। इस दौरान लगभग 175 बच्चों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयां वितरित की गई। डॉ गोविंद पांडेय ने बच्चों के साफ सफाई के विषय में जानकारी दी और बताया कि मौसम में बदलाव होने के कारण आप सभी लोगों को सावधानी रखनी चाहिए। संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने सभी को स्वस्थ्य रहने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने चिकित्सकों का स्वागत किया। शिक्षिका वंदना वर्मा, शारदा रावत, सरिता यादव ,प्रिया मौर्य, पूनम रत्नाकर, अर्चना, प्रिंसी वर्मा, पलक कनौजिया तथा कर्मचारी जियालाल, सरोज, सरस्वती सहित आधा सैकड़ा अभिभावकों ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

## खबरें एक नजर में

### सेवा पखवाड़ा अभियान की कार्यशाला सम्पन्न



**इकदिल, इटावा, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत इकदिल मण्डल की कार्यशाला नगर पंचायत इकदिल में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता अभिषेक मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि अभिषेक मिश्रा ने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा चलाया जायेगा स इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम नारायण त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट, कार्यक्रम संयोजक मंडल महामंत्री अतुल तिवारी, सर्वेश राजपूत, सह संयोजक देवकीनंदन त्रिपाठी, इंदल कठेरिया मंडल उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, महेंद्र सिंह जाटव, प्रिया तिवारी, शिवेंद्र मिश्रा, प्रवीन राजपूत, सुनील राजपूत, दिलावर कठेरिया सभासद, नवीन मिश्रा, विशाल तिवारी, सुशील दिवाकर मंडल के पदाधिकारीगण व सेक्टर के संयोजक, बूथ अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पति सहित चार महिलाओं पर दर्ज हुआ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा, पुलिस जांच शुरू

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** ससुरालियों की प्रताड़ना से परेशान विवाहिता की तहरीर पर थाना मसौली मे पति सहित चार महिलाओ पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच की जा रही है। थाना क्षेत्र के ग्राम शहादतगंज के मोहल्ला पचासा निवासी पीड़िता तरन्नुम बानो पुत्री मो0 सगीर ने मसौली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 25 अक्टूबर 2021 को जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम दतौली निवासी राशिद के साथ हुई थी शादी मे हैसियत के मुताबिक दान दहेज देने के बाद भी पति राशिद सास नसीबन नंद शाहीन, प्रवीन व नसरीन बुलेट मोटरसाइकिल एव 50 हजार की नगदी को लेकर आये दिन परेशान करते रहते थे। बीते बुधवार की सुबह पति राशिद, सास, नंद शाहीन, परवीन नसरीन ने विवाहिता को मारपीट कर कस्बा सहादतगंज के बाहर छोड़कर चला गया पीड़िता की तहरीर पर मसौली पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने बताया की पीड़िता की शिकायत पर पति सहित 4 महिलाओ के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पोस्ट ऑफिस कर्मी व एजेंट पर चालीस हजार गबन का लगा आरोप

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के करौंदी गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर पोस्ट ऑफिस के एजेंट और बाबू पर चालीस हजार रुपये गमन करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगायी हैं। गांव निवासी लल्लू पाल ने शुक्रवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। आरोप लगाया कि एक माह पहले वह अपने खाते में पैसा जमा करने हैदरगढ़ स्थित डाकघर आया था। बताया कि यहां एजेंट के तौर पर काम करने वाले श्रवण मिश्रा से उनकी काफी दिनों से जान पहचान है। हमेशा डाकघर का लेनदेन इन्हीं की सहायता से करता चला आ रहा था। अशिक्षित होने के कारण श्री मिश्रा से चालीस हजार रूपया जमा करने की रसीद भरवाया। उनके बताने के मुताबिक बाबू के पास पहुंचकर ?40 हजार व पासबुक दे दिया। जिसके बाद बाबू ने रूपया मशीन में डालकर गिन लिया। बताया कि पासबुक श्रवण मिश्रा को दे देंगे उनसे ले लेना। इसके बाद मै घर वापस लौट आया। श्रवण मिश्रा से अपनी पासबुक व रसीद की मांग करता रहा। लेकिन एजेन्ट टालमटोल करते रहे। दबाव बनाने पर उन्होंने पासबुक तो वापस कर दिया। लेकिन जमा किया चालीस हजार रूपया पासबुक पर नहीं चढा था। बताया कि बाबू व एजेंट एक दूसरे पर पैसा हड़पने का आरोप लगा रहे है। थक हार कर लल्लू पाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

### महिला ने पिया जहर, हालत गम्भीर

**इकदिल, इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र में गृहक्लेश से तंग आकर एक महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। गांव फुफाई के रहने वाले रितिक राजपूत की 24 वर्षीय पत्नी सपना ने बुधवार देर रात गृह क्लेश से तंग आकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालात बिगड़ते देख परिजन लोग उसे जिला अस्पताल ले गये।

### स्कॉर्पियो-बोलोरो की भिड़न्त में चालक की मौत, दो घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** उन्नाव हरदोई मार्ग पर स्कॉर्पियो कार एवं बोलोरो कार की हुई आमने सामने की टक्कर में बोलोरो चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही स्कॉर्पियो चालक सहित दो लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए बांगरमऊ भेजा गया है। सूचना पर थाना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### बस की टक्कर से ई-रिक्शा चालक घायल

**इकदिल, इटावा, समृद्धि न्यूज।** आगरा–कानपुर नेशनल हाइवे पर मानिकपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार बस ने ई रिक्शा चालाक को टक्कर मार घायल घायल कर दिया। निवासी मानिक पुर मोड़ के रहने वाले रामप्रकाश का 19 वर्षिय बेटा कुलदीप बुधवार देर रात ई रिक्शा से आ रहा था तभी उपरोक्त स्थान पर तेज रफ्तार बस ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया और युवक घायल हो गया। हादसे के बाद बस ड्राइवर मौके से बस लेकर भाग गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन लोग उसे जिला अस्पताल ले गए।

## दो गांवों में आयोजित हुई चौपाल



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक सिरौलीगौसपुर क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। बदोसराय पंचायत भवन में हुई पहली चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान निसार मेहंदी ने की। पंचायत सचिव वीरेंद्र तिवारी ने इसका संचालन किया। बदोसराय चौपाल में गुफरान और जमाल वारिस ने परिवार रजिस्टर से जुड़ी शिकायत रखी। पंचायत सचिव ने मौके पर ही परिवार रजिस्टर बनाकर समस्या का समाधान किया।दूसरी चौपाल प्यारेपुर पंचायत भवन में ग्राम प्रधान आरती देवी की अध्यक्षता में हुई। पंचायत सचिव तेजभान वर्मा ने संचालन किया। राधेलाल और दीपू ने आवास की समस्या रखी। पंचायत सचिव ने बताया कि आवास का सर्वे पूरा हो चुका है।राजन कुमार ने राशन कार्ड की समस्या बताई। पंचायत सचिव ने उन्हें ऑनलाइन आवेदन की सलाह दी। मुन्नी ने विधवा पेंशन न मिलने की शिकायत की। उन्हें भी ऑनलाइन आवेदन करने को कहा गया।चौपाल के बाद पंचायत सचिव तेजभान वर्मा ने प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य और सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया।

### महिला ने फांसी लगा की आत्महत्या

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोतवाली श्रेत्र के मोहल्ला सर्वोदय नगर में 35 वर्षीय महिला मीनू सिंह पत्नी स्वरूप रज्जन सिंह ने घरेलू कलह के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली पड़ोसियों ने बताया की मृतका के पति स्व.रज्जन सिंह करीब 5 वर्ष पहले मृतका के दो बच्चे 15 वर्षीय ओम सिंह व 8 वर्षीय बेटी लवी सिंह है को छोड़ कर दिवंगत हो गये थे मृतका अपने ससुराल में रहकर अपने बच्चों का भरन पोषण कर रही थी आज दोपहर करीब 3 बजे के आसपास घरेलू कलह के चलते महिला ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर लीं जिसके पीछे दोनों बच्चो का रो रो कर बुरा हाल था और मोहल्ले में हड़कम्प मच गया मोहल्ले वालों की सूचना पर पंहुची कोतवाली गंगाघाट पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये पंचायत नामा करवा जिला अस्पताल भेजा।

## जांच कमेटी गठित, प्राध्यापक के खिलाफ पड़ताल शुरू

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

मीडिया से उठी आवाज के बाद पीडित की शिकायत पर हिन्दी विभाग के प्राध्यापक के विरुद्ध तीन सदस्यीय जाच टीम ने अवैद्य रुप से नियुक्ती और प्रमोशन को लेकर जाच पडताल शुरु कर दी है।लेकिन विगत के कई वर्षो से उच्च शिक्षा के मंदिर मे विवाद का पर्याय बने प्रवक्ता के रसूख और व्यवस्था निहित कार्यशैली के आगे कालेज की कमेटी और स्थानीय पुलिस की कृपा दृष्टि उन पर बनी रही।अब तो भारतीय किसान यूनियन भदौरिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर हाकिम सिंह भदौरिया के निर्देश पर पर जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने भी उचित कार्यवाही न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

मालूम हो कि पी जी कालेज के विवादित हिन्दी विभागाध्यक्ष डा.अखिलेश वर्मा गंभीर आरोपो से घिरे रहे है।पिछले वर्षो मे मृदुभाषी सज्जन प्रार्चाय पर दबाव बनाकर रखना और सहायक प्रोफेसर डा. संजय तिवारी पर दलित उत्पीडन के तहत फसाना कोई बडी बात नही रही।स्थानीय थाने पर दर्ज कराये गये दलित एक्ट के मामले मे माननीय उच्च न्यायालय से स्टे आर्डर भी लिया गया है। ऐसा भी नही है कि प्रबन्ध कमेटी से लेकर छोटे बडे अधिकारी अन्जान रहे हो। लेकिन भगवान के घर देर है अंधेर नही यह कहावत चरितार्थ होने पर लोग दातो तले उगली दबाकर प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल उठा रहे है। एक तरफ नौकरी पाने से पहले उनके ऊपर अपहरण जैसे संगीन आरोप मे चार्जशीट लग गयी तो दूसरी तरफ गायब किये गये व्यक्ति के भाई की शिकायत पर मीडिया के हो हल्ला के बाद गठित टीम के द्वारा जाच पडताल शुरु हो गयी। प्रशासन की लचर प्रणाली के चलते भा कि यू भदौरिया गुट के जिलाध्यक्ष रवीन्द्र सिह ने उनके विरुद्ध हरदोई के माधौगंज थाने में अपहरण से जुड़े मुकदमे में चार्जशीट दाखिल होने और उनके खिलाफ जमानती और गैर-जमानती वारंट जारी होने तथा उन्हें भगोड़ा घोषित जाने सहित उनकी अग्रिम जमानत याचिका जिला और उच्च न्यायालय से खारिज हो चुकी है।आरोप है कि आपराधिक मामला छुपाकर उन्होंने प्रवक्ता पद पर नियुक्ति 2010 और बाद में पदोन्नति भी प्राप्त की।माह अगस्त 2025 से वे कॉलेज नहीं आ रहे हैं और मोबाइल भी बंद है।महाविद्यालय के प्राचार्य व प्रबंध समिति से अनुरोध है कि तत्काल इसके खिलाफ कार्रवाई करें नौकरी से बर्खास्त करे नही तो हमारा संगठन धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा जैसी चेतावनी लोगो मे चर्चा का विषय बन चुकी है।

## वन विभाग के डिप्टी रेंजर पर कुल्हाड़ी से हमला

▸ तीन नामजद आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

लबेदी थाना क्षेत्र के वन विभाग के डिप्टी रेंजर के ऊपर लकड़ी माफ़िआओं के द्वारा किए गए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने डिप्टी रेंजर की तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस आगे की कार्रवाई में लग गई है। बीते गुरुवार को रेंज में गश्त के दौरान डिप्टी रेंजर ने लकड़ी काटन की घटना होते हुए देखा। जिस पर रेंजर ने मना किया, जिसके बाद हमलावरों ने डिप्टी रेंजर पर कुल्हाड़ी से हमला करते हुए लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। एसपी ग्रामीण श्रीश चंद्र ने बताया कि तीन नामजद आरोपियों के खिलाफप्रार्थना पत्र के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि जिले में लकड़ी और खनन माफ़िआओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब यह सरकारी अफ़सरों तक को निशाना बनाने लगे हैं। गुरुवार देर शाम लवेदी थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव स्थित यमुना पट्टी के जंगल में डिप्टी रेंजर भानु प्रताप सिंह पर माफ़िआओं ने घात लगाकर कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया।

इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। डिप्टी रेंजर की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हमलावर भाग निकले। ग्रामीणों ने घायल अवस्था में भानु प्रताप सिंह को पहले बकेवर पचास शैय्या अस्पताल और फ़िर जिला अस्पताल रेफ़र कराया। घायल डिप्टी रेंजर ने इलाज के दौरान बताया कि माफ़िआओं ने न केवल मारपीट की, बल्कि उनकी सोने की चेन और पर्स भी लूट लिया। यही नहीं, आरोपियों ने धमकी दी। आज मारा है, आगे भी मारेंगे, जिंदा नहीं छोड़ेंगे।

एसपी ग्रामीण श्रीचंद्र ने बताया कि डिप्टी रेंजर की तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों सहित अन्य पर भी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी है। पूर्व में कई मुकदमों में ये नाम सामने आ चुके हैं। पुलिस ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### रोजगार मेले का आयोजन 16 को



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जिला सेवायोजन अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय निकट पक्का तालाब इटावा मॉडल करिअर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों हेतु 16 सितम्बर को एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में 7 कम्पनियां विभिन्न रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही हैं। सुबह 9 बजे परिसर जिला सेवायोजन कार्यालय, निकट पक्का तालाब में अपने बायोडाटा की कम से कम 5 प्रतियों सहित साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। रोजगार मेले में चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है।

## हाइवे पर ऑटो से गिरी महिला सवारी

▸ घायल सवारी छोड़कर चालक मय ऑटो हुआ फरार

**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

भरथना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत इटावा कन्नौज हाइवे पर गुरुवार की दोपहर करीब 3 बजे ग्राम बंधारा के पास एक ऑटो की तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला,दौड़ते ऑटो में भूसा की तरह ठसाठस भरीं सवारियों में एक महिला अनम 22 बर्ष पत्नी आशिफ निवासी रामगंज इटावा ऑटो से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गई, इस बीच दुर्घटना के बाद चालक मय ऑटो के मौके से भाग जाने में सफ्ल हो गया।

मौके पर मौजूद युवा समाजसेवी निहालुद्दीन ने राहगीर के सहयोग गम्भीर घायल महिला अनम को



सरकारी एम्बुलेंस से इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है। घायल महिला अनम ने बताया वह भरथना से वापस अपने घर इटावा जाने को चौराहे पर खड़ी थी भूसा की तरह ठसाठस भरे ऑटो चालक ने उसे जबरन उसी में ठूंस लिया और तेज रफ्तार ऑटो हाइवे पर दौड़ा दिया जिसपर वह दौड़ते ऑटो से सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गई और चालक मय ऑटो के मौके से भाग जाने में सफ्ल हो गया।

## पूर्व मंत्री ने जाना बाढ़ पीड़ितों का हाल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

सफ़ीपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व राज्यमंत्री पूर्व विधायक सपा नेता सुधीर कुमार रावत ने विधानसभा के कटरी क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित गहोली, नीबीगाढ़ा, हमज़ापुर, इब्राहिमाबाद आदि दर्जनों गांव के मौजूद लोगों से स्थिति का जायज़ा लिया जिससे जानकारी प्राप्त हुई कि गंगा नदी का जलस्तर अत्यधिक बढ़ जाने पर बाढ़ पीड़ित परिवारों से बातचीत करते हुए उन्हें तत्काल राहत सामग्री एवं खाने हेतु लंच पैकेट आदि वितरित किए। कटरी क्षेत्र में गंगा नदी के उफ़ान से स्थानीय निवासियों का जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। पानी का बहाव तेज होने से अनेक गाँव जलमग्न हैं। ग्रामीण अपने घरों के



भीतर पानी भर जाने के कारण छतों पर एवं दूर-दराज सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हैं और किसी तरह गुज़र बसर कर रहे हैं। पशुओं के खाने के लिए चारे की भारी कमी और पीने के पानी की समस्या भी गंभीर रूप धारण कर चुकी है। इस मौके पर जितेंद्र कुशवाहा जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, मकसूद अली विधानसभा अध्यक्ष सफ़ीपुर, सैफ खान, बालेन्द सिंह भदोरिया, अभिषेक कुशवाहा, मत्स्यद गौड़, अभिषेक रावत, शिवम कुशवाहा, हरिकेश पाल, मुकेश रावत सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सपा नेत्री ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में बांटी खाद्य सामग्री

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

गंगाघाट क्षेत्र के गोताखोर, चम्पापुरवा, आदि क्षेत्र बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित है। उक्त क्षेत्रों के लोग बाढ़ की विभीषका से ग्रसित होने के कारण कई तरह की अव्यवस्थाओं जैसे भोजन, आवागमन व स्वास्थ्य की समस्याओं से परेशान हैं। इन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की तकलीफों की सूचना जब सपा राष्ट्रीय सचिव अन्नू टण्डन को हुई तो उन्होंने गंगाघाट के गोताखोर, चम्पापुरवा क्षेत्र का दौरा कर नाव में बैठकर पीड़ित परिवारों की परिस्थितियों को जानने के लिये उनके दरवाजे पहुंची। पूर्व सांसद अन्नू टण्डन ने बाढ़ से प्रभावित लोगों को दिनभर के भोजन की व्यवस्था की तथा भोजन का वितरण किया।



पूर्व सांसद ने प्रशासन से अनुरोध किया कि बाढ़ से काफी समस्यायें उत्पन्न है। जिसमें स्वास्थ्य व भोजन सबसे बड़ी समस्या है। जिसके लिये उचित कदम शासन भी उठाये बाकि उन्होंने स्वयं बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद करने की बात कही। बाढ़ प्रभावित लोगों में शबनम, सुशील, महेश, बबलू, श्रीमती आदि ने कहा कि बाढ़ से बुखार व गंदगी से स्वास्थ्य खराब हो रहा है जिसमें इलाज की समुचित व्यवस्था प्रशासन को करनी चाहिये। बाढ़ प्रभावित परिवार के लोगों तथा क्षेत्रीय सभासद राजा ने अन्नू टण्डन जी की त्वरित मदद के लिये आभार व्यक्त करते हुये कहा कि बाढ़ का पानी घर में भर जाने के कारण भोजन की दिक्कत है जिसमें अन्नू टण्डन जी ने मदद करके काफी सहायता किया। सहायता कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वीरेन्द्र शुक्ला, मिंटू निषाद, उमालाल यादव, विवेक शुक्ला, संजय निगम, जीतेन्द्र निषाद, अमित शुक्ला, जमाल अहमद, दिलीप यादव आदि लोग उपस्थित थे।

### क्षयरोग ग्रस्त 20 मरीजों को पोषण पोटली वितरित

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) एवं इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट के अंतर्गत वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स (डब्ल्यूएचपी) के संयुक्त प्रयास से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनगंज में टीबी से ग्रसित 20 जरूरतमंद मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। यह पोटली डॉ. राज करन क्लीनिक एवं तीन ग्राम प्रधानों के सहयोग से प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. एमओटीसी रोहित सिंह, एसटीएस एस. के. मिश्रा, एसटीएलएस अवधेश मौर्य तथा डब्ल्यूएचपी से कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर विवेक मिश्रा एवं सूर्य प्रकाश उपस्थित रहे। पोषण पोटली में संतुलित एवं पौष्टिक आहार सामग्री शामिल है, जो मरीजों को न केवल ऊर्जा प्रदान करती है बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाती है। इस पहल से टीबी मरीजों के स्वास्थ्य लाभ जल्द होने की सम्भावना बढ़ गयी है।

## एसबीआई शाखा सैफई में नए प्रबंधक ने संभाला चार्ज

▸ सेवा सुधार पर रहेगा फोकस

**सैफई, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय स्टेट बैंक की शाखा सैफई में नए प्रबंधक गंगाचरन यादव ने कार्यभार संभाल लिया है। शाखा संचालन को सुचारू बनाने और ग्राहकों को समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। बैंक शाखा में आने वाले ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने के साथ-साथ डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा दिया जाएगा ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग बिना किसी कठिनाई के बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें।

गंगाचरन यादव झांसी के मूल निवासी हैं। वे जिले के पक्केबाग शाखा से स्थानांतरण होकर सैफई आए हैं। बैंकिंग क्षेत्र में 15 वर्षों का अनुभव रखने वाले यादव पिछले पांच वर्षों से



इटावा जिले में कार्यरत थे। नए प्रबंधक ने बताया कि उनका मुख्य ध्यान शाखा संचालन को सरल और पारदर्शी बनाना है। ग्राहकों को बैंक में समय पर सेवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनका विश्वास बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। प्रबंधक गंगा चरन यादव के अनुसार, शाखा में नियमित ग्राहक सेवा सर्वे और आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि बैंकिंग सेवा का स्तर लगातार उन्नत होता रहे।

## शराब ठेकों सहित अनेक दुकानों से लाखो की चोरी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र में बांगरमऊ-संडीला मार्ग पर बीते गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने अंग्रेजी कंपोजिट और देशी शराब ठेके सहित कुल छः दुकानों पर धावा बोलकर लाखों रुपए कीमत की शराब और नगदी तथा सामान चोरी कर लिया। चोर एक दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा और डीवीआर भी उठा ले गए। आज सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे दुकान मालिकों ने घटना की तहरीर बेहटा पुलिस को सौंपी। पुलिस चोरों का सुराग लगाने में जुटी है।

ग्राम बेहटा मुजावर में बांगरमऊ-संडीला मार्ग पर अंग्रेजी कंपोजिट और देशी शराब के ठेके संचालित हैं। साथ ही मार्ग पर करीब आधा सैकड़ा मेडिकल स्टोर, होटल व परचून की दुकानें भी



स्थित हैं। सभी दुकान संचालक बीते गुरुवार को देर रात अपनी-अपनी दुकानों के शटर में ताला जड़कर अपने घर चले गए थे। तभी रात में अज्ञात चोरों ने कुछ दुकानों के शटर के ताले तोड़ दिए और कुछ दुकानों की दीवार में नकब लगाकर अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने दुकानों के अंदर रखी गोलक से हजारों रुपए की नगदी तथा लाखों रुपए कीमत का सामान एवं देशी-अंग्रेजी शराब चोरी कर लिया और भाग निकले। चोर एक दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा और डीवीआर भी खोल ले गए। आज़ सुबह दुकान खोलने आए फुटकर विक्रेताओं ने शटर के टूटे ताले और दीवार में नकब देखकर घटना की जानकारी दुकान मालिकों को दी। सूचना पर पहुंचे दुकान मालिक संजय पुत्र राम किशोर और रामनिवास पुत्र नंदा निवासी ग्राम कबीरपुर, अतुल यादव पुत्र खुशीराम निवासी ग्राम संभल खेड़ा व हरीकांत गुप्ता पुत्र शिवाकांत निवासी ग्राम कासिमपुर हरदोई तथा देशी और अंग्रेजी कंपोजिट शराब ठेके के सेल्समैन प्रियांशु पुत्र तारा सिंह व कौशल पुत्र बंशीलाल निवासी ग्राम पलिया बांगरमऊ तथा बलराम पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम रामकोट ने घटना की तहरीर घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित थाना पुलिस को सौंपी। थाना प्रभारी मुन्ना कुमार ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। चोरों का सुराग लगाया जा रहा है।

## एन्टी करप्शन टीम ने महिला लेखपाल को 50 हजार रिश्वत लेते दबोचा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

पुरवा तहसील में एंटी करप्शन टीम ने महिला लेखपाल ममता प्रजापति को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा।

पुरवा तहसील क्षेत्र के गांव मोहिनीखेड़ा निवासी किसान श्रीराम अपनी तीन बिस्वा भूमि को कमर्शियल कराना चाहता था। इसके लिए वह लंबे समय से तहसील के चक्कर काट रहा था। क्षेत्रीय लेखपाल ममता प्रजापति ने काम के बदले उससे 75 हजार रुपये की मांग की। श्रीराम ने 50 हजार रुपये देने की बात कहकर इसकी शिकायत एंटी करप्शन विभाग लखनऊ में की। जिसपर शुक्रवार को



शिकायत सही पाए जाने पर एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया। श्रीराम का बेटा अवधेश महिला लेखपाल को 50 हजार रुपये देने पहुंचा टीम ने महिला लेखपाल को रुपया देते समय रंगे हाथों पकड़ लिया। एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई से तहसील में हड़कंप मच गया कुछ लोगों ने टीम का विरोध करने का प्रयास किया जिसपर टीम ने सख्त चेतावनी दी और महिला लेखपाल को मौरावां थाने ले जाया गया जहां उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अविरल बंसल के स्कूल दस्तावेजों में मेरा नाम गुंजन बंसल दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम गुंजन कुमार बंसल है गुंजन कुमार बंसल और गुंजन बंसल दोनों मेरे ही नाम हैं। **गुंजन कुमार बंसल पुत्र स्व. अशोक कुमार बंसल निवासी बंसल भवन हॉस्पिटल रोड राधा नर्सिंग होम के सामने मोहल्ला नई बस्ती शहर एवं तहसील लखीमपुर जिला खीरी**

### सूचना

मेरा पुत्र ब्लू बेल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल फतेहगढ़ में कक्षा 6 का छात्र है, स्कूल के शैक्षिक अभिलेखों में उसका नाम विराट सारस्वत दर्ज है, जबकि सही नाम गुनीत सारस्वत है, जिसे शैक्षिक अभिलेखों में दर्ज किया जाये। **सीमा सारस्वत पत्नी मुनीश सारस्वत निवासी पीली कोठी भगुआ नगला, पांचाल घाट, फर्रुखाबाद।**

# सपा ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

- सपा नेताओं ने ग्रामीणों से मुलाकात कर दिया मदद का आश्वासन


बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री देते सपा नेता व कार्यकर्ता

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सदर विधानसभा के ग्राम कासिमपुर, बक्सीपुर्वा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री, कन्नौज सांसद अखिलेश यादव के निर्देशन पर जिलाध्यक्ष कलीम खान की अगुवाई में राहत सामग्री वितरित की गई।

जिलाध्यक्ष कलीम खान एवं वरिष्ठ सपा नेता जय कुमार तिवारी बऊअन, पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे ने सभी ग्रामीणों से 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए अनुरोध किया। सभी ग्रामीणों को भरोसा दिलाया गया है कि समाजवादी पार्टी इस दुःख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है। बाढ़ से बचाव के लिए गांव में बांध बनाने का कार्य समाजवादी सरकार में किया जाएगा। ग्रामीणों को विकास की सभी योजनाओं से जोड़कर उन्हें खुषहाल बनाया जायेगा इस दौरान समाजवादी युवजन के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, विधानसभा अध्यक्ष पी पी सिंह बघेल, यश कुमार दोहरे, राजेंद्र सिंह यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख, राजेश पाल जिला पंचायत सदस्य, राजेश यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य,अंशू पाल जिलाध्यक्ष सलोवा, नूरुल हसन, नेम सिंह यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, राकेश कठेरिया, चंद्रभान दोहरे, कमलेश कटियार, नितिन यादव, आशीष यादव, शिब्बू तिवारी, विवेक पाल, गुफरान अहमद, मोहम्मद दानिश, मुनी कुशवाहा, कल्लू पाल, मुजम्मिल खान, सद्दाम खान सहित आदि लोग रहे।

# जि.पं. अध्यक्ष ने किया सीसी मार्ग का लोकार्पण

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

जिला पंचायत द्वारा निर्मित जखा डामर रोड से शंकरपुर (सौरिख) तक सीसी मार्ग का लोकार्पण जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने किया।

लोकार्पण समारोह में उन्होंने फीता काटकर और शिला पट का अनावरण करके इस महत्वपूर्ण मार्ग का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रिया शाक्य ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में जिला पंचायत ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने बताया कि यह मार्ग क्षेत्रवासियों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा। यह मार्ग न केवल शंकरपुर बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगा, जिससे ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत शंकरपुर के प्रधान गौरव शाक्य, डॉ. ब्रजेश शाक्य और उनकी पत्नी श्रीमती शशिप्रभा शाक्य ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस मार्ग के निर्माण को ग्रामवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस अवसर पर पृथ्वीराज शाक्य, गिरीश चंद्र, बृजेंद्र कुमार शाक्य, मंजू लता, सुमन लता, अंजू, सुनीता देवी, पूजा, मनु व टेरेसा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस विकास कार्य की सराहना की।



## पुलिस ने अन्तर्राज्यीय गिरोह के तीन चोर दबोचे

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** सदर थाना कोतवाली पुलिस ने चोरी की एक वारदात का 24 घंटे के भीतर सफल अनावरण करते हुए अन्तर्राज्यीय गिरोह के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर कब्जे से बाइक बरामद की। सदर थाना कोतवाली में दर्ज मोटर साइकिल चोरी की घटना में कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह, उप निरीक्षक विकल्प चतुर्वेदी, कांस्टेबल शिव कुमार ने पुलिस टीम ने कटियार चौराहा, मानपुर ढठिया अण्डरपास से चोरी की गयी पल्सर 125 मोटर साइकिल के साथ विशाल पुत्र (19) शेरसिंह, निवासी ग्राम सहनापुर तिर्वा, रोशन उर्फ हैप्पी (24) पुत्र रमेश चन्द्र, निवासी सुभाषनगर तिर्वा, केशव अवस्थी (20) पुत्र स्व. राकेश अवस्थी, निवासी अशोक नगर, तिर्वा को गिरफ्तार किया। रोशन उर्फ हैप्पी पर विभिन्न जिलों के कुल 8 संगीन मुकदमे, विशाल पर 2 व केशव पर एक मामला दर्ज है।

# समाज को नई दिशा देने में पत्रकारिता का अहम योगदान



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

इत्र और इतिहास की नगरी कन्नौज की मांटी में जन्मे डॉ अनुभव तिवारी की 16 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित विचार गोष्ठी में ऋषिकेष से पधारे ब्रहमचारी संत स्वरूपदास ने उनके चित्र पर मार्ल्यापण कर श्रद्धांजलि देते हुए कहा बदलते परिवेष में समाज को नई दिशा देने में पत्रकारिता का अहम योगदान है। तहसील रोड पर एक समाचार पत्र के कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में उन्होंने कहा आज की युवा पीढ़ी पाश्चात्य सभ्यता के चलते अपनी पुरातन संस्कृति को भूलती जा रही है। अल्पायु में शरीर छोड़ने वाले डॉ अनुभव तिवारी आंचलिक पत्रकारिता विधा के महारथी थे। उनके द्वारा दिए गये योगदान से युवा पत्रकारों को प्रेरणा मिलेगी। गोष्ठी के आयोजक डॉ अनुभव तिवारी सम्मान पीठ के संयोजक उमेश सिंह यादव ने कहा कन्नौज में एक दैनिक समाचार पत्र के संस्थापक ब्यूरो चीफ के साथ ही इलेक्ट्रानिक मीडिया के अहम पदों पर रहते हुए डॉ अनुभव तिवारी ने जिले की पत्रकारिता में एक अहम मुकाम हासिल किया था। उनकी खोजी पत्रकारिता ने प्रदेश भर में ख्याति प्राप्त कर ली थी। जिले के खांटी पत्रकारों में शुमार डॉ अनुभव तिवारी वर्ष 2010 में नश्वर शरीर छोड़ कर अनंत में विलीन हो गये थे। उन्होंने पुष्प भेंट करके मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। इस मौके पर कान्यकुब्ज प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, महामंत्री विजय प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष विकास शुक्ला, पत्रकार आषुतोष चतुर्वेदी, रामऋषि पांडेय, दिलीप सिंह विष्ट, निशान्त वर्मा, अच्युत प्रकाश चतुर्वेदी, महमूद मंसूरी, आकाश षाक्य, विवेक दीक्षित, हैपी मिश्रा, महेश चन्द्र आदि मौजूद रहे।



## शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एएसपी ने किया पैदल गश्त

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सीओ सुरेश कुमार और पुलिस बल के साथ महत्वपूर्ण चौराहों, तिराहों और बाजारों में पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आमजन से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली प्रभारी को निर्देश दिए कि महत्वपूर्ण स्थानों पर और अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं, ताकि निगरानी को और प्रभावी बनाया जा सके। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण और जनता में विश्वास बढ़ाना है। पुलिस की सक्रियता से स्थानीय लोग सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

# लोक अदालत में चालान जमा कर लें छूट : टीएसआई

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी यातायात प्रियंका बाजपेई और प्रभारी यातायात रविशंकर त्रिपाठी के मार्गदर्शन में टीएसआई अरशद अली ने यातायात जागरूकता अभियान चलाकर 13 सितंबर को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने चालान जमा करके लाभ उठाने के लिए जागरूक किया।

टीएसआई अरशद अली ने नगर के फर्रूखाबाद चौराहा, पूर्वी बाईपास और सौरिख में टैक्सी टैंपो चालकों को सड़क पर सवारी न बैठाने, नशे में वाहन न चलाने और तेज गति से वाहन न चलाने के निर्देश देते हुए कहा यह अभियान यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत के पर्चे बांटे और बैनर लगवाए। उन्होंने बताया कि 13 सितंबर को जिला एवं सत्र न्यायालय कन्नौज में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा।



जिन वाहन चालकों के चालान बकाया हैं, वे लोक अदालत में चालान जमा कर छूट का लाभ ले सकते हैं। ऐसा न करने पर पांच से अधिक चालान वाले वाहनों को सीज करने की कार्रवाई होगी। उन्होंने चालकों से एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने, वाहन के कागजात डिजी लॉकर, एम-परिवहन ऐप या हार्ड कॉपी में रखने और यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया। मौके पर चालकों ने निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया। अभियान में होमगार्ड ओम सरन, पीआरडी सुरेंद्र कुमार, सतीश सहित कई टैक्सी चालक और आमजन मौजूद रहे।

## गुजारा भत्ता जमा न करने पर प्रधानाचार्य के विरुद्ध वसूली के आदेश जारी

**कालपी (जालौन)।** गुजारा भत्ता की राशि जमा न करने पर अदालत ने इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य के खिलाफ वसूली के आदेश जारी किए है। शुक्रवार को नायब तहसीलदार ने उन्हें नोटिस जारी किया है। विदित हो कि नगर स्थित एक इण्टर कालेज में झांसी निवासी शिक्षक तैनात है और प्रबन्धन ने उन्हें प्रधानाचार्य पद की भी जिम्मेदारी सौंपी हुई है लेकिन पत्नी से विवाद के चलते झांसी की अदालत ने पत्नी को वेतन से 20 हजार हजार रुपये प्रतिमाह देने का आदेश जारी किया है लेकिन वह विगत एक वर्ष से ऐसा नहीं कर रहे थे जिस पर अदालत ने राजस्व विभाग को उनसे इस राशि की वसूली के आदेश जारी किए है और इसी के चलते शुक्रवार को नायब तहसीलदार चन्द्र मोहन शुक्ला ने राजस्व टीम के साथ दस्तक देकर उन्हें गुजारा भत्ता की राशि जमा करने का नोटिस दिया है।

# जसि विवाह कै बिधि श्रुति गाई, महामुनिन्ह सो सब करवाई...

- श्री गंगेश्वरनाथ मंदिर में राम विवाह कथा का हुआ भावपूर्ण वर्णन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर के ऐतिहासिक श्रीगंगेश्वरनाथ मंदिर की पवित्र भूमि पर श्री गोविंद सत साहित्य प्रचार समिति एवं प्रभात फेरी मंडल द्वारा आयोजित 9 दिवसीय श्रीराम कथा एवं दुर्लभ सत्संग का आयोजन चल रहा है।

वृंदावन धाम से पधारे संत प्रहलादजी महाराज के सान्निध्य में यह कथा भक्तों के हृदय को स्पर्श कर रही है। कार्यक्रम के पांचवें दिन संत प्रहलाद जी महाराज ने अपनी मधुर वाणी में राम-सीता विवाह के प्रसंगों को कई उदाहरणों और प्रसंगों के माध्यम से वर्णित किया, जिससे श्रोता भाव-विभोर हो गए। संत प्रहलाद जी महाराज ने इस प्रसंग को विस्तार से सुनाते हुए कहा कि यह घटना केवल शारीरिक बल की नहीं, बल्कि भक्ति, धैर्य और ईश्वरीय कृपा की विजय का प्रतीक है। उन्होंने उदाहरण दिया कि जैसे आज के कलयुग में दहेज और लोभ रूपी धनुष हर परिवार में बाधा बनता है, वैसे ही त्रेता में भी राम ने भव चापा (जन्म-मृत्यु के बंधनों) को तोड़कर धर्म की स्थापना की। कथा के दौरान मंदिर परिसर में राम-सीता विवाह की जीवंत झांकियां दर्शकों को त्रेता युग की सजीव स्मृति करा रही थीं। तुलसीदास जी की चौपाइयों का गुणगान करते हुए महाराज ने कहा, जसि विवाह कै बिधि श्रुति गाई, महामुनिन्ह सो सब करवाई। विवाह के बाद अयोध्या लौटने पर राजमहल में नित्य नए मंगल हुए, जो घर-घर में सुख-समृद्धि लाते हैं। ऋषिकेश से पधारे संत ब्रह्मचारी संत स्वरूपदासजी महाराज व ब्रह्मचारी संत किशनजी महाराज ने दुर्लभ सत्संग की बेला में प्रवचन किए।

# जो रिश्ते तोड़े उससे रिश्ते जोड़ोंः मुफ्ती अब्दुर्रहमान

- जलसा सीरतुन्नबी व इस्लाही मुआशरा में बताई गईं दीनी बातें
- आपसी भाईचारे के साथ रहने का दिया गया संदेश

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**



अल्लाह ने जिन अखलाक की तालीम दी है उसी तालीम की जिंदगी गुजारे मुसलमान जब ईमान मुकम्मल होगा तब तुम्हारे अखलाक अच्छे होंगे अगर आपसे कोई रिश्ता तोड़े तो आप उससे रिश्ता जोड़ों और अगर आपको कोई बुरा भला कहे तब भी आप उसके साथ अच्छा व्यवहार करें। अपने अपने घरों के हालात को बदलो अगर आपका बच्चा खेलते खेलते कोई नुकसान कर दे तो उसे मारना नहीं चाहिए मोहब्बत से समझाने का काम करें। बच्चों को अच्छी तालीम हासिल कराएं अपनी बीबी से अच्छा ताल्लुक रखें और घर में घुसते ही सलाम करने की आदत डालें।

यह बातें बीता मंगलवार रात कस्बा समधन के मोहल्ला सौरखी तरफ जलसा कार्यक्रम में मुरादाबाद से आए मौलाना मुफ्ती अब्दुर्रहमान ने कहीं इससे पहले जलसा कार्यक्रम की शुरुआत कुरान की तिलावत से की गई। मऊ से आए कारी ताबिश रिहान ने अपने कालम में पढ़ते हुए कहा कि देख कर शायरी नबी की जन्नत की याद आने लगी , आमना के घर में है हूरन का मेला आदि कलाम पढ़े जनपद रामपुर से आए मौलाना मुफ्ती साजिद ने दीनी बातें बताते हुए कहा कि अपनी अपनी नमाजों को सही करो रब चाही इबादत करने की आदत डालें मनचाही इबादत से बचें जलसा कार्यक्रम की निजामत मौलाना मुफ्ती जियाउल हक कासमी ने की इस अवसर पर मौलाना मसूद अहमद, हाफिज इसराइल, मौलाना अलीमुद्दीन मजाहरी मुफ्ती अब्दुल कदीर कारी अब्दुल हसीब, , मौलाना रियाज़, हक्की प्रिंटर्स के ऑनर हाफिज अबूबकर सिद्दीकी, फहीम शेख, बसीम शेख,आरिफ,कदीर शेख, फैजान शेख मोनिश शेख,अरसद शेख आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए मंत्री ने रवाना की राहत सामग्री

- प्रभावित गांवों का दौरा कर भाजपाइयों ने ग्रामीणों से किया संवाद

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



राहत सामग्री वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मंत्री असीम अरुण व मौजूद अन्य

कलेक्ट्रेट परिसर से बाढ़ राहत कार्यों को गति देने के उद्देश्य से मंत्री असीम अरुण, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया व जिला अधिकारी आशुतोष मोहन सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बाढ़ राहत सामग्री से लदी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये गाड़ियाँ कुल 06 बाढ़ राहत दलों/ टीमों के साथ जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की ओर रवाना हुईं। राहत सामग्री में खाद्य पैकेट, दवाइयाँ, मेडिकल किट एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं। जिन्हें प्रभावितों तक जल्द से जल्द पहुंचाया जाएगा, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंत्री व जिलाध्यक्ष ने महावली पुरवा, जुकुइया और अकुड़ियांपुर सहित अन्य बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने मौके पर राहत सामग्री का वितरण किया तथा संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु मेडिकल किट एवं आवश्यक दवाइयाँ भी वितरित कीं। इसके साथ ही स्वास्थ्य टीमों को निर्देश दिए गए कि वे प्रभावित लोगों की नियमित जांच करें और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत उपचार उपलब्ध कराएं। मौजूद चिकित्सा कर्मियों को सक्रिय रूप से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान कई ग्रामवासियों ने जल निकासी की समस्या भी रखी। मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश की योगी सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा। राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# वन नेशन, वन इलेक्शन से बचेगा समय और संसाधनः निर्मल तिवारी

- जल्द ही जनपद के बुद्धिजीवियों से संवाद में होगी चर्चा

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**


युवा भाजपा नेता निर्मल तिवारी।

देश भर में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की बहस एक बार फिर तेज हो गई है। इस विषय पर हाल ही में भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता और वन नेशन, वन इलेक्शन अभियान के जिला प्रभारी बनाए गए निर्मल तिवारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह विचार राष्ट्रहित में है और इससे लोकतंत्र मजबूत होगा।

भाजपा द्वारा नई जिम्मेदारी मिलने के बाद युवा भाजपा नेता निर्मल तिवारी ने कहा कि बार-बार चुनाव कराने से सरकारी मशीनरी, समय और संसाधनों की भारी बर्बादी होती है। उन्होंने कहा, आज देश को एकजुट और संगठित दृष्टिकोण की जरूरत है। अलग-अलग समय पर चुनाव होने से नीति निर्धारण और विकास कार्यों में रुकावट आती है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि देश भर में एक साथ चुनाव कराने से जनता की भागीदारी भी बढ़ेगी और चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी। वन नेशन, वन इलेक्शन के जरिए भारत में एक स्थिर और पारदर्शी चुनाव प्रणाली को बल मिलेगा। युवा नेता निर्मल तिवारी ने बताया कि वह आगामी सप्ताहों में जिले भर में युवाओं और बुद्धिजीवियों से संवाद करेंगे ताकि इस विचार को जन आंदोलन बनाया जा सके। उनका कहना है कि यह केवल एक चुनावी व्यवस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है। कई विशेषज्ञों और संवैधानिक विद्वानों से राय लेने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। भाजपा इस मुद्दे को लेकर गंभीर है और इसे जनसमर्थन के साथ आगे बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रही है। एक राष्ट्र, एक चुनाव न सिर्फ एक विचार है, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक भविष्य की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण कदम बन सकता है।

## कृषि अधिकारी की तहरीर पर खाद विक्रेता पर एफआईआर दर्ज

**कालपी,जालौन।** नियमों को दरकिनार कर खाद बिक्री करना लाईसेंस धारक को महंगा पड़ गया है। कृषि अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने उसकी कालाबाजारी का मामला दर्ज किया है जिससे खाद विक्रेताओं में हड़कम्प मच गया है। प्रशासन इस बार उरवर्क बिक्री को लेकर बेहद संवेदनशील है। इसकी कालाबाजारी न हो इसके लिए कृषि विभाग ने नियम जारी किए है जिसके तहत प्रति एकड़ एक बोरी यूरिया और एक बोरी डीएपी दी जानी है इसके लिए खाद विक्रेता को किसान से खतौनी लेकर ई पाश मशीन में अँगूठा लगाना होगा लेकिन क्षेत्र के ग्राम महेवा स्थित जय माँ काली खाद भण्डार के संचालक ने विशाल को 47 बोरी तो संदीप को 41 बोरी उरवर्क बिक्री कर दी है।

# नगरीय क्षेत्र में नियमित टीकाकरण अभियान के लिए पांच टीमें रवाना

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगरीय क्षेत्र में नियमित टीकाकरण अभियान के लिए नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के चिकित्सा अधिकारी डा. अमित पोरवाल के द्वारा चिकित्सीय टीमों को विभिन्न मोहल्लों के लिए रवाना किया गया है।

चिकित्सालय परिसर में उन्होंने विभागीय एएनएम गीता देवी, माया, रचना, वंदना, सुषमा के आलावा आशा बहुओं नीलम, नसीमा, अंजुलता, रानी को चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पोरवाल ने बताया की मोहल्लों में गर्भवती महिलाओं की टिटनेस का टीका 0 से 5 वर्ष के बच्चों का बीसीजी, टीबी हेपेटाइटिस बी, टीबी का टीके तथा 10 से 16 वर्ष की किशोरियों को डिप्थीरिया गला घोटू आदि रोगों के शत प्रतिशत टीकाकरण कराया जाए। उन्होंने बताया कि चक्रीय आधार पर सतवार टीकाकरण अभियान निरंतर गतिशीलता से चलाया जा रहा है। इसके पहले उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश गुप्ता के द्वारा अस्पताल में टीकाकरण अभियान की समीक्षा करके आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

# बिना यूनिफॉर्म चिकित्सक को देख डीएम ने जतायी नाराजगी



**माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिले के माधौगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेश कुमार पांडेय ने औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जानी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने ओपीडी, दवा वितरण काउंटर, प्रयोगशाला तथा प्रसूति कक्ष सहित विभिन्न वार्डों का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर इलाज, दवाइयों और सफाई व्यवस्था के बारे में फीडबैक लिया। मरीजों ने अस्पताल में कुछ मूलभूत सुविधाओं के अभाव की ओर ध्यान दिलाया, जिस पर डीएम ने तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर कुलदीप राजपूत बिना यूनिफॉर्म और स्टेथोस्कोप के नजर आए। इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) नरेंद्र देव शर्मा को डॉक्टर से स्पष्टीकरण तलब करने के आदेश दिए और उन्हें चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों की वेशभूषा और कार्यशैली अनुशासन व सेवा भावना को प्रदर्शित करती है, इसलिए लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जानकारी के मुताबिक डॉक्टर कुलदीप राजपूत पहले भी कई विवादों को लेकर चर्चा में रह चुके हैं। इस बार डीएम के सामने ही नियमों का उल्लंघन करने पर उन्हें सख्त चेतावनी का सामना करना पड़ा। निरीक्षण के अंत में डीएम ने स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों व कर्मचारियों को मरीजों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, दवा उपलब्धता और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए गंभीर है, इसलिए कर्मचारियों को भी पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभानी होगी।

## जनपद को मिले दो नए उप निबंधक

उरई (जालौन)। जनपद के लिए अभी दो नए उप निबंधको का स्थानांतरण हुआ है। हाल ही में शासन ने 29 नव प्रोन्नत उप निबंधको को नवीन तैनाती दी है। एआईजी स्टांप अजय कुमार ने बताया कि जनपद में विवेक कुमार श्रीवास्तव को उप निबंधक कार्यालय कालपी में नवीन तैनाती मिली है व अमीष यादव को उपनिबंधक कार्यालय माधौगढ़ में नवीन तैनाती मिली है। किंतु अभी तक किसी ने भी कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। अब देखने वाली बात होगी कि दूसरे जनपदों से स्थानांतरित दोनों ही अधिकारी जनपद में अपनी नवीन तैनाती पर कब तक कार्यभार ग्रहण करते हैं।

# फर्जी कब्रिस्तान बना अवैध, कब्जा हटाने की डीएम से शिकायत

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

नगर के मुहल्ला भगत सिंह नगर निवासी कमरजहां सभासद नगर पालिका परिषद प्रतिनिधि शकील अंसारी ने शुक्रवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय को शिकायती पत्र सौंपकर मुहल्ले में हो रहे अवैध कब्जों को हटवाने की मांग की। सभासद प्रतिनिधि ने बताया कि भूमि संख्या-1286, जो कि चौड़ा तालाब मुहल्ला आजाद नगर के नाम से जानी जाती है, उस पर मोहल्ले के ही कुछ दबंग किस्म के लोग जबरन कब्जा कर अवैध निर्माण कर चुके हैं। यही नहीं, भूमि संख्या-157, मौजा आराजी लैन अंदर हद कोंच पर भी फर्जी तरीके से कब्रिस्तान बनाकर अवैध कब्जा किया गया है। जिसमें सद्दाम अली, रहमत अली, मुस्ताक अली, युसुफ अली, अल्ताफ अली, वाहिद अली, एजाज अली व जैतून शामिल है। सभासद प्रतिनिधि के अनुसार ये सभी भूमाफिया प्रवृत्ति के दबंग व्यक्ति हैं। उक्त लोगों द्वारा राजनैतिक संबंधों का दबाव डालकर सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहा है। सभासद प्रतिनिधि ने जिलाधिकारी से मांग की कि उपरोक्त अवैध कब्जों को तत्काल हटवाया जाए और दोषियों पर कठोर कानूनी कार्यवाही की जाए।





# पत्नी से विवाद में युवक ने दो पर झोंका फायर, ससुर घायल

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

पत्नी से विवाद में युवक ने चचिया ससुर पर फायर झोंक दिया। जिससे वह बाल-बाल बच गए। जिसके बाद युवक ने रास्ते में जा रहे ससुर की कनपटी पर गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। युवक गोली मारकर गांव की तरफ भाग निकला। पुलिस व ग्रामीणों की घेराबंदी करने पर युवक बाढ़ के पानी में घुस गया। जिससे युवक डूबने लगा। हालांकि ग्रामीणों ने युवक को सकुशल बचा लिया। जिसके बाद पुलिस आरोपित को इलाज के लिए सीएचसी ले गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**▸ ग्रामीणों के दौड़ाने पर युवक बाढ़ के पानी में घुसा, सकुशल पकड़ा**

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव दूंदेमई निवासी मायाराम शाक्य शुक्रवार दोपहर कंपिल स्थित ग्यारह मंजिल मंदिर के निकट बैठे थे। उसी समय गांव तलफी नगला निवासी गौरव शाक्य ने रंजिश में उन पर फायर कर दिया। जिससे वह बाल-बाल बच गए। युवक ने उन पर फिर से फायर करने के लिए तमंचा ताना, तो राहगीरों ने उसे दौड़ा दिया। भागते समय युवक के पास चार कारतूस गिर गए। जिसके बाद युवक को अटैना मार्ग पर जाते हुए उसके ससुर रक्षपाल मिल गए। युवक ने ससुर की कनपटी पर गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दिनदहाड़े गोली कांड से लोग सहम गए। आरोपित युवक तमंचा लहराते हुए गांव की तरफ भाग निकला। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी कायमगंज भेज दिया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लोहिया रेफर किया गया। पुलिस पीछा करते हुए आरोपित युवक के पीछे भाग निकली। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से युवक की घेराबंदी शुरू कर दी। युवक भागता हुआ बाढ़ के पानी में घुस गया। गहरे पानी में जाने से युवक डूबने लगा। हालांकि ग्रामीणों ने युवक को डूबने से बचा लिया। पुलिस ने युवक को भी सीएचसी कायमगंज भेज दिया। सीओ कायमगंज राजेश कुमार द्विवेदी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच पड़ताल की।

स्वजनों के अनुसार युवक ने रक्षपाल की पुत्री प्रियंका के साथ चार वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। कुछ समय साथ रहने के बाद पति पत्नी में आए दिन विवाद होने लगा। लगभग एक वर्ष पूर्व प्रियंका अपने पिता के घर जाने के लिए राजी हो गई। पिता ने बेटी को साथ रखने से इनकार कर दिया। जिसके बाद प्रियंका रिश्तेदारी में जाकर रहने लगी। इसी बात पर युवक पत्नी व उसके स्वजनों से रंजिश रखने लगा। सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया दामाद ने ससुर को गोली मारी है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



सीएचसी में भर्ती घायल

# बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में बच्चों का किया गया नेत्र परीक्षण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सी.पी. विद्या निकेतन इंटर कालेज में दो दिवसीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के समापन दिवस पर विद्यालय निदेशक डॉ0 मिथलेश अग्रवाल उपस्थित थीं। जिन्होंने कहा कि विद्यालय के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम न केवल सराहनीय है। अपितु आवश्यक भी है। बच्चे देश के भविष्य होते हैं। इन बच्चों को समाज व राष्ट्र को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों जरुरी हैं। इस कार्यक्रम में जूनियर वर्ग के लगभग 340 बच्चों का नेत्र और दंत परीक्षण कराया गया। डॉ. रजत गंगवार (दंत परीक्षण) ने इन बच्चों का विधिवत जांच कर बच्चों और संबंधित शिक्षकों को उचित परामर्श दिये। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेशचंद्र तिवारी ने दोनों चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया और जिन बच्चों में अनियमिततायें पायी गयीं हैं, उनके अभिभावकों को सूचित करने के लिए शिक्षकों को जिम्मेदारी दी है। इस कार्यक्रम में इंचार्ज शिक्षक वीर सिंह शाक्य, सुलेखा गंगवार, ज्योति दीक्षित आदि शिक्षक उपस्थित थे।



बच्चों का नेत्र परीक्षण करते चिकित्सक

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को लेकर कार्यक्रमों की बनी रुपरेखा



कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपा कार्यकर्ता

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में नवाबगंज मंडल की बैठक पंचायत घर मंझना में संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन की रुपरेखा बनायी गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कार्यशाला में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान नगर क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र, ऐतिहासिक स्थलों, पार्क, मंदिर, स्कूल में चलाना, सीएचसी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की हर बूथ पर जयंती मनाना, प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी के अलावा नगर पंचायत के ब्लॉक में उपस्थित जिला मंत्री धर्मेंद्र राजपूत, मंडल अध्यक्ष

कमल भारद्वाज, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामकिशोर राजपूत, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजीव चतुर्वेदी, योगेंद्र सिंह राठौड़, हेम सिंह लोधी, विनीत भारद्वाज, ऋषि गंगवार, संजीव गुप्ता, सर्वेंद्र गंगवार, रत्नेश गोस्वामी, अखिलेश दुबे, प्रधान रूपेश गंगवार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमन अवस्थी ने किया। कार्यशाला में उपस्थित मंडल पदाधिकारी व कार्य समिति शक्ति केंद्र संयोजक व प्रभारी व प्रवासी व सभी मोर्चा के अध्यक्ष व सभासद व बूथ अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।



खाई में गिरने के बाद क्षतिग्रस्त कार

## अनियंत्रित कार खाई में गिरी, चालक घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित कार खाई में जा गिरी। जिससे चालक घायल हो गया। उसी निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम हरदुआ निवासी लक्ष्मण सिंह नवाबगंज से घरेलू काम निपटाकर वापस लौट रहे थे। सुबह करीब 9 बजे बबना गांव के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जानकारी होते ही आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल लक्ष्मण सिंह को कार से बाहर निकाला। घटना की सूचना परिजनों को दी गई। गंभीर चोटों के कारण लक्ष्मण सिंह को तुरंत एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है।

# साक्ष्य के अभाव में हत्या के मामले में आरोपी दोष मुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना कादरीगेट क्षेत्र के निवासी संजू पुत्र मंगल सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मैं व मेरा भाई अजय एक ही मकान में रहते थे। मेरे भाई अजय की शादी सत्यभान पुत्र सियाराम निवासी शिक्षणपुर हरपालपुर हरदोई तय करवा रहा था। इसे सिलसिले में 18 मई 2009 को सत्यभान व उसके साथ दो-तीन अज्ञात व्यक्ति मेरे घर आए और अपने साथ लाए हुए लड्डू सबको दिए। लड्डू मेरे भाई अजय, राजकुमार, चाचा सरवन प्रसाद, माता फूलमती, भांजा छोटू सहित अन्य परिजनों ने भी खाए। जिससे परिवार के सभी लोग बेहोश हो गए। संजू की जब नीद खुली, तो पुलिस को फोन करके बताया और परिवार को इलाज के लिए डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने छोटू को मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा-328, 420, 304 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

विवेचक ने न्यायालय में सत्यभान के विरुद्ध धारा-302, 328, 420 आई.पी.सी. के तहत आरोप पत्र दाखिल कर दिया। विवेचक राकेश सिंह व अशोक कुमार ने विवेचना में त्रुटि करते हुए अस्पताल इलाज के संबंध में कोई साक्ष्य पत्रावली में दाखिल नहीं किये और न अस्पताल के किसी भी कर्मचारी का बयान दर्ज किया। बच्चे की हत्या के संबंध में केस डायरी के अवलोकन में

**▸ विवेचना में त्रुटि करने वाले दोनों विवेचकों पर कार्यवाही के आदेश**

विवेचक ने पंचनामे की कार्यवाही व पोर्टमार्टम के संबंध में कोई प्रपत्र दाखिल किए। दोनों विवेचककों राकेश कुमार सिंह व अशोक कुमार सिंह ने विवेचना में भारी त्रुटि की है। विवेचकगण के द्वारा विवेचना में जल्दीबाजी की गई और अभियुक्तगण को लाभ पहुंचाने के लिए यह लापरवाही की गई। न्यायाधीश अंकित अग्रवाल ने विवेचकगणों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए पुलिस महानिदेशक एवं प्रमुख सचिव (ग्रह) उत्तर प्रदेश शासन को लिखा है।

# मिशन 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सरकार के मिशन 2047 योजना के तहत समर्थ भारत विकसित भारत, समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश, समर्थ फर्रुखाबाद विकसित फर्रुखाबाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

नवाबगंज नगर पंचायत द्वारा बनवाए गए नवीन गेस्ट हाउस पर शुक्रवार को सरकार के मिशन 2047 योजना के तहत समर्थ भारत विकसित भारत, समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश, समर्थ फर्रुखाबाद विकसित फर्रुखाबाद कार्यक्रम के तहत आयोजन हुआ। आयोजन में सीडीओ विनोद कुमार गौड़, मुख्य अभियंता अजय गंगवार, सेवानिवृत्त डॉक्टर विनोद तिवारी, सेवानिवृत्त प्रोफेसर आरकेएस राठौर, सेवानिवृत्त आईपीएस राजीव कुमार तथा विधायक कायमगंज सुरभि ने सरकार के मिशन 2047 के तहत योजनाओं का बखान किया तथा सरकारी योजनाओं को अधिकारियों से धरातल पर लाने के लिए बात कही। उन्होंने बताया कि जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं को धरातल पर पहुंचकर कार्य करने का अधिकारियों का काम है। सभी अधिकारी धरातल पर उतरकर जनता के बीच में रहकर सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का जनता को लाभ दिलाएं। नवाबगंज नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत के द्वारा सरकार के विकसित कार्यो को आगे बढ़ाने का गुणवान किया गया। वहीं नगर पंचायत कार्यालय के द्वारा बनाए गए गेस्ट हाउस पर कार्यक्रम को लगाकर सरकार का आईना लोगों को दिखाया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, डीडीओ फर्रुखाबाद, विधायक कायमगंज सुरभि, रवि गंगवार, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत, नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक विकास गंगवार, हितांशु गंगवार, अंबुज भारद्वाज, अहिलकर राजपूत, प्रदीप राजपूत, लक्ष्मण राजपूत, वहीं विकास खंड कार्यालय से विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, विकास खंड कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, अकाउंटेंट वीरेंद्र सिंह, फॉलोअर इंदल बाबू, एडियो आईएसबी सुखदेव सिंह, ग्राम पंचायत सचिव अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, जगवीर सिंह यादव, आकांक्षा सक्सेना, कुलदीप राजपूत, मोतीलाल यादव, बृजेश कुमार, प्रवीण कुमार, वेद प्रकाश, कामता प्रसाद, कमल सिंह, मनोज कुमार तथा ग्राम प्रधान गोविंद गंगवार, अध्यापक शालिग्राम गंगवार, भाजपा नेता योगेंद्र सिंह राठौर, स्वदेश, कमल भारद्वाज, आदेश राठौर, जिला पंचायत सदस्य यशवीर सिंह आर्य, सचिव अरविंद कुमार, सुनील कुमार, कनिष्ठ सहायक राज भारती, एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर, नवनीत कुमार वर्मा सहित तमाम क्षेत्र के संभ्रांत तथा गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिकारी व जनप्रतिनिधि

# बाइक मैकेनिक के बाढ़ के पानी में डूबने की सूचना देने गये युवक को पीटा



सीएचसी में भर्ती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार शाम बाढ़ के पानी में बाइक फिसलने से नगला थला निवासी लालमियां उम्र 18 वर्षीय पुत्र कल्लू डूब गया था। उसका गुरुवार सुबह शव बरामद हुआ था। उसके डूबने की जानकारी मौलागंज गांव के रहने वाले आरिफ बंजारा ने उसके घर जाकर दी थी। आज आरिफ को घायलावस्था में परिजन सीएचसी लेकर आए। जहां उसने इलाज के दौरान बताया बुधवार शाम जब वह लाल मियां की अहमदगंज स्थित बाइक रिपेयरिंग की दुकान पर गया था, तो दुकान बंद कर लाल मियां उसे बाइक पर बैठाकर पुल के पास ले गया था। तेज धार में वह डूब गया था। उसका आरोप है जब उसने भागकर उसके घर जाकर खबर की, तो उसके भाइयों ने उसे कमरे में बंद कर मारा। उसे प्रधान के भाई ने बचाया। घायल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। उप निरीक्षक सुधा पाल बताया कि घायल ने तहरीर दी है। जिसके आधार पर उसका डॉक्टरी परीक्षण कराकर जांच की जा रही है।

## जानलेवा हमले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जानलेवा हमले में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार दिनांक 12 अगस्त को वादी सूर्यप्रताप सिंह पुत्र कौशलेन्द्र सिंह निवासी रुनी चुरसई थाना जहानगंज जनपद फतेहगढ़ द्वारा थाना हाजा पर सूचना दी गई कि अभियुक्तगण द्वारा वादी के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से फायर किया गया। वादी के प्रार्थना पत्र के आधार पर दिनांक 13 अगस्त को मु0अ0सं0 206/2025 धारा 191 (2) /191(3)/190/ 109/ 352/ 324(2) बी.एन.एस. बनाम अभिनव तोमर आदि पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में अभियुक्त अभिनव तोमर उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।

# गैंगेस्टर के मामले में आरोपी को छह वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने चक्रपाल पुत्र रामविलास, रघुवीर पुत्र लटूरी सिंह निवासीगण अहिवरन नगला थाना कंपिल को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। बीते 23 वर्षो पूर्व थाना कंपिल के तत्कालीन थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने सूरजपाल, चक्रपाल, रघुवीर के विरुद्ध समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत

**▸ दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित**

मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी विवेचना कर विवेचक ने माननीय न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने चक्रपाल, रघुवीर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। मुकदमा विचारण के दौरान सूरजपाल की मृत्यु हो गई थी।

# बंच केबिल डालने का महिलाओं ने किया विरोध, पहुंची पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बंच केबिल डालने गये कर्मचारियों को मोहल्लेवासियों के कोप का भाजन बनना पड़ा। विरोध के चलते कर्मचारी केबिल नहीं डाल सके। सूचना मिलने पर जेई अजय कुमार सिंह, एसडीओ राम प्रवेश प्रजापति, लाइनैन के अलावा आवास विकास चौकी इंचार्ज अनिल कुमार मौके पर पहुंचे। महिलाओं ने कहा कि पहले ट्रांसफार्मर लगवाओ, तभी बंच केबिल पड़ेगी।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के अंतर्गत मोहल्ला न्यू कालोनी बिर्राबाग में शुक्रवार को कर्मचारी बंच केबिल डालने पहुंचे, लेकिन महिला मधू चौहान कई महिलाओं के साथ मौके पर पहुंच गयीं और केबिल डालने का विरोध किया। जिस पर मौके पर जेई अजय कुमार सिंह, एसडीओ राम प्रवेश प्रजापति के अलावा आवास विकास चौकी इंचार्ज अनिल कुमार पहुंच गये। महिलाओं ने कहा कि पोल के अभाव में एक पोल पर करीब 150 केबिलें लटक रही हैं। जो जर्जर स्थिति में हैं। जिससे कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इस समस्या के समाधान के लिए मुहलेवासियों द्वारा विद्युत विभाग में आवेदन दिया गया था, तो विद्युत विभाग द्वारा नए केबिल डाल दी गई और जिन पोल में सभी उपभोक्ताओं कि केबिल जुड़ी हुई है उस पोल पर एक बंच केबिल कुछ लोग जोड़ने नहीं दे रहे है।

इससे विद्युत उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है और खतरा बना हुआ है। ऐसे में करीब सौ उपभोक्ताओं की व्यक्तिगत केबिलों को हटाकर एक बंच केबिल जुड़वाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया जाये।

जिससे बिजली चोरी रोकी जा सके। इस मौके पर दर्जनों मोहल्लेवासी मौजूद रहे।



मौके पर मौजूद चौकी इंचार्ज, एसडीओ व मोहल्लेवासी

# करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव धूरीहार निवासी अतर सिंह 54 वर्ष घर पर गुरुवार शाम लगभग सात बजे चारा मशीन को ठीक कर रहे थे, तभी अचानक बिजली आने से मशीन में करंट आ गया। जिससे अतर सिंह को करंट लग गया। करंट लगने से गंभीर रूप से झुलसे अतर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में अतर सिंह को छुड़ाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक अतर सिंह की मौत हो चुकी थी। अचानक हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। शव पर पत्नी डोली देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के तीन पुत्र व दो पुत्रियां हैं। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दी गई। मृतक के पुत्र आकाश की सूचना पर बबना चौकी इंचार्ज राजेश कुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक का फाइल फोटो

# दुष्कर्म के मामले में कम्प्यूटर संचालक सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

**▸ छात्रा का कराया गया मेडिकल परीक्षण, आरोपी हिरासत में**

**फर्रुखाबाद/कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

कंप्यूटर सिखाने के बहाने तीन मुस्लिम युवकों ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में स्थानीय पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने पर पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी से न्याय की गुहार लगायी, तब जाकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु की।

क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा कंपिल के गंगा रोड पर स्थित राजीव गांधी कंप्यूटर सेंटर पर कम्प्यूटर की कई महीनों से कोचिंग करती थी। इसी दौरान छात्रा कोचिंग संचालक शीबू, उसके भाई सलमान व साथी अनस के संपर्क में आ गई। तीनों आरोपियों ने छात्रा को अलग कमरे में कंप्यूटर सिखाने का झांसा दिया। आरोपितों ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश कर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। आरोपियों ने छात्रा का वीडियो भी बना लिया। आरोपित आए दिन वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर छात्रा से दुष्कर्म करते रहे।

छात्रा के कंप्यूटर सेंटर न जाने पर उसको ब्लैकमेल करने लगे। आरोपितों ने वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर छात्रा पर मंतातरण कर निकाह करने का भी दबाव बनाया। जिससे तंग आकर युवती ने घटना की जानकारी स्वजनों को दी। स्वजनों ने आरोपित युवकों को समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन आरोपित स्वजनों को जान से मारने की धमकी देने लगे। दो दिन पूर्व तीनों आरोपित पीड़िता के घर गये और धमकी दी कि कहीं शिकायत की तो जान से मार देंगे। इस दौरान स्वजनों के दौड़ाने पर एक आरोपित का मोबाइल छूट गया। पीड़िता ने थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस की अनसुनी पर गुरुवार सुबह पीड़िता ने सीओ को मामले की तहरीर दी। घटना की जानकारी होने पर हमारे समृद्धि न्यूज के संवाददाता ने इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह से बात की, तब जाकर एसपी के संज्ञान में मामला आया। पीआरओ ने बताया कि संबंधित अधिकारी से बात कर कार्यवाही कराते है। तब जाकर गुरुवार देर रात्रि मुकदमा दर्ज कर शुक्रवार को पीड़िता का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

आरोपितों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा, लेकिन सूत्रों के अनुसार दुष्कर्म करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और पूछताछ की जा रही है।




## इससे पहले भी आरोपी कई घटनाओं को दे चुके है अंजाम: विमलेश मिश्रा

फर्रुखाबाद। हिन्दू महासभा युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि पीड़िता व उसका परिवार काफी भयभीत है। इसलिए उन्हें सुरक्षा प्रदान करायी जाये। तीन आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये और कम्प्यूटर सेंटर का कब से संचालन किया जा रहा है, उसकी भी जांच करायी जाये। हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने हमारे संवाददाता को बताया कि इससे पहले भी यह आरोपी कई घटनाओं को अंजाम दे चुके है। इनकी दहशत के चलते लोग डर व लोकलज्जा की बजह से अपनी जुबान बंद कर ली है। इसलिए इस मामले को जिला प्रशासन गंभीरता से लें और जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही की जाये।

# आठ विद्युत बकायेदारों के कटे कनेक्शन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बिजली चेकिंग अभियान के दौरान बकायेदारी में आठ उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिये गये। जिससे अन्य उपभोक्ताओं में भी हड़कंप की स्थिति देखी गयी।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना नवाबगंज के गांव सलेमपुर में विद्युत विभाग ने बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया। विभाग की टीम ने एक लाख रुपये से अधिक बिल बकाया आठ उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काट दिए। विभाग ने इन सभी उपभोक्ताओं के मीटर हटाकर नवाबगंज बिजली घर में जमा करा दिए हैं। नवाबगंज विद्युत विभाग के नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा ने कार्रवाई की पुष्टि की है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से बिजली बिल समय पर जमा करने की अपील की है। कार्रवाई में नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा के नेतृत्व में टीम मौजूद रही। टीम में वीर सिंह, प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार, गौरव सिंह और प्रदीप यादव सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे। इस कार्रवाई से बकायदारों में हड़कंप मच गया है।



टीम में शामिल लोग

# परमार्थ संस्थान ने बाढ़ पीड़ितों को पहुंचायी राहत सामग्री

▸ लगातार सेवा कार्य रहेगा जारीः केशव भान साध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

परमार्थ संस्थान लगातार बाढ़ पीड़ितों को जरुरत की सामग्री वितरित कर मदद की जा रही है। पिछले 28 दिन से परमार्थ संस्थान द्वारा बाढ ग्रस्त इलाकों में संस्था की कई टीमे फूडपैकेट, मिठाई, सोलर लाईट आदि जरूरत के सामान वितरण कर रही है। परमार्थ संस्थान 25 सालों से जब-जब जनपद पर कोई आपदा आई है, जनता के लिये राहत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा बाढ राहत कार्य हो या कोरोना काल एवं कम्बल वितरण हो, जैसे विगत ढाई साल से संस्था की फूडबैन परमार्थ भोज सेवा के नाम से



राहत सामग्री वितरित करते केशव भान साध

प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराती है। संस्था प्रमुख समाजसेवी केशव भान साध पिछले एक माह से दिल्ली से आकर खुद मोटर वोट नाव ट्रेक्टर आदि के माध्यम से बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में जाकर लोगों का हाल ले रहे है और राहत सामिग्री बटवां रहे है। साध का कहना है कि अब बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में बीमारी शुरू हो गई है और आगे इसका प्रकोप बढ़ेगा। जल्द ही संस्था ऐसे लोगों को मेडिकल टीम के द्वारा सुविधा देने पर गंम्भीरता से विचार कर रही है। उन्होने बताया जब तक लोग परेशानी में है हमारी संस्था राहत कार्यो के लिये तैयार रहेगा। उन्होंने सरकार से मांग की है बाढ़ को रोकने के लिये बांध बनवाया जाये और मौजूदा समय में करीब दो सौ मकान जो गंगा में समा गये, उनके लिये मुआवजे के साथ जो गांव बिल्कुल कट गये है उन्हे सरकार ग्राम सभा की जमीन एलाट कराये और उनको राहत दिलवाये, उनका जीवन यापन बहुत ही परेशानी में और दुखद स्थिति में है। जिसमें प्रशासन शीघ्र सहयोग करें।

# सपा महिला सभा की जिला उपाध्यक्ष बनीं चारु हनी यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह ने चारू हनी यादव को महिला सभा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। सुलक्षणा सिंह ने महिला सभा का संगठन विस्तार करते हुए चारु हनी यादव को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।

आगामी पंचायत चुनाव एवं विधानसभा में संगठन को मजबूत करना व ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को पीडीए से जोड़कर समाजवादी पार्टी की रीति-नीति का प्रचार प्रसार करने की जिम्मेदारी दी गई है। जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह ने अपने निवास पर फूल मलाओं से चारु यादव का स्वागत किया और संजू यादव को सदर विधानसभा प्रभारी बनाकर


चारु यादव को मनोनयन पत्र सौंपती सुलक्षणा सिंह

स्वागत किया गया। चारु यादव ने बताया कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका निर्वाह्न किया जायेगा। लोगों को पार्टी से जोड़कर और मजबूती प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर एके सिंह, सदर विधानसभा अध्यक्ष संजू यादव, पप्पू यादव, निशा शुक्ला, मोहिनी यादव, रिन्की यादव आदि महिलायें मौजूद रही।

## संविलियन विद्यालय निबिया में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कढ़हर द्वारा जनपद के राजेपुर ब्लॉक में बाढ़ प्रभावित गांव निबिया के राजकीय संविलयन विद्यालय में एक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। 125 छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और रोगग्रस्त पाए गए कुल 64 बच्चों को मौके पर ही रोगानुसार होम्योपैथिक उपचार उपलब्ध करवाया गया। ज्यादातर छात्र दाद खाज खुजली, सर दर्द पेट दर्द, कैविटी,सर्दी जुकाम इत्यादि से पीड़ित मिले। इस शिविर में चिकित्साधिकारी डॉ सुरेंद्र सिंह, कक्ष सेवक ब्रजेश,प्रभारी प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र यादव, रुचिब शुक्ला, हेमलता, दीपा, प्रतीक आदि शिक्षक एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बाल विवाह, बाल यौन शोषण रोकथाम के प्रति किया गया जागरुक


कार्यक्रम में मौजूद बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महिला कल्याण विभाग के निर्देशानुसार संकल्प हब फर इम्पावरमेंट ऑफवूमेन के अंतर्गत सितंबर माह में 10 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को जनपद के दशम दिवस की थीम स्टीम क्षेत्र में महिलाओं व बालिकाओं की उपलब्धि विषय पर उच्च प्राथमिक विद्यालय बाबरपुर वि0ख0 बढ़पुर में आयोजन किया गया। जिला मिशन समन्वयक नेहा मिश्रा ने बाल विवाह रोकथाम, बाल यौन शोषण, बाल सुरक्षा के विषय पर विस्तार से जानकारी दी। जेंडर स्पेशलिस्ट कुमुदिनी रमन द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, प्रधानमंत्री मात्र वंदन योजना व महिला कल्याण विभाग की कल्याणकारी योजनाओं के बारे, टोल फ्री नंबर के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक गणेश शुक्ल, आलोक सिंह सहायक अध्यापक, सहायक अध्यापक रजत कटियार, प्रमिला देवी आंगनवाड़ी, सुहेल अली खान, संदीप, रीतम शाक्य, हर्ष कुमार, राजू राठौर आदि उपस्थित रहे।

# मानस विचार समिति के मानस सम्मेलन में आयेंगे देशभर से विद्वान

▸ 14 सितम्बर को होगा 37वें मानस सम्मेलन का शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री मानस विचार समिति के तत्वावधान में 37वां मानस सम्मेलन का आयोजन 14 सितंबर से होगा। सम्मेलन को सफल बनाने और व्यवस्था की समीक्षा के लिए तैयारी बैठक महावीर गंज स्थित ब्राह्मण समाज धर्मशाला में हुई।

वार्ता में संयोजक मानस मर्मज्ञ डा0 रामबाबू पाठक ने बताया कि तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष में सूर्य पूजन का विशेष महत्व होता है और मानस सम्मेलन सूर्य पूजन के साथ शुरू होगा और राम राज्याभिषेक के साथ ही संपन्न होगा। पितरों के तर्पण के लिए



निमंत्रण पत्र का विमोचन करते लोग

रामकथा का विशेष महत्व है। इस कारण से आयोजन को पितृपक्ष में रखा गया है। विगत 37 वर्षो से हम राम कथा के माध्यम से सभी के पितरों के तर्पण की कामना करते हैं, ताकि मानस आचरण का ग्रंथ है राम कथा के माध्यम से समाज को आचरण का संदेश दिया जाता है। मानस से प्रेरणा लेकर उनके पात्रों के आचरण को देखकर हम अपने आचरण निश्चित करें। उन्होंने बताया कि मानस सम्मेलन में ईश्वर दास ब्रह्मचारी, अरुण गोस्वामी झांसी, कविताकांत बाजपेई उन्नाव, आस्था शर्मा झांसी, नंदकिशोर पाठक तबला वादक के रूप में, पीलाराम शर्मा छत्तीसगढ़, संध्या दीक्षित दतिया, देवी सहाय तिवारी कानपुर, इंदु रामायणी सागर मध्य प्रदेश से विद्वान आएंगे।

सम्मेलन 14 सितंबर से 18 सितंबर तक चलेगा। उन्होंने सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा स्पर्श का निवारण और नारी उत्थान सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर व्यवस्थापक सुजीत पाठक बंटू, सदानंद शुक्ला, सर्वेश अवस्थी, ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री, आलोक गौड़ मौजूद रहे। सुजीत पाठक बंटू ने बताया कि सभी कार्यक्रम पांडाबाग मंदिर के सभागार में सायं कालीन 5 बजे से रात 9 बजे तक कथा और 14 सितंबर को सूर्य पूजन सुबह 7 बजे से होगा।


छात्रों को शपथ दिलाते शिक्षक

## इग्नू अध्ययन केंद्र पर मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दुर्गा नारायण फतेहगढ़ में शुक्रवार को स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इग्नू अध्ययन केंद्र फतेहगढ़ में महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई, पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता के क्रम में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इग्नू अध्ययन केंद्र फतेहगढ़ कोआर्डिनेटर डॉ. आरएन सिंह द्वारा महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलायी गई और हम अपने आसपास गली, मोहल्ले एवं कार्यस्थल पर गंदगी नहीं फैलायेंगे। सभी ने स्वीकार किया कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया एक कदम पूरे देश को स्वच्छ बनाने में सहायक सिद्ध होगा। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने साफ-सफाई की। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सतेन्द्र मिश्रा तथा प्राध्यापक डॉ. पंचम कुमार, डॉ. मोहम्मद अमीन, सरस पाठक, अनामिका मिश्रा, प्रियांशु सिन्हा एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मानभान सिंह सेंगर, रणवीर सिंह, प्रशांत कुमार, योगेन्द्र सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पोस्टर प्रतियोगिता में टुबा नाज प्रथम व रोली रही द्वितीय


पोस्टर दिखाती छात्रायें एवं मौजूद शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुख़ाबाद सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज में श्री विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा, संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली के सहयोग से, काकोरी ट्रेन एक्शन पर एक अत्यंत सुंदर ढंग से पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 20 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी टुबा नाज़, द्वितीय स्थान रोली तथा तृतीय स्थान वैश्नवी ने प्राप्त किया। कुमारी श्रेष्ठा के निर्देशन में बच्चों ने अत्यंत आकर्षक कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ऐस्तर रोज़ दयाल ने सभी बच्चों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 सितम्बर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर रिक्त सीटो पर पुनः नामांकन और नये ऑन लाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश ले सकते है और अपना ऑन लाइन पंजीकरण कराये। न्यू पंजीकरण प्रवेश की अंतिम तिथि 20 सितम्बर है। निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अंतिम तिथि 29 सितम्बर एवं प्रवेश की अंतिम तिथि 30 सितम्बर तक है। यह जानकारी प्रधानाचार्य ने दी है।

### भाकियू की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 22 सितम्बर को हथियापुर में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत किसानों को सम्बोधित करेंगे। इस संदर्भ में बैठक सम्पन्न हुई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अजय कटियार, अभय यादव, विमलेश शाक्य, पुजारी कटियार, अजय पाल यादव, पवन जोशी, शिवराम शाक्य, अशोक शाक्य, बबलू शाक्य मौजूद रहे।

### आवास का झांसा देकर वृद्धा के प्लाट का भांजे ने कराया बैनामा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरकारी आवास दिलाने के नाम पर वृद्ध महिला को गुमराह कर रिश्तेदार ने प्लाट का बैनामा अपने नाम कर लिया और किसी प्रकार की कोई धनराशि नहीं दी। जानकारी होने पर पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगायी। जानकारी के अनुसार थाना कादरी गेट के ग्राम अमेठी जदीद निवासी जमीला पत्नी स्वर्गीय गनी 70 वर्षीय ने क्षेत्राधिकार को दिए गए प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि उसका अमेठी जदीद स्थित एक आवासीय प्लाट है जो उसके नाम से है और वह अपनी पुत्री फरजाना के पास दिल्ली में रह रही थी। इस दौरान भांजा इसरार मोहम्मद उर्फलल्ला पुत्र कमल निवासी अमेठी जदीद ने सरकारी कॉलोनी दिलाए जाने का आश्वासन देकर वह दिल्ली से मुझे फर्रुखाबाद ले आया और एक योजना के तहत मेरे साथ षड्यंत्र कर मेरे आवासी प्लांट का बैनामा करा लिया। लल्ला की बहन नसीम पत्नी जाकिर, इमरान पुत्र शकूर, सीमा पत्नी पप्पू निवासी अमेठी मौजूद थे। सभी लोगों ने मिलीभगत से कॉलोनी का फॉर्म भरवाये जाने की बात कहकर 30 मई 2025 को मेरे आवासीय प्लाट का बैनामा नसीम पत्नी जाकिर के नाम कर लिया। इसमें इमरान व सीमा को गवाह बनाया। विक्रेता के मोबाइल की जगह लगते अपना मोबाइल लिखवा दिया। जब मुझे जानकारी हुई तो मैंने इसका विरोध किया तो मेरे साथ गाली-गलौज कर जान माल की धमकी दी। मैने थाना मऊदरवाजा में भी शिकायत की पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज करने न्याय दिलाए जाने की गुहार लगायी।

# पांच खिलाड़ियों का प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंडलीय कलारीपयट्टू प्रतियोगिता में जनपद की टीम चैंपियन बनी। 5 खिलाड़ियों का प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। शुक्रवार को जी.एन.के. इंटर कालेज सिविल लाइन कानपुर में मंडलीय विद्यालयी कलारीपयट्टू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में जनपद के 5 खिलाड़ियों ने प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए मंडल टीम में स्थान पक्का कर जनपद को टीम चैंपियनशिप ट्रॉफी दिलाई। कोच के रूप में संजीव कटियार ने टीम को मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया। मंडलीय टीम में चयनित खिलाड़ी 19


छात्र को सम्मानित करते शिक्षक

से 21 सितंबर तक के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कलारीपयट्टू प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी अहिल्याबाई होलकर इंटर कॉलेज, दीपक, श्याम सुंदर कंपोजिट विद्यालय, अर्जुन, प्रशांत का चयन किया गया।

# काकोरी ट्रेन एक्शन पर चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित काकोरी ट्रेन एक्शन चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

काकोरी ट्रेन ऐक्शन स्वतंत्रता संग्राम की एक महत्वपूर्ण घटना है, जिसमें क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश राज द्वारा भेजी जा रही सरकारी धनराशि को लूट कर ब्रिटिश सरकार को चुनौती दी थी, ताकि उस अधीनता को भेदने और विविध क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए फंड जुटाया जा सके। संस्था सचिव ने बताया इसमें मुख्य क्रांतिकारी थे राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खान, राजेंद्र नाथ लाहिरी सहित कुल 10 क्रांतिकारी थे। यह घटना लोगों में यह विश्वास जगाने


पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रायें

वाली थी कि अंग्रेज सरकार से सिर्फ़ शांतिपूर्ण तरीकों से नहीं, बल्कि संकल्पित क्रांतिकारी कदमों से भी लड़ाई की जा सकती है। आकांक्षा सक्सेना ने कहा कि इसमें सभी क्रांतिकारियों द्वारा मिलकर कार्य करना, उनके बलिदान ने सामाजिक एकता की भावना को मजबूत किया। काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता विभिन्न स्कूल भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज, एनकेपी इंटर कॉलेज, मदन मोहन कनोडिया इंटर कॉलेज, महादेवी वर्मा राजकीय इंटर कॉलेज, रामानंद बालिका इंटर कॉलेज, मोहन लाल शुक्ला इंटर कॉलेज, सिटी गर्ल्स इण्टर कॉलेज, सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर, सरस्वती विद्या मन्दिर श्याम नगर, सरस्वती विद्या मन्दिर फतेहगढ़, सीपी इंटरनेशनल, ज्ञानफोर्ट पब्लिक स्कूल, डीएसबीडी स्कूल, सनबीम पब्लिक स्कूल, जयपुरिया स्कूल, सीपी विद्या निकेतन कायमगंज के छात्रों ने हिस्सा लिया एवं ककोरी ट्रेन एक्शन से संबंधित चित्र बनाये। चित्रकला प्रतियोगिता संयोजक अरविन्द दीक्षित, अखिलेश पाण्डेय, डॉ. समरेंद्र शुक्ला, अर्पण शाक्य, नरेंद्र मिश्रा, अनुपम पाण्डेय, सुबोध शुक्ला, कुलभूषण श्रीवास्तव, अमन अवस्थी, बरखा, आदेश अवस्थी ने सभी विद्यालयों में व्यवस्था में सहयोग किया। संयोजक अनुराग अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्रों में से प्रत्येक विद्यालय से टॉप 3 छात्रों को पुरस्कृत किया जायेगा एवं सभी छात्रों को प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

# विकसित भारत-2047 की अवधारणा पर प्रबुद्धजनों ने दिये सुझाव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में विकसित भारत/ 2047 की अवधारणा पर प्रबुद्धजनों व जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया के साथ विचार गोष्ठी/संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सांसद मुकेश राजपूत ने विचार रखते हुए कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिये उन्हें बेहतर मंडी की सुविधा उपलब्ध करानी होगी। जनपद में प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना कराई जाये, जनपद की रोड व रेल कनेक्टिविटी में सुधार किया जाये। कासगंज से अलीगढ़ तक नई रेलवे लाइन बनाने व जनपद को हवाई कनेक्टिविटी से भी जोड़ने का सुझाव दिया। अध्यक्ष जिला पंचायत ने लिंक एक्सप्रेस-वे के लिये अधिग्रहित की


विचार गोष्ठी/संवाद कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधि व डीएम

जा रही जमीन के सर्किल रेट बढ़ाने, स्वयं सहायता समूहों को बाजार उपलब्ध कराने, जरदोजी ब्लॉक प्रिंटिंग को बढ़ावा देने व उनका प्रशिक्षण कराने व आधुनिक खेती को बढ़ावा देने व कृषकों को बाजार उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। विधायक अमृतपुर ने कायमगंज से फर्रुखाबाद बाईपास पूर्ण कराने, गँगा के किनारे एक और बाईपास बनाने, बाढ़ रोकने के उपाय करने, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सी0सी0 रोड बनान, एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ाने, चीनी मिल कायमगंज की क्षमता वृद्धि का सुझाव दिया। विधायक भोजपुर ने ग्रामीण जीवन को आगे बढ़ाने, जनपद को मेडिकल कालेज की सुविधा उपलब्ध कराने, नमकीन उद्योग को ओ0डी0ओ0पी0 से जोड़ने का सुझाव दिया।

विधायक कायमगंज ने इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, एटा अलीगंज रोड का चौड़ीकरण कराने, चीनी मिल का उच्चीकरण कराने, लोहिया अस्पताल का उच्चीकरण कराने व पितौरा फ्रूट फैक्टरी को दोबारा शुरू करने का सुझाव दिया।

प्रबुद्धजनों ने मीडिया से भी संवाद किया व उनके विचार सुने। गोष्ठी में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी व आमजन मौजूद रहे।

## सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित


कार्यशाला में मौजूद भाजपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आयोजित भाजपा पश्चिमी मण्डल कार्यशाला में वरिष्ठ भाजपा नेता आदित्य मिश्रा, प्रमुख वक्ता के रूप में जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबिता पाठक व कार्यक्रम संयोजक आरके दीक्षित नेतृत्व के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सभी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं0 दीनदयाल उपध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने कहा कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन 17 सितम्बर को सेवा दिवस के रुप में मनाया जायेगा। जिसमें सभी लोग बढ़-चढ़कर भाग लें। इस मौके पर बिल्लू सक्सेना,मान प्रमोद मिश्रा, मान रामकिशोर सैनी, अनिल श्रीवास्तव, ऊधन राजपूत, मुकुल अग्निहोत्री, पंचशील शाक्य, मान गौतम दुबे, रीता शुक्ला, आकाश शंखवार, जावेश राठौर, अभिषेक मिश्रा, विकाश पाठक, प्रमेंद्र शाक्य, संजय प्रजापति, राजू दुबे, नरेंद्र वर्मा, रामू अग्निहोत्री, रोहित त्रिवेदी, जनार्दन त्रिवेदी, सोनू पाण्डेय, शुभम सक्सेना, अतुल सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# प्रशिक्षुओं को फायर सर्विस में बीए सेट का दिया प्रशिक्षण


कार्यशाला में प्रशिक्षण लेते प्रशिक्षु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में अग्नि सचेतक/फायर वालंटियर योजना के अंतर्गत अग्निशमन तथा आपात सेवा के अग्निशमन केंद्र फतेहगढ़ पर लीडिंग फायरमैन विनोद सिंह व एफएम शिवम कुमार द्वारा प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षुओं को विस्तार पूर्वक स्टेशन पर फायर सर्विस में बीए सेट क्या होता है, इसके पार्ट्स और इसकी उपयोगिता क्या है बतायी गई।

एफएम शिवम कुमार द्वारा कार्यशाला में बताया गया कि जहाँ भी धुंवा या जहरीली गैसे होती है या ऑक्सीजन की जहां कमी होती है वहां इस बीए सेट का प्रयोग किया जाता है व इसको पहनने का तरीका पहनकर और प्रशिक्षुओं को पहनाकर कैसे धुंवा व गैस में घुसते है बताया गया। फायर टेंडर से हो लगाकर आग जलाकर उसको बुझाकर भी दिखाया गया व प्रैक्टिस कराया गया।

एफ एम आशीष उपाध्याय द्वारा फायर सर्विस कैसे आग पर साहस व दृढ़ता से काम करती है सब कुछ का बहुत बारिकी से अध्ययन कराया गया व फायर एक्सटिंगईशेर चलाने की विधि विस्तार पूर्वक बताई गयी।

## टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में कानपुर मण्डल में कनोडिया स्कूल रहा अव्वल



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज की टेबिल टेनिस टीम ने कानपुर में आयोजित मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 9 सितम्बर से 11 सितम्बर तक डोरी लाल स्टेडियम बरेली में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चतुर्थ स्थान पर रहकर सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया है। विद्यालय की छात्राओं में सृष्टि राजपूत, अंशिका सक्सेना, वंशिका सक्सेना व खुशी ने विद्यालय की शिक्षिका ममता शुक्ला के साथ प्रतियोगिता में अभ्यास किया। साथ ही टीम के कोच प्रदीप कुमार अवस्थी ने छात्राओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अभ्यास कराया। साथ ही राज्य पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी के सहयोग से विद्यालय स्तर पर उपकरण भी उपलब्ध कराये गये। आगामी वर्ष के लिए टीम की जीत के लिए प्रैक्टिस करायी गई। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी, प्रबंधक सुनील अग्रवाल, शिक्षिका पूनम शुक्ला ने टीम व कोच को बधाई दी। जिला नोडल क्रीड़ाधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालय की छात्राओं को बधाई दी।

# सपा सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को मोहम्मदाबाद स्थित एक गेस्ट हाउस में समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष केके यादव ने की। संचालन जिला महासचिव अमित यादव ने किया। आयोजक अखिलेश सिंह रहे।

मुख्य अतिथि कैप्टन जय सिंह शाक्य रहे। सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने-अपने विचार व्यक्त किये। प्रदेश सचिव रामाधार सिंह ने कहा कि 2027 में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है और सपा सरकार को बनाना है। प्रदेश सदस्य बृजेश कुमार राव ने कहा कि यह मौजूदा भाजपा सरकार वोट चोरी करके बनी है, इसीलिए इस निकम्मी


बैठक में पीडीए पोस्टर दिखाते पदाधिकारी

सरकार को उखाड़ फेंकना है। सभी ने एक ही स्वर में कहा 2027 में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। इस अवसर पर छोटे सिंह, राजू शर्मा, ओम प्रकाश, सर्वेश सिंह, भूपेंद्र सिंह, रुमाल सिंह, रूप सिंह, मनोज कुमार, मनोज कुमार, हरमोहन सिंह यादव, सौदान सिंह, राकेश सिंह, राजेश कुमार, कश्मीर सिंह, राजेंद्र सिंह मौजूद रहे। सभी ने नेत्रपाल सिंह जिला सचिव के गांव रूपनगर जाकर दुःख की घड़ी में उनकी भाभी के शांति पाठ में सभी पदाधिकारी सम्मिलित हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जंगली जानवरों के अस्तित्व के लिए खतरा बनी बाण सागर नहर

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



मध्य प्रदेश के देवलौद स्थित बाण सागर बांध से निकली बाण सागर नहर उत्तर प्रदेश व बिहार को पानी देने वाली बाण सागर नहर जंगली जानवरो के अस्तित्व के लिए खतरा बना हुआ है।

मध्य प्रदेश से खुदाई कर पहाड़ से होकर निकली बाण सागर नहर हलिया जंगल के जंगली जानवरो के अस्तित्व के लिए खतरा बना हुआ है हलिया जंगल से होकर अदवा बैराज से मेजा बांध के लिए निकली नहर के दोनों तरफ सुरक्षा के लिए तार फैसिंग का कार्य कार्यदाई संस्था द्वारा नहीं कराये जाने से नहर मे गिरकर जंगली जानवर अपनी जान गवा रहे है। जबकि नहर की खुदाई के दौरान वन विभाग व बाण सागर नहर परियोजना के बीच करार हुआ था की नहर की दोनों तरफ जंगली जानवरो के सुरक्षा के लिए तार फैसिंग का कार्य कराया जायेगा। लेकिन बाण सागर परियोजना के लापरवाही के कारण आज तक जंगल से होकर गुजरी बाण सागर नहर के दोनों तरफ तार फैसिंग का कार्य नहीं होने से जंगली जानवर बाण सागर नहर मे गिरकर अपनी जान गवा रहे है।

अगर इसी तरह से जंगली जानवर बाण सागर नहर मे गिरते रहे तो एक दिन जंगली जानवरो का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा।

वन विभाग द्वारा कई बार नहर के दोनों तरफ तार फैसिंग तार का कार्य कराने के लिए बाण सागर परियोजना से पत्राचार किया है। लेकिन आज तक तार फैसिंग का कार्य बाण सागर परियोजना द्वारा नहीं कराया गया है। तत्कालीन रेंजर भास्कर प्रसाद पाण्डेय द्वारा कई बार तार फैसिंग के लिए पत्राचार किया गया था लेकिन आज तक कार्य को पूरा नहीं कराया गया है।

# ट्रेन से गिकर युवक की मौत

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय थाना क्षेत्र के गुर्गी गांव निवासी एक युवक ट्रेन से मुंबई से वापस अपने घर लौट रहा था की मिर्जापुर रेलवे स्टेशन से पांच सौ मीटर पहले युवक ट्रेन से नीचे गिर गया जिससे ट्रेन की चपेट मे आने से युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने घटना की सूचना युवक के परिजनों को देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों मे कोहराम मच गया है।

थाना क्षेत्र के गुर्गी गांव निवासी भूप नारायण मौर्य का 24 वर्षीय पुत्र पुष्पराज मौर्य मुंबई मे रहकर कार्य करता था की मुंबई से वापस घर ट्रेन से लौट रहा था की शुक्रवार की सुबह जैसे ही ट्रेन मिर्जापुर रेलवे स्टेशन से पांच सौ मीटर पहले पहुंची की युवक अचनाक ट्रेन से नीचे गिर गया जिससे ट्रेन की चपेट मे आकर युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने युवक के आधार कार्ड से घटना की सूचना युवक के परिजनों को देते हुए युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना पर परिजनों मे कोहराम मच गया है।

मृतक तीन भाइयों मे छोटा था। इस संबंध मे ग्राम प्रधान गुर्गी रमेश मौर्य ने बताया की मुंबई से वापस घर ट्रेन से लौट रहे गांव निवासी युवक की मिर्जापुर रेलवे स्टेशन से पांच सौ मीटर पहले ट्रेन से नीचे गिरने से ट्रेन की चपेट मे आकर मौत हो गई है। रेलवे पुलिस द्वारा युवक के परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ जिला इकाई ने ने भावा बाजार में बैठक कर मिर्जापुर में जिले की सात विकास खंडों में ज्ञापन सौंप कर मुख्यमंत्री से कार्रवाई करने की मांग की।

जमालपुर नारायणपुर शिखर मझवा सिटी पहाड़ी राजगढ़ खंड विकास अधिकारियों को सौंपे पत्रक में जिला अध्यक्ष उपेंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि इस समय किसानों की धान की फसल यूरिया खाद और कीटनाशक दवा मांग रही है पर समितियां पर यूरिया खाद और कीटनाशक नहीं है प्राइवेट दुकानों पर मनमाना दाम किसानों से लिया जा रहा है जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है साथ ही यूरिया खाद न मिलने से किसानों की फसल बर्बाद हो रही है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी बाजारों में प्राइवेट कीटनाशक एवं रासायनिक खाद की दुकान खुली हुई है जहां पर बोर्ड लगा हुआ है कि 266 रुपए 50 पैसे में यूरिया प्रतिबोरी लेकिन वहां जाने पर पता चलता है कि साढे 300 रुपए प्रति बोरी यूरिया और उसके साथ कुछ ना कुछ 50 से लेकर 80 रुपए तक का जिंक सल्फर या अन्य केमिकल उसके साथ दिया जा रहा है साथ ही किसानों को बिक्री रसीद भी नहीं दी जा रही है जिससे किसान अपना कोई प्रूफ जारी कर सके।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस समय सिंचाई की भी आवश्यकता है पर नहरो की पटरिया एवं नहरे सिल्ट से पटी हुई हैं जिसका अभी तक मरम्मत नहीं हुआ जिसके कारण टेल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है उसको तुरंत साफ कराया जाए साथ ही जो ट्यूबवेल लगे हुए हैं उनको सुचारु रूप से चलने के लिए निर्बाध रूप से बिजली बराबर दिया जाए एवं रवि की बुवाई के लिए उत्तम बीज एवं खाद का समितियां एवं दुकानों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता से निश्चित कराई जाए जिससे किसानों का भला हो सके।

## खबरें एक नजर में

### अधिशाषी अभियंता व अवर अभियंता ने की ठेकेदार के साथ अभद्रता

**आक्रोशित ठेकेदारों ने संघर्ष का किया ऐलान**



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** ठेकेदार कल्याण समिति जनपद- महराजगंज द्वारा एक आपातकालीन बैठक फरेंदा में बुलाई गयी। जिस?में लोक निर्माण विभाग गोरखपुर में ठेकेदार लल्लन दूबे को सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता द्वारा अपने विभागीय कमरे में बंद करके उनके साथ किए गए अभद्र व्यवहार के बारे में बैठक में उपस्थित सभी ठेकेदार साथियों को अवगत कराया गया। बैठक को ठीकेदार संघ के अध्यक्ष प्रभाकर उपाध्याय द्वारा सम्बोधित किया गया। उपाध्याय ने कहा कि सहायक अभियन्ता व अवर अभियन्ता के द्वारा ठेकेदार के साथ किया गया कृत्य अशोभनीय एवं निंदनीय है साथ ही साथ उन्होंने शासन प्रशासन से मांग किया कि उक्त घटना की उच्च स्तरीय जाँच समिति गठित कर किया जाय जिससे दूध का दूध पानी का पानी साफ हो जाय। ठेकेदार लल्लन दूबे के साथ किए अभद्र व्यवहार के दोषी सहायक अभियंता व अवर अभियंता के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाय। यदि प्रशासन उक्त मामले का निस्तारण नहीं किया तो समस्त ठेकेदारों के साथ जनपद महराजगंज के साथियों के साथ धरना प्रदर्शन एवं कार्य रोको प्रास्ताव पारित करके किसी भी विकास कार्य में सहयोग नही किया जायेगा ।जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला शासन प्रशासन की होगी। बैठक में ठेकेदार संघ के संरक्षक संजय प्रकाश सिंह द्वारा लल्लन दूबे के साथ हुए र्दुव्यवहार की कड़ी निंदा की गयी और कहा गया कि ठेकेदार और अभियन्ता विकास की एक धुरी हैं। यदि अलग होंगे तो प्रदेश की प्रगति बाधित होगी। ऐसी स्थिति में प्रशासन को तत्काल दोषी व्यक्तियो के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करके मामले का पटाक्षेप करें। आयोजित बैठक में हृदय पाण्डेय, सुनील राय, हरिनन्दन उपाध्याय, सैयद महबूब, सिद्धार्थ पाण्डेय,राकेश गुप्ता, चंदन तिवारी, मनीष सिंह,अभय सिंह, प्रमोद सिंह, अजय यादव, आशुतोष मिश्रा, चुन्नू दूबे, अमित तिवारी, हरिहर? यादव, वेद राय, रिकूं सिंह, प्रदीप नायक, राजन पाठक , लक्ष्मीकांत तिवारी, हरिकेश कसौधन, विजय पांडेय, गोविन्द, सत्यवान पाठक, व राजकुमार यादव सहित सैकड़ो ठेकेदार उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई में आये दो मामले, एक का मौके पर हुआ निस्तारण




**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** सिंदुरिया थाना परिसर में आज शुक्रवार को दोपहर 2 बजे जनसुनवाई का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय ने जनसुनवाई की अध्यक्षता की। जनसुनवाई में कुल दो मामले सामने आए। इनमें से एक मामला पुलिस विभाग से और दूसरा राजस्व विभाग से संबंधित था। थाना प्रभारी ने एक मामले का निस्तारण मौके पर ही कर दिया। दूसरे मामले के समाधान के लिए टीम का गठन किया गया है। थाना प्रभारी ने टीम को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### नशे में धुत बाइक चालक ने मारी ठोकर, हालत गंभीर

**अस्पताल से छुट्टी होने के बाद घर पहुंचते ही मौत, आरोपी गिरफ्तार**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना 9 अगस्त शाम 7 बजे बड़ी नहर रोड की है। जगदम्बा अपने बहनोई गोविन्द वर्मा के साथ सड़क किनारे खड़े थे। धरमौली पुल की तरफ से आ रही मोटरसाइकिल ने उन्हें ठोकर मार दी। आरोपी चालक विजय शर्मा कप्तानगंज के सिसवा शुक्ल का निवासी है। स्थानीय लोगों के अनुसार वह नशे में चूर था। लोगों ने मौके पर ही उसे पकड़ लिया। घायल जगदम्बा को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परतावल ले जाया गया। वहां से उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया। बाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया। 12 दिन के इलाज के बाद 21 अगस्त को डॉक्टरों ने उन्हें छुट्टी दे दी। घर पहुंचते ही दुर्घटना में आई चोटों के कारण उनकी मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों की शिकायत पर 11 सितंबर को देर रात आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# खोये मोबाइल पाकर खिले चेहरे



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर सोमेन बर्मा के निर्देशन में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हलिया पुलिस द्वारा सीईआईआर पोर्टलस के माध्यम से दो एंड्रायड मोबाइल फोन की बरामदगी करते हुए सम्बन्धित मोबाइल स्वामी श्याम जी निवासी सिकटा व सीता देवी निवासी सोनगढ़ा को शुक्रवार को सुपुर्द किया गया। जिस पर मोबाइल स्वामी व आमजन द्वारा थाना हलिया पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

मोबाइल बरामद करने वाले टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, उ0नि0 अच्छे लाल यादव, आरक्षी प्रदीप पाल रहे।

# एडीओ एसटी ने सुनी समस्याएं, दिये निर्देश

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**




स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत ददरी व भिटहा गांव में शुक्रवार को शासन के निर्देश पर आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया है। ग्राम चौपाल में पेंशन, आवास, हैंडपम्प, किसान सम्मान निधि, शौचालय, राशन कार्ड की मांग ग्रामीणों ने रखी ग्राम पंचायत ददरी के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी सुशील कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना जिसमे हैंडपम्प, शौचालय आवास व वृद्धा पेंशन के मांग की को रखा। एडीओ एसटी ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया है। ग्रामीणों की मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत भिटहा के पंचायत भवन परिसर में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी सुशील कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जिसमें पेंशन, आवास, हैंडपम्प प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय तालाब खुदाई की मांग को ग्रामीणों ने रखी जिसमे एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का भरोसा दिया है। इसके बाद ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यो का एडीओ एसटी ने स्थलीय निरीक्षण किया है। इस संबंध में एडीओ एसटी सुशील कुमार ने बताया की ग्राम पंचायत ददरी व भिटहा में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, शौचालय,राशन कार्ड, हैंडपम्प मरम्मत की मांग को रखा। मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है।

### नौतनवा में उपनिबंधक के विरुद्ध सातवें दिन भी अधिवक्ता का धरना जारी



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** विधानसभा नौतनवां क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं किसान नेता नागेंद्र शुक्ला एडवोकेट ने उप निबंधक के विरुद्ध आज सातवें दिन भी धरना जारी रखा है जिसमें तमाम अधिवक्ताओं ने सातवें दिन भी धरने का समर्थन किया है। धरने का समर्थन करने वालों में शेखसमसुद्दीन खान, अनिल शर्मा राजेश चौधरी अनीश त्रिपाठी अम्बरीश मौर्य कुलदीप श्रीवास्तव मुकेश तिवारी रामअजोर यादव अशोक तिवारी जगनारायण विश्वकर्मा अनिल चौधरी लखन श्रीवास्तव की अलावा रेवेन्यू बार एसोसिएशन नौतनवा के पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र पांडेय ने भी उपनिबंधक के विरुद्ध धरने का समर्थन किया है।

# अदवा नदी पर स्थित पुल के दोनों क्षतिग्रस्त छोर की मरम्मत शुरू, लोगों ने जाहिर की खुशी

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के अदवा नदी पर स्थित पुल का दोनों छोर बारिश में अदवा बांध का जलस्तर बढ़ने पर अदवा नदी में छोड़े गए पानी के तेज बहाव से पुल का दोनों छोर क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे पुल से होकर आने जाने वाले लोगो व राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था जिसकी खबर दैनिक अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया खबर का अधिकारियो ने संज्ञान लेते हुए पुल के दोनों छोर के मरम्मत कार्य के लिए गिट्टी गिरना शुरू कर दिया है। अदवा नदी के पुल का हलिया की तरफ का एक छोर व हथेड़ा की तरफ का एक छोर क्षतिग्रस्त होकर गड्ढे में तब्दील हो गया है। जिससे पुल से होकर गुजरने वाले माल वाहक वाहनों व ई रिक्शा ऑटो, सवारी बस बाइक सवार चालकों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बाइक सवार पुल के क्षतिग्रस्त गड्ढे में गिरकर चोटिल हो रहे है।

ई रिक्शा भी पुल के क्षतिग्रस्त गड्ढे में पलट रहे है। पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कार्य कराये जाने के लोगो ने एनएचआई के अधिकारियो व कर्मचारियों ने खबर का संज्ञान लेते हुए क्षतिग्रस्त हुए दोनों छोर के गड्ढे मे गिट्टी भरने के लिए ट्रैक्टर ट्राली से गिरना शुरू कर दिया है। इस संबंध में अवर अभियंता एनएचआई शैलेश यादव ने बताया की अदवा नदी पर स्थित पुल के क्षतिग्रस्त दोनों छोर का मरम्मत कार्य शुरू कराने के लिए दोनों छोर पर गिट्टी गिराया जा रहा है।

# कोतवाल को सौंपा पत्रक, गाय की निर्मम हत्या करने वाले की शिघ्र गिरफ्तारी की उठाई मांग

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



पिरल्लीपुर गाँव में गुरुवार को गर्भवती गाय की गला काट कर निर्मम हत्या किए जाने के विरोध में शुक्रवार को आरएसएस, विश्वहिंदू परिषद, भाजपा कार्यकर्ताओं सहित नगर के लोगों ने कोतवाली पहुच कर नारेबाजी करते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए नारेबाजी किया। तत्काल दोषियों की गिरफ्तारी व कार्यवाही की मांग करते हुए कोतवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि गाय हिन्दू समाज के लिए पुजनीय व आस्था का प्रतीक है। इस घटना से बहुसंख्यक समाज आहत है।

कोतवाल रविन्द्र भूषण मौर्य ने कहा कि कोतवाली एवं जिले से कई टीमें लगीं है। कुछ लोगों को चिन्हित किया गया है। शीघ्र ही घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

इस दौरान आरएसएस नगर कार्यवाह विवेक सिंह, जिला गौसेवा प्रमुख पवनकुमार मौर्य, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष भाजपा बचाऊ लाल सेठ, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, महामंत्री अभिलाष राय, आलोक श्रीवास्तव, अजय शेखर पाण्डेय, पूर्व सभासद ज्योति प्रकाश सिंह, किसन मोदनवाल, विकास कश्यप, सुनील यादव, लव श्रीवास्तव, गौतम जायसवाल, राजेश चौहान, संतोष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने दिया जीएसटी को सरल बनाने का आश्वासन




**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

अग्रवाल अतिथि भवन में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने व्यापारियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में जीएसटी को सरल बनाया जा रहा है।

मंत्री ने बताया कि वन नेशन, वन टैक्स की अवधारणा से व्यापारियों को सुविधा मिली है। इससे राज्यों की आय में भी वृद्धि हुई है। छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारियों को विशेष राहत दी गई है। कर रिटर्न भरने की प्रक्रिया भी पहले से आसान हो गई है। कार्यक्रम में व्यापारियों ने अपनी राय रखी। प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल ने कहा कि कर प्रणाली अब सहज हुई है। जिलाध्यक्ष फूल चंद्र अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी से राज्यों में व्यापार सुविधाजनक हुआ है। फर्नीचर व्यापारी मोहम्मद सलीम ने तकनीकी सहायता की मांग की। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि सरकार ने व्यापारियों की समस्याओं का समाधान किया है। व्यापारियों को उम्मीद है कि केंद्रीय मंत्री के प्रयासों से जीएसटी सुधार और मजबूत होंगे। इस दौरान कार्यक्रम में सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बेलसंड में सड़क पर जलभराव से ग्रामीण परेशान

**जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राहुल शर्मा ने ग्रामीणों के साथ सड़क पर दिया धरना, नाली निर्माण की उठाई मांग**



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**

विकास खंड धानी अन्तर्गत ग्राम सभा बेलसंड में सड़क पर जलभराव की समस्या से ग्रामीणों का जीना हराम हो गया है। सड़क के दोनों ओर नाली न होने के कारण बारिश का पानी सीधे सड़क पर भर जाता है और कई दिनों तक जमा रहता है। इससे राहगीरों, स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

फिसलन के कारण लोग कई बार गिरकर घायल भी हो चुके हैं। आज शुक्रवार को ग्रामीणों ने सड़क की समस्या को लेकर आक्रोशित और नाराज़ होकर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राहुल शर्मा के नेतृत्व में सड़क पर धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में पुरुषों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार अधिकारियों को सड़क की समस्या से अवगत कराया गया है लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हो पाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत और नाली निर्माण का काम शुरू नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राहुल शर्मा ने कहा कि यह समस्या बेलसंड के सैकड़ो लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से तुरंत कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

धरना स्थल पर पहुंचे नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल ने बताया कि सड़क की समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों को पत्र भेज दिया गया है, जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की।

ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि वे सिर्फ आश्वासन से संतुष्ट नहीं होंगे। सड़क की मरम्मत और नाली निर्माण शुरू होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

### राहगीरों के लिए मुसीबत बनी प्रेमनगर जाने वाली कीचड़ से लथपथ सड़क



**महराजगंज।** नगर पंचायत आनंदनगर से प्रेम नगर (प्रेम पोखरे) तक जाने वाली जाने वाली सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है मामूली बरसात में तालाब पोखरों में तब्दील हो जाती है। जिससे सब्जी बाजार में आने जाने वाले ग्राहक कतराते हैं अगर यही हाल रहा तो सब्जी बाजार अपना अस्तित्व खो देगा सब्जी विक्रेता भूखमरी के कागार पर आ जाएगें। जबकि इस सड़क से कई प्रमुख इण्टर कालेज के बच्चे भी आते जाते है साथ ही साथ कई प्रमुख सरकारी कार्यालय भी है ।अगर जिम्मेदार तत्काल प्रभाव से मरम्मत कार्य नहीं शुरू कराया तो गड्डे में तब्दील सड़क जानलेवा साबित हो सकती है। नगर पंचायत आनन्दनगर टूटी सड़कों के गड्ढों को ईंट के टुकड़ों से भरा है उसके ऊपर से ईंट भट्ठे की राख डाल दिया। बारिश होते ही यह राख कीचड़ में बदल जाती है ।कई महिनें से सड़क की मरम्मत न होने से राहगीरों को भारी असुविधा हो रही है। इसी सड़क के किनारे नगर पंचायत ने तीन दर्जन दुकानें 20-25 लाख रुपए में नीलाम की हैं, जिनका मासिक किराया एक हजार रुपए है। खराब सड़कों के कारण ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है। बारिश के बाद जब सड़क सूखती है, तो हवा के साथ राख उड़कर दुकानों और खाद्य सामग्री में मिल जाती है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। स्थानीय व्यापियों ने इस समस्या से होने वाली परेशानियों को उजागर किया है। सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी इस समस्या से पूरी तरह से अवगत हैं उन्होंने स्वीकार किया कि सड़क की स्थिति बद से बद्तर है। जल्द ही इसकी मरम्मत करवाई जाएगी।

### जगदौर सीएचसी का मुख्य मार्ग जर्जर



**महराजगंज।** विकास खंड मिठौरा के जगदौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने का रास्ता जर्जर हालत में है। मुख्य मार्ग से अस्पताल तक का रास्ता जगह जगह क्षतिग्रस्त हो गया है। सड़क पर बने गड्ढों में मामूली बारिश का पानी भी भर जाता है। जिससे तालाब पोखरों में तब्दील हो जाता है। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। नालियां जाम होने से पानी जमा रहता है। जिससे मच्छरों प्रकोप बढ़ गया है। मरीजों को मच्छर जनित बीमारियों का खतरा है। स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों को भी आने-जाने में परेशानी होती है। सीएचसी के प्रभारी अधीक्षक मनोज कुमार कुशवाहा ने बताया कि सड़क मरम्मत के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय लोगों की मांग है कि मरीजों और तीमारदारों की इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए।

# केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने कई मुद्दों पर सुनी जनता की समस्याएं

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आज शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय में जनता से जुडी कई जन समस्यो को सुना। आज सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग अपनी तमाम विन्दुओं से समस्याएं लेकर पहुंचे। लोगों ने नामांतरण, खसरा-खतौनी दुरुस्ती और भूमि विवाद के मामले को केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री के सामने रखा।

बिजली उपभोक्ताओं ने अनियमित कटौती, गलत बिलिंग और खराब ट्रांसफार्मर की भी शिकायत की। कुछ लोगों ने अस्पतालों में दवाइयों की कमी और डॉक्टरों की अनुपस्थिति का मुद्दा उठाया। परतावल ब्लॉक की स्वास्थ्य सखी, समूह सखी, आजीविका सखी और विद्युत सखी भी मौजूद रहीं। उन्होंने बीएमएम गायत्री राय का तबादला निरस्त कर उन्हें परतावल में पुनः तैनात करने की मांग की। महिलाओं ने बताया कि गायत्री राय के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियां सुचारु रूप से चल रही थीं। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, सिसवा बाजार के पदाधिकारियों ने सिसवा को तहसील का दर्जा देने की मांग की। उनका कहना था कि इससे नागरिकों को राजस्व, न्यायिक और प्रशासनिक कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। किसानों ने खाद-बीज की उपलब्धता, सड़कों की मरम्मत और सिंचाई की समस्याएं बताईं। ग्रामीणों ने आवास योजना में गड़बड़ियों की शिकायत की। व्यापारियों ने बाजार की साफ-सफाई और पार्किंग व्यवस्था का मुद्दा उठाया।

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फरियादियों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों का समयबद्ध जनता की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करने को कहा । केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने जनता को आश्वासन दिया कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा।